सेंसेक्स 72,641.19 ▲ +539.50
डॉलर 83.093 ▼ +0.007

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 30.0 | 17.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 16.0 | 27.0 |
| पलामू | 30.0 | 16.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 22 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 155, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
हार की हताशा में भारत के लोकतंत्र को ...12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 67,010
चांदी (किलो) 76,270

# ईडी ने अरविंद केजरीवाल को किया गिरफ्तार, जेल से ही चलाएंगे सरकार

**नई दिल्ली।** ईडी ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार रात दो घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल ईडी के समन की बार-बार अवहेलना करने पर गिरफ्तार होने वाले हेमंत सोरेन के बाद दूसरे मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी के मुताबिक यदि केजरीवाल को जेल जाना पड़ता है तो वह जेल से ही दिल्ली की सरकार चलाएंगे।

इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को ही मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा किसी दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति



मनोज जैन की खंडपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फिलहाल अंतरिम राहत देने वाला कोई भी आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। इसके बाद ईडी की एक टीम शाम के समय मुख्यमंत्री आवास पर पहुंची।

हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि ईडी के समन में उस क्षमता के बारे में स्पष्टता का अभाव है जिसके तहत केजरीवाल को पेश होने के लिए बुलाया गया है। उन्होंने एजेंसी पर आगामी चुनावों के बीच परेशान करने के प्रयास का आरोप लगाया।

जवाब में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश विशेष वकील जोहेब हुसैन के साथ एएसजी एस.वी. राजू ने अंतरिम राहत देने का विरोध करते हुए कहा कि कानून सभी व्यक्तियों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए, चाहे उनका ओहदा कुछ भी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री या आम आदमी पार्टी प्रमुख के रूप में नहीं, बल्कि उनकी निजी हैसियत से बुलाया गया था। उन्होंने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उनसे पूछताछ की आवश्यकता पर बल दिया। ईडी ने पिछले सप्ताह उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल को नौवां समन जारी किया था, जिसमें उन्हें गुरुवार को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था।

सीएम ने किसी दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए अदालत का रुख किया और कहा कि उन्हें गिरफ्तार करने का स्पष्ट इरादा है और इसलिए वह एजेंसी के सामने पेश नहीं होंगे।

### ईडी ने कब-कब केजरीवाल को भेजा समन

इससे पहले गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे हाईकोर्ट ने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने कोर्ट से यह भरोसा मांगा था कि अगर वे पूछताछ के लिए ईडी जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है। इससे पहले ईडी ने केजरीवाल को 17 मार्च को 9वां समन भेजा था। केजरीवाल 19 मार्च को समन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। उनकी याचिका पर 20 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने बार-बार समन भेजने को लेकर ईडी को तलब किया। शराब नीति केस में केजरीवाल को इस साल 27 फरवरी, 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी और 2023 में 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज गया था।

# एनआईए ने फरार एक आरोपित को किया गिरफ्तार



**धनबाद/रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार के मगध जोन में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन को पुनर्जीवित और मजबूत करने की साजिश में एक फरार आरोपित विनोद मिश्रा को गिरफ्तार किया है। एनआईए से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार आरोपित को एनआईए की एक टीम ने झारखंड के धनबाद जिले से गिरफ्तार किया। टीम झारखंड में उसके ठिकानों के बारे में इनपुट मिलने के बाद कई दिनों से उसका पीछा कर रही थी। मामले से जुड़ी एफआईआर में आरोपित विनोद मिश्रा उर्फ बिनोद मिश्रा का नाम शामिल था और वह पिछले आठ महीने से फरार था। एनआईए की जांच के अनुसार, वह सीपीआई (माओवादी) उत्तरी क्षेत्र ब्यूरो प्रमुख और पोलित ब्यूरो सदस्य का करीबी सहयोगी और दूर का रिश्तेदार है। उसने अपने घर में वरिष्ठ सीपीआई (माओवादी) नेताओं को आश्रय और रसद प्रदान किया था। एनआईए 31 अगस्त 2023 से मामले (आरसी-26/2023/एनआईए) की जांच कर रही है और अब तक पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा, सोहन दा, बनवारी, बीबी, बाबा, अनिल यादव, अंकुश, लवकुश के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है। सीपीआई (माओवादी) के एक सब-जोनल कमेटी सदस्य को मामले में पहले गिरफ्तार किया गया था। राज्य पुलिस ने शुरू में 10 अगस्त 2023 को विनोद मिश्रा के घर से उसकी गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज किया था, जहां से वह मगध जोन (गया और औरंगाबाद क्षेत्र) में प्रतिबंधित आतंकी संगठन को फिर से सक्रिय करने और मजबूत करने की साजिश रच रहा था।

## एक नजर

### दारोगा मीरा सिंह के ठिकानों पर ईडी का छापा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और कांग्रेसी नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के तुपुदाना स्थित ठिकानों पर गुरुवार सुबह दबिश दी है। जमीन से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम दोनों के ठिकानों पर छापेमारी की है। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों को अब तक मीरा सिंह के ठिकानों से 15 लाख नगद और आठ मोबाइल सहित कई दस्तावेज मिला है।

# साजिशों के खिलाफ झारखंड को झुकने नहीं दूंगी : कल्पना



- **हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया ताकि राज्य का विकास अवरुद्ध हो जाए**
- **बड़ी मुसीबत के बाद राज्य बनाया, अब इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी**

### जेल में ही गुजरेगी हेमंत की होली



**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। अब, 4 अप्रैल तक हेमंत सोरेन रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### बहन-बेटियों को आना होगा आगे

कल्पना सोरेन ने कहा कि हर घर से बहन-बेटियों को आगे आना होगा। केंद्र सरकार राज्य को हर मामले में तिरस्कृत कर रही है, क्योंकि यहां उनकी सरकार नहीं है। आगामी चुनाव में कड़ाई से जवाब देने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि धुमाडीह का ऐतिहासिक मैदान झामुमो संगठन के लिए कर्मभूमि रही है। यहां से दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व विधायक स्व. सालखन सोरेन ने संगठन को मजबूत करने की शुरूआत की थी। कहा कि इस मैदान से शपथ लें कि वोट के माध्यम से विपक्ष की साजिशों को नाकाम करेंगे।

### आंसू को संभालकर रखें

कल्पना सोरेन ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं से मिल रहे सम्मान से पता चलता है कि वे हेमंत सोरेन से कितना प्रेम करते हैं। उनके जेल जाने से परिवार के सदस्यों के साथ हर कार्यकर्ता दुखी है। उनकी आंखों में आंसू है लेकिन आंसू बहाने का नहीं, उसे संभाल कर ताकत बनाने की जरूरत है। बड़ी मुसीबतों के बाद राज्य को बनाया, अब इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

**बेंगाबाद/गिरिडीह।** पति हेमंत सोरेन के महीनों से जेल में होने व हालिया पारिवारिक कलह के लिए कहीं न कहीं घेरे में आई कल्पना सोरेन ने गुरुवार को गिरिडीह के बेंगाबाद में अपना 'बोल्ड फेस' पेश किया। बेंगाबाद के धुमाडीह मैदान में उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा, दिल्ली की साजिशों के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा, मुझे कोई भी कष्ट हो लेकिन झारखंड को झुकने नहीं देंगे। कहा, झारखंड का तेजी से विकास हो रहा है, दिल्ली की सत्ता में बैठे लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं। साजिश के तहत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया ताकि राज्य का विकास अवरुद्ध हो जाए। लेकिन इन साजिशों के खिलाफ वह संघर्ष करते हुए राज्य को आगे ले जायेंगी। किसी भी सूरत में झारखंड को झुकने नहीं देंगी।

**जनता ऐसी ताकतों को सबक सिखायेगी :** राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता के लिए अनगिनत कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# चुनावी बॉन्ड के सभी विवरण चुनाव आयोग को सौंप दिये गए

**खरीदार का नाम, बॉन्ड का मूल्य और विशिष्ट संख्या, राजनीतिक दल का नाम, राजनीतिक दलों के बैंक खाते की संख्या के अंतिम चार अंक और भुनाए गए बॉन्ड के मूल्यवर्ग और उनकी संख्या का किया खुलासा**




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को दायर एक नवीनतम हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने अपने कब्जे और देखरेख में मौजूद चुनावी बॉन्ड के सभी विवरण भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को बता दिए हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा द्वारा दायर अनुपालन हलफनामे में कहा गया है कि खरीदार का नाम, बॉन्ड का मूल्य और विशिष्ट संख्या, राजनीतिक दल का नाम, राजनीतिक दलों के बैंक खाते की संख्या के अंतिम चार अंक और भुनाए गए बॉन्ड के मूल्यवर्ग और उनकी संख्या का अब खुलासा कर दिया गया है। हलफनामे में कहा गया है, राजनीतिक दलों के संपूर्ण बैंक खाता नंबर और केवाईसी विवरण सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं क्योंकि इससे खाते की सुरक्षा (साइबर सुरक्षा) पर खतरा हो सकता है। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### आईपीएल आज से




समय : 22 मार्च, 8 आठ बजे से
स्थान : चैन्नई

### आजकल




धर्मेंद्र व्यास

# भाजपा जो कहती है वह करती भी है : सांसद

### हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/मोहम्मदगंज।** भाजपा ही देश की एकमात्र पार्टी है। जिसकी कथनी व करनी समान है। भाजपा जो कहती है वह करती भी है। भारतीया जनता पार्टी हैदरनगर व मोहम्मदगंज मंडल में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा में ही संभव है कि चाय बेचने वाला भी देश का प्रधानमंत्री



बन सकता है। देश की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने व भारत को पुनः विश्वगुरू के परम वैभव पर पहुंचाने में पीएम मोदी पूरी ईमानदारी से लगे हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी के लिये सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। हैदरनगर में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव एवं मोहम्मदगांज में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने की। कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र सिंह , प्रफुल्ल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर राम, सीबी रमन सिंह, मानिक शर्मा, कामेश्वर सिंह आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला सोशल मीडिया ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## केंद्र सरकार ने झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन को दी जेड श्रेणी की सुरक्षा



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। सीता सोरेन ने बीते 19 मार्च को झामुमो से इस्तीफा देने के तुरंत बाद दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कटैगरी में सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और राजनीति में कदम रख चुकीं कल्पना सोरेन को भी अब वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

## भारतीय रेलवे ने होली की भीड़ को कम करने के लिए

# 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा में किसी भी व्यवधान को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए विभिन्न अनुभागों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान की प्लेटफॉर्म नंबरों के साथ लगातार और समय पर घोषणा के लिए उपाय किए गए हैं।

## इंडिया

# धन से बाहुबल तक पर नजर होगी चुनाव आयोग की



सुनील बादल

**लोक** सभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है और प्यार और युद्ध में कुछ भी अनुचित नहीं शैली भी देखने को मिलेगी जिसपर नकेल कसने के लिए चुनाव आयोग ने विशेष तैयारी की है। जो उम्मीदवार चुनाव में कुल वैध वोटों का कम से कम छठा हिस्सा हासिल नहीं कर पाते हैं, उनकी जमा राशि जब्त हो जाती है। सामान्य उम्मीदवारों के लिए जमा राशि 25,000 रुपये और एससी/एसटी समुदायों के उम्मीदवारों के लिए 12,500 रुपये है। इस जमानत राशि से सैंकड़ों गुना ऊपर, ऊपरी कमाई खर्च होती है। निर्वाचन आयोग ने इस बार चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए जिला स्तर पर नौ टीमें गठित कीं हैं जो चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के खर्च का हिसाब-किताब देखेंगी। इन टीमों के साथ केंद्र एवं राज्यों की 25 एजेंसियों को लगाया गया है। अगर कहीं पर छापा मारने या धरपकड़ करने की नौबत आती है, तो ईडी, बीएसएफ, लोकल पुलिस, आयकर विभाग, आईटीबीपी व डीआरआई सहित दो दर्जन एजेंसियां, अविलंब मौके पर पहुंचेंगी। उक्त 25 एजेंसियों में से कोई न कोई बल या प्रवर्तन इकाई, चुनावी क्षेत्र में मौजूद रहेंगे। चुनाव सात चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी चरण का मतदान, एक जून को होगा। चार जून को वोटों की गिनती की जाएगी। भारतीय चुनाव आयोग ने केंद्र एवं राज्यों को स्पष्ट हिदायत दी है कि वे सख्ती से आचार संहिता का पालन कराना सुनिश्चित करें। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनावी खर्च को लेकर कहा था कि कुछ पार्टियां डमी कैंडिडेट खड़े करती हैं। इसके जरिए वे चुनाव में तय खर्च की सीमा से ज्यादा राशि का इस्तेमाल करते हैं। डमी कैंडिडेट के नाम पर संसाधनों, वाहनों व दूसरी सामग्री का इस्तेमाल, वे अपने मुख्य उम्मीदवार के लिए करते हैं। इस बार चुनाव आयोग ने प्रभावी तरीके से ऐसे खर्च पर नकेल कसने की योजना बनाई है। उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की




प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने व्यापक निर्देश जारी किए हैं। एक सीट के लिए व्यय पर्यवेक्षक, सहायक व्यय पर्यवेक्षक, फ्लाइंग स्क्वाड (एफएस), स्टेटिक निगरानी टीम (एसएसटी), वीडियो निगरानी टीम (वीएसटी), वीडियो देखने वाली टीम (वीवीटी), लेखा टीम (एटी), मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) और जिला व्यय निगरानी समिति (डीईएमसी) का गठन किया गया है। इनके साथ विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी रहेगी। इनमें राज्य पुलिस विभाग, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, आयकर विभाग, एफआईयू-आईएनडी, सीबीआईसी, डीआरआई, सीजीएसटी, एसजीएसटी, राज्य वाणिज्यिक विभाग, ईडी, एनसीबी, सीआईएसएफ, आरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, असम, राइफल्स, आईसीजी, डाक विभाग, बीसीएएस, एएआई, आरबीआई, एसएलबीसी और राज्य वन विभाग शामिल हैं।राज्य उत्पाद शुल्क विभाग को चुनाव प्रक्रिया के दौरान शराब और मुफ्त वस्तुओं के रूप में प्रलोभन देना, वितरण, बिक्री और भंडारण की निगरानी करने के लिए कहा गया है। जीपीआरएस ट्रैकिंग का उपयोग कर एफएस/एसएसटी के कामकाज और संचालन की बारीकी से निगरानी की जाएगी। अधिक पारदर्शिता और चुनाव खर्चों की निगरानी में आसानी के लिए, उम्मीदवारों को एक अलग बैंक खाता खोलना होगा। चुनाव का खर्च केवल उसी खाते से किया जाएगा। आयकर विभाग को राज्यों के हवाई अड्डों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट्स (एआईयू) को सक्रिय करने और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में बड़ी मात्रा में धन की आवाजाही की जांच करने के लिए खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इसके लिए ऐसे नियंत्रण कक्ष और शिकायत निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान 24 घंटे कार्यरत रहेंगे। चुनाव आयोग सी विजील एप में मिली शिकायत पर भी त्वरित कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी।

# हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ गोंदा पुलिस के नोटिस पर लगाई रोक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को गोंदा पुलिस के 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। पुलिस के द्वारा ईडी के अधिकारियों को दिए गए 41ए के नोटिस को लेकर ईडी की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका पर जवाब के लिए राज्य सरकार की ओर से एक सप्ताह के समय की मांग की गई। कोर्ट ने राज्य सरकार को समय देते करते हुए एक सप्ताह के बाद मामले की सुनवाई की तिथि निर्धारित की। कोर्ट ने ईडी अधिकारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोकने संबंधी अगले आदेश तक जारी रखा है। ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू एवं अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। यह एफआईआर झारखंड पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी/एसटी पुलिस थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी द्वारा की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है।

## एक नजर

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा गांव से अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात मुख्य पथ पर धर दबोचा। पुलिस का वाहन आता देख चालक भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि कोयल व सोन नदी से अवैध तरीके से उत्खनन कर बालू का कारोबार करने वालों के विरुद्ध पुलिस की लगातार छापामारी कर रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब व बालू के कारोबार के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी। जब्त बालू लदे वाहन की सूचना जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई के लिये दे दी गई है।

### सर्पदंश से महिला गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज प्रखंड के नदी पर गांव निवासी गुलाब यादव की 35 वर्षीय पत्नी कमला देवी को विषैले सांप ने डंस लिया। अचेतावस्था में परिजन उन्हें इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि वह खेत में काम करने गई थी, उसी क्रम में विषैले सांप ने डंस लिया।

### एनसीपी नेता भाजपा में शामिल

**मोहम्मदगंज।** भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में गुरुवार को मुख्य अतिथि पलामू सांसद सह पलामू लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने एनसीपी नेता विश्वनाथ प्रसाद मेहता और वरिष्ठ समाजसेवी कामता मेहता को पार्टी का पटका वस्त्र देकर भाजपा में शामिल कराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर वे पार्टी में शामिल हुए हैं।

## देवरी मस्जिद में कुरान -ए -पाक तरावीह की नमाज संपन्न

# रहमतों के बाद गुनाहों से माफी का अशरा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के देवरी मस्जिद में चांद रात से चल रही नमाजे- ए - तरावीह बुधवार की रात हाफिज सब्बीर कारी ने संपन्न कराई। इस दौरान रोजेदारों ने नमाज अदा करने और सुनने का सवाब पाया। जिसके समापन के बाद देश दुनिया में अमन और देश की खुशहाली और तरक्की के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद रोजेदारों ने हाफिज को नजराना व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मस्जिद के पेश इमाम कलाम अंसारी ने कहा कि रमजान की चांद नजर आने के बाद शुरू होने वाली विशेष नमाज तरावीह की काफी अहमियत है। अपने रब को राजी करने के लिए रात ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज लोग घंटों खड़े होकर पढ़ते हैं। साथ ही कुरान पाक भी सुनते हैं। उन्होंने कहा कि तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफजल है। अल्लाह इस महीने में बंदों के लिए अज्र बढ़ा देता है। एक नेक काम करने पर 70 नेक कार्यों का सबाब खुदा अपने बंदों को देता है। माहे रमजान में अल्लाह पाक ने खासकर गरीबों का ख्याल रखने का हुक्म दिया है। देवरी मस्जिद कमिटी के संरक्षक शकील अहमद ने कहा कि इस्लाम में रमजान के तीस दिनों को तीन अशरों में बांटकर उनकी अलग-अलग अहमियत बताई गयी है। पहले दस दिनों का अशरा रहमतों का होता है। दूसरा अशरा गुनाहों से माफी और तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का है। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष निजाम खान, सचिव तनवीर अहमद, सैयद नौशाद अहमद, जुबैर अहमद, अफरोज खान,आरजू खान, सैयद अफान मीर, सैयद कामरान मीर, वकील अहमद, शमशेर खान, इरफान खान,जाशिम अंसारी मौजूद थे।

### राजद का होली मिलन समारोह आज



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के मोतीराज महिला कॉलेज के राधे कृष्ण मैदान में 22 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के द्वारा होली मिलन समारोह की तैयारी जोरों पर चल रही है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि होली मिलन समारोह में भोजपुरी गायक मगध सम्राट सुदर्शन यादव और सिवान के सिरीजानंद पांडेय के बीच दुगोला कार्यक्रम रखा गया है। सुबह दस बजे से शाम छ बजे तक रंगारंग कार्यक्रम होना तय है। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव सहित झारखंड बिहार राज्य के राजद के कई बड़े नेता भाग लेंगे।

# जावा महुआ व अवैध शराब को किया नष्ट

### एसपी के निर्देश पर पुलिस ने कादल कुर्मी में चलाया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लोकसभा चुनाव और होली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध गुरुवार को कादलकुर्मी गांव में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ व अवैध शराब को जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया। पुलिस के आने की भनक पाकर कारोबारी मौके से फरार हो गए। मौके से 65 किग्रा जावा महुआ तथा कई लीटर तैयार महुआ शराब को नष्ट किया गया। छापामारी दल को देखकर शराब माफियाओं ने निर्माण स्थल से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पिपरा में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भारतीय जनता पार्टी पिपरा प्रखंड के कार्यकर्ताओं का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पिपरा बाजार में आयोजित किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय मेहता व संचालन चंदन कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है। इसके लिए कार्यकर्ता गांव-गांव भ्रमण करते हुये लोगों को पार्टी की नीति-रीति व पीएम नरेंद्र मोदी के विजन की जानकारी दें। वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुटता के साथ सांसद वीडी राम को प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करायें। मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, कर्नल डॉ. संजय सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, पंकज मेहता, अनिल प्रजापति, सत्येंद्र सिंह, सहेंद्र दुबे, प्यारे राम, अरुण राम, रामाशीष सिंह, मनोज सिंह, कपिलदेव राय मौजूद थे।

### नाबालिग को भगाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज, छानबीन शुरू

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने थाना में नबीनगर थाना जिला औरंगाबाद बिहार निवासी दशरथ प्रजापति उर्फ राजा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपी अक्सर मोबाइल पर उनकी बेटी से बातचीत किया करता था। वह उसे बहला-फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर घर से भगा ले गया है। उनकी पुत्री घर से पचास हजार रूपये नगद, एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन भी साथ लेकर गयी है। उन्होंने बताया कि आरोपी दशरथ हुसैनाबाद में एक निजी क्लीनिक में काम किया करता था। घटना के बाद से वह क्लीनिक भी नहीं आ रहा है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लड़की के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### पूर्व डीआईजी सह पार्टी के केंद्रीय महासचिव का स्वागत

## आजसू ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** आजसू प्रखंड कमेटी की ओर से गुरुवार को रानी मैरेज हॉल में सम्मान सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व डीआईजी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री रंजन ने कहा कि झारखंड की माटी से जुड़े पार्टी प्रमुख सुदेश महतो के विजन और विचारों को आगे बढ़ाना उनका ध्येय है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सह केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामजी पासवान, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, कपेश्वर सिंह, अखिलेश मेहता आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह व संचालन जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया अनिल सिंह, धर्मेंद्र पटेल, कामता शर्मा, विकास सिंह, इरशाद आलम, गुप्तेश्वर सिंह उपस्थित थे।

### युवती और वृद्ध महिला का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** जिले के पड़वा और पाटन थाना क्षेत्र के अलग अलग कुएं से युवती और वृद्ध महिला की शव बरामद की गयी। दोनों डेड बॉडी का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में गुरुवार को किया गया। घटना को लेकर छानबीन में पुलिस जुटी हुई है। पाटन थाना क्षेत्र के महुलिया में सीमा कुमारी (18) का शव गांव के ही कुएं से बरामद किया गया। सीमा बुधवार की शाम घर से निकली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को कुएं से निकालकर कब्जे में लिया। एमआरएमसीएच में सीमा के फूफा नन्दू भुइयां ने इस संबंध में जानकारी दी। दूसरी घटना पड़वा थाना क्षेत्र के रजहारा गांव में हुई। यहां करमी देवी (65) पति बुधन राम का शव गांव के कुएं से बरामद किया गया। घटना बुधवार रात की बतायी गयी है।

## ब्लैक शीशा लगाने वाले वाहनों पर ट्रैफिक प्रभारी ने की कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिश्मा रामेशन के आदेश पर लोक सभा चुनाव को लेकर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के द्वारा रेड़मा चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में एक ब्लैक शीशा लगा कार को जब्त कर उसे फाइन के लिए डीटीओ ऑफिस को भेजा गया है। इस संबंध में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि बहुत से लोग अपनी गाड़ी के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगवा लेते हैं। ऐसा लोग शौकिया या स्वैग जमाने के लिए करते हैं। गाड़ी के शीशे काले करवाना यातायात के नियमों का उल्लंघन है। साथ ही गैरकानूनी भी है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक रूल्स के अनुसार कार के शीशों पर जीरो विजिबिलिटी वाली ब्लैक फिल्म लगाने पर चालान करने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी की शीशों में काली फिल्म नहीं लगा सकता है। पुलिस समय-समय पर काली शीशों वाली गाड़ियों पर कार्रवाई कर रही है और उन गाड़ियों का चालान भी काटा जा रहा है। उन्होंने बताया की काले शीशे लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी है या वीआईपी. इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है और न ही जनता को। काले शीशे लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए होता है। कारों से हत्या और अपहरण की वारदातों को अंजाम दिया जाता रहा है। आपराधिक चरित्र वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते रहे हैं। इसीलिए काले शीशों को बैन किया गया है।

## सांसद ने शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढांढस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गुरुवार को मोहम्मदगंज में आयोजित भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकताओं की बैठक में शामिल होने के बाद पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने सोनबरसा गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह और अशर्फी सिंह की पत्नी के निधन पर उनके घर जाकर परिजनों को सांत्वना दिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, नरेन्द्र सिंह, रामराज पासवान, अखिलेश मेहता, अजय गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रफुल सिंह, रविन्द्र सिंह, विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

### फुटपाथ विक्रेता संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

## होली मिलन में जमकर उड़े अबीर-गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** फुटपाथ विक्रेता संघ के द्वारा छतरपुर बाजार में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा, संघ के संरक्षक और समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, शिशु विद्या भारती के निदेशक अरुण ठाकुर, समाजसेवी कामेश्वर पासवान, अरुण ठाकुर, फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर, कोषाध्यक्ष गोकुल प्रसाद, मोहन चंद्रवंशी, विंध्याचल विश्वकर्मा, लालमोहन गुप्ता, सेवक यादव, विश्वनाथ चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता ने सभी को परस्पर सौहार्द के साथ पर्व मनाने के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान इलाके के प्रसिद्ध गायक धर्मेंद्र उजाला, श्याम सांवरिया, सनोज सागर आदि ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। आयोजन में संघ के पदाधिकारियों के साथ सुनील कुमार, सरजू साहू, अमित ठाकुर, अंकित कुमार, मृणाल कुमार, विजय, प्रकाश, मनोज, कुंदन गुप्ता, उमेश, सुरेंद्र, विनोद आदि ने अपना योगदान दिया।

## होली गीतों पर झूम उठे श्रोता



### ढाब में होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के ढाब बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह तथा हरिहरगंज मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समारोह के दौरान गायक मुस्कान यादव द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक होली गीतों पर श्रोता झूम उठे। इस दौरान खूब अबीर-गुलाल उड़े। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, सचिन कुंदन यादव, उपाध्यक्ष अरुंजय मेहता, उपसचिव विक्की मेहता, उप कोषाध्यक्ष उदय मेहता, संचालक राजू गुप्ता, व्यवस्थापक मंटू गुप्ता, कमलेश यादव के अलावे एनसीपी उपाध्यक्ष उदय सिंह, जितेंद्र कुमार उर्फ सोनू, अशोक यादव, अरविंद शर्मा, अशोक मेहता, दिलीप मेहता मौजूद थे।

### विद्यालयों में चोरी की बढ़ती घटनाओं से बढ़ी परेशानी, प्रशासन मौन

# ...तो बंद हो सकता है एमडीएम का संचालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी थाना क्षेत्र के स्कूलों में चोरी की बढ़ती घटनाओं से मध्याह्न भोजन योजना के संचालन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि चोरी का सिलसिला नहीं थमा तो विद्यालय में एमडीएम का संचालन ठप हो सकता है। विदित हो कि आसेहार स्थित स्कूलों में इन दिनों लगातार चोरी की घटना हो रही है। अक्सर चोर मध्याह्न भोजन से संबंधित सामग्रियों को ही निशाना बना रहे हैं। 20 मार्च को चोरों ने आसेहार पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेढ़ी टोला में 80 किलोग्राम चावल चुरा लिया। स्कूल के सचिव कलामउद्दीन अंसारी ने बताया कि इस संबंध में गांव के प्रतिनिधियों को सूचित किया गया है। इससे पूर्व भी विद्यालय में चोरी की घटनायें हो चुकी हैं। पुलिस को भी आवेदन दिया गया है।




### चोरों पर नकेल कसने में प्रशासन नकामयाब

लोगों का कहना है कि चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं। पिछले छह माह में स्कूलों में चोरी की कई घटनायें हो चुकी हैं। विदित हो कि चार सितंबर 2023 को स्तरोन्नत उच्च विद्यालय आसेहार से लगभग 18 लाख रुपये का कंप्यूटर चोरी हो गया था। उसके बाद आसेहार पंचायत में ही 22 फरवरी 2024 को न्यू प्राथमिक विद्यालय टिटहिया टोला में उपस्थिति बनाने वाला मोर फोन,कुर्सी और गैस सिलेंडर चोरी हुआ था। उसके बाद 18 मार्च 2024 को नव प्राथमिक विद्यालय बैगा टोला में चोरो द्वारा गैस सिलेंडर व खाना बनाने वाला बड़ा डेग चोरी हुआ था। चोरों की कारगुजारी से विद्यालय में पठन-पाठन भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने जहां बताया कि वे छुट्टी पर हैं। वहीं कई बार प्रयास करने के बाद भी प्रशिक्षु आईपीएस से बात नहीं हो सकी।

## कौवाखोह में रिटेलर्स मीट का आयोजन, उमड़े कारोबारी



### सीआरआई पंप व पाइप की गुणवत्ता से कराया रूबरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित मधुबन होटल सह रेस्टोरेंट में गुरुवार को सीआरआई पंप्स और स्किपर पाइप्स ने 50 रिटेलर्स के साथ मेगा मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम का संयोजन मेसर्स गायत्री ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अजय मेहता व गंगा प्रसाद ने किया। सीआरआई पंप्स कंपनी के मैनेजर जीत उपाध्याय तथा एरिया मैनेजर राजू कुमार ने सीआरआई पंप्स व टंकी की गुणवत्ता तथा उसके उपयोग सहित इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया। जबकि स्किपर पाइप्स के बिहार एंड नेपाल हेड के रीजनल सेल्स मैनेजर मनीष कुमार, सीनियर एरिया सेल्स मैनेजर आनंद कुमार, सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव तरुण कुमार तथा अनूप भारती ने कहा कि स्किपर पाइप्स वर्षो से लोग उपयोग करते आ रहे हैं। मौके पर डॉ. बीके सिंह, समाजसेवी लालबाबू सिंह, पूर्व पंसस सुरेश पासवान, अखिलेश मेहता, रिटेलर्स मनोज गुप्ता, कुंदन गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, धीरज सिंह उपस्थित थे।

### तैयारी एसडीओ ने हैदरनगर प्रखंड के कई बूथों का किया निरीक्षण, कहा-

# बूथों पर करें बिजली-पानी का मुकम्मल प्रबंध



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत हैदरनगर पूर्वी व पश्चिमी पंचायत के अलावे चौकड़ी, भिखा बिगहा सहित दर्जनों मतदान केन्द्रों का एसडीओ पीयूष सिन्हा व बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि बूथों पर बिजली, पानी, रैंप व शौचालय की समुचित व्यवस्था होगी। इसके लिये उन्होंने संबधित मतदान केन्द्रों सह सरकारी स्कूल प्रभारियों से भी अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत को हर हाल में बढ़ाने के लिये मतदाताओं को सभी सुविधाएं ससमय मिलनी चाहिये। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिये व्हील चेयर की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी पंचायत प्रतिनिधियों व सरकारी शिक्षकों सहित विभिन्न विभागों के कर्मियों को भी सतर्कता व सजगता लाने की जरुरत है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार कलस्टर नहीं बनाये जायेंगे। सभी प्रतिनियुक्त मतदानकर्मी आवंटित मतदान केन्द्रों पर ही योगदान देकर मतदान संपन्न करायेंगे।

## पिकअप वाहन से देशी शराब बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग के लठेया पिकेट के पास वाहनों की जांच के क्रम में पुलिस ने पिकअप वाहन से 180 मिलीलीटर शीशी का 95 पेटी देशी शराब बरामद किया। पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव ने बताया कि बरामद प्रत्येक पेटी में 48 शीशी शराब थी। हालांकि इस दौरान पुलिस को चकमा देकर शराब तस्कर रफूचक्कर हो गये। पिकेट प्रभारी ने बताया कि लोस चुनाव व होली को देखते हुये अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इससे पूर्व छतरपुर पुलिस के साथ मिलकर उत्पाद विभाग ने अर्जुनडीह में भारी मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया था।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
लोक सभा चुनाव की पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श नागरिक का परिचय देते हुए सभी आचार संहिता के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।
**सतीश कुमार, सिटी मिशन मैनेजर मेदिनीनगर**

### संवेदनहीन हो गया है जिला प्रशासन : जिप सदस्य

**मेदिनीनगर।** पाटन के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने जिला प्रशासन पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया है। कहा है कि पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में बालू की चोरी धड़ल्ले से हो रही है। रेत माफिया हाइवा व ट्रैक्टर से लगातार अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे हैं। बालू की चोरी करने वाले वाहनो के चालक पकड़े जाने के भय से सड़क पर तेज गति से वाहनों का परिचालन करते हैं, जिससे अक्सर सड़क हादसे हो रहे हैं। गुरुवार को भी अवैध बालू लेकर तेज गति से भाग रहे ट्रेक्टर के धक्का मार देने से गंगतुआ गांव के 45 वर्षीय युवक उपेंद्र पाण्डेय की दर्दनाक मौत हो गई है। इसके पूर्व भी इस तरह की दुर्घटनाओं में जान जाती रही है, इसके बाद भी प्रशासनिक पदाधिकारी बालू की चोरी रोकने और वाहनों की गति पर रोक लगाने के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि बालू चोरी रोकने को लेकर स्थानीय थानेदार और सीओ से लेकर जिले के एसपी, डीसी व डीएमओ तक से मांग की जाती रही है, लेकिन किसी स्तर पर कोई नोटिस नहीं लिया गया है। इससे साफ है कि जिले के पदाधिकारियों में संवेदनशीलता की घोर कमी हो गई है। वे आज सड़क हादसे में उपेंद्र पाण्डेय की हुई मौत की सूचना मिलते सदर अस्पताल पहुंचे थे।

# पड़ोसी ने लाठी-डंडे से किया प्रहार, महिला घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना मोहल्ला निवासी विरेंद्र राम की पत्नी 35 वर्षीय रेणु देवी को पड़ोसी ने लाठी-डंडे से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल रेणु ने बताया कि बुधवार की सुबह 10 बजे बगलगीर मंटू राम का मकान निर्माण के लिए ईंट गिराया जा रहा था। इस दौरान किसी बात को लेकर महिला का विवाद हो गया। इसी बीच मंटू और उसके परिजनों ने लाठी -डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी रेणु की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों की सूचना पर टीओपी-तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह अपने टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। पीड़िता की शिकायत पर शहर थाने में मारपीट से संबंधित मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।





पलामू से सटे विभिन्न जिले में हुई बे मौसम बरसात से कोयल में दिख रहा पानी संजीवनी प्रतीत हो रही है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### मध्य विद्यालय में होली मिलन 23 को

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत अंतर्गत राजदिरिया मध्य विद्यालय परिसर में 23 मार्च को राजदिरिया एवं मल्लाह टोली नवयुवक संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में विराट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी मुखिया कमला देवी ने दी।

### बारेसांड रेंज में नहीं हैं हिरण व चीतल

**मेदिनीनगर।** बताया जाता है कि पीटीआर के बारेसांड रेंज में हिरण व चीतल ना के बराबर हैं।

### सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के समीप अचानक भड़की मधुमक्खियां

# मधुमक्खियों के हमले में दिव्यांग गंभीर, चार घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में पाटन सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे चार लोग गुरुवार की दोपहर मधुमक्खियों के हमले में घायल हो गये। इनमे से दिव्यांग की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। घायल व्यक्तियों में छतरपुर चेराई पंचायत के मुखिया जय रविंद्र राम,गोविंद राम उर्फ मुखिया,सुरेंद्र पांडे, पच्चू राम का नाम शामिल है। पोस्टमार्टम हाउस कर्मियों की सूचना पर पहुंचे टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान विनोद यादव, इसरार खान, राकेश सिंह,सहायक पुलिस के जवान प्रफुल्ल सिंह आदि ने मौके पर पहुंच तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस वाहन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी दिव्यांग व्यक्ति गोविंद राम उर्फ मुखिया की स्थित गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बाद पुलिस द्वारा सभी लोगों को पोस्टमार्टम हाउस से दूर रहने की सलाह दी गई है।

### टाइगर मोबाइल के जवानों ने दिखाई तत्परता, 108 एंबुलेंस को दी सूचना

### अस्पताल का न्यू बिल्डिंग मधुमक्खियों का बसेरा

**हमेशा मधुमक्खियों के हमले का खतरा बना रहता है**

विदित हो कि सदर अस्पताल के न्यू बिल्डिंग में भारी मात्रा में मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ है। जिसकी वजह से यहां पर भर्ती मरीजों को हमेशा मधुमक्खियों के हमले का खतरा बना रहता है। पूर्व में भी भड़की मधुमक्खियों ने कई बार हमले किये हैं।



### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मुरूमदाग गांव निवासी कुलदीप राम के पुत्र रमेश कुमार उम्र 20 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर रमेश बाइक से छतरपुर बाजार जा रहा था। इसी बीच रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक से गिर जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल युवक को छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में रमेश की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने से हादसा, एक गंभीर

# बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के समीप गुरुवार की सुबह अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की जहां मौत हो गयी। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने बैदा मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार उपेन्द्र पांडे उर्फ लल्लू पांडे उम्र 35 वर्ष एवं सरबजीत पांडे उम्र 40 वर्ष बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी बीच रास्ते में उपेन्द्र ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुट गयी है। पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने सदर अस्पताल परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये परिजनों को समुचित मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

### चुनाव के लिये चार पहिया टैक्सियों का किराया निर्धारित

मेदिनीनगर आगामी लोकसभा चुनाव में पर्यवेक्षकों और सुरक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों के आवागमन के लिए छोटी गाड़ियां अधिकृत की जाती हैं। यह गाड़ियां प्रतिदिन के भाड़े पर ली जाती है। झारखंड सरकार के परिवहन विभाग ने बस व मिनी बसों के बाद चार पहिया टैक्सी वाहनों का भी प्रतिदिन किराया निर्धारित कर दिया है। एसी वाहनों का प्रतिदिन भाड़ा रुपये 1220 तथा अन्य वाहनों का रुपये 1040 निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न छोटी टैक्सियों का किराया प्रतिदिन रु.1100 से लेकर रु.800 के मध्य है। यह अधिसूचना परिवहन विभाग के उप सचिव मनोज कुमार के द्वारा घोषित किया गया है।

### सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस पर प्रभातफेरी

**मेदिनीनगर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर शनिवार की सुबह प्रभातफेरी निकाली जाएगी। शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। शहादत समारोह समिति के अनुसार सुबह आठ बजे कचहरी परिसर से भगत सिंह चौक तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत शहीदों को सलाम पेश किया जाएगा। शाम छह बजे से अंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा।

### उपायुक्त ने जीएलए कॉलेज में स्ट्रांग रूम व काउंटिंग हॉल का लिया जायजा

# पारदर्शी व सुव्यवस्थित चुनावी प्रक्रिया के लिये दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को शहर के जीएलए कॉलेज पहुंच कर स्ट्रांग रूम व काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शिता व सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित करने की दिशा में संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। काउंटिंग हॉल में कुर्सी, टेबल, बिजली, एसी, पंखा, इत्यादि सुविधाओं का जायजा लेकर इन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने विधानसभा वाइज स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग हॉल के भवनों का निरीक्षण करते हुए मैप अनुसार व्यवस्था बहाल किये जाने संबंधित जानकारी ली और भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को ससमय चुनाव से संबंधित तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हॉल में लाइटिंग की पूर्ण व्यवस्था,सुरक्षाबलों के रहने हेतु की जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवायें। कॉलेज परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त जावेद हुसैन,हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा,सहायक समाहर्ता रवि कुमार,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी,एसडीओ गढ़वा,उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग, डीएसओ प्रीति किस्कु मौजूद रहीं।



# विश्व वनिकी दिवस पर पौधों को बांधा रक्षा सूत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व वनिकी दिवस पर पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत स्थित कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान में पौधरोपण व वृक्षों का रक्षा सूत्र बांधा। 54वें विश्व वनिकी दिवस व अपनी पोती आद्रिका के छठे जन्मोत्सव पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प जताया। इस मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुये तो कोरोना के कहर से भी ज्यादा तबाही प्रदूषण की जहर से मचेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मदेव यादव ने व संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने किया। मौके पर जुबेर अंसारी , सूरज देव यादव, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद,कामेश्वर राम, कामेश्वर सिंह, रूपेश कुमार, अजय कुमार, श्रवण कुमार , विशाल कुमार,समेत कई लोग शामिल थे।



### शुरूआती दौर से ही पलामू के खिलाड़ियों का दबदबा, लोगों में उत्साह

# राज्य जूनियर एथलेटिक्स में झटके चार गोल्ड समेत 10 पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट ऐथलेटिक्स एसोसिएशन और देवघर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में देवघर स्थित कुमैठा स्पोर्ट्स कंपलेक्स स्टेडियम में आयोजित 17वीं जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहले एवं दूसरे दिन की स्पर्धाओं में पलामू ने अपना दबदबा कायम रखा। समाचार लिखे जाने तक जिले के खिलाड़ियों ने चार गोल्ड के साथ कुल 10 पदक झटक चुके हैं। अंडर 18 वर्ष आयु में आकांक्षा कुमारी 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में दोहरा गोल्ड मेडल प्राप्त कर मान बढ़ाया। गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय की आर्या सिंह ने शॉट पुट थ्रो में गोल्ड और जैवलिन थ्रो में सिल्वर मैडल , बी सी सी मिशन स्कूल की शिवानी कुमारी शॉट पुट थ्रो में ब्रांच मेडल ,हेमंत कुमार ने जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर 16 आयु वर्ग में वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल की संध्या कुमारी ने हाई जंप में गोल्ड और लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल, अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग में बी सी सी मिशन स्कूल की सुहानी कुमारी ने शॉट पुट थ्रो में ब्रांच मेडल, अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग में जीजीपीएस जमुने के दीपक कुमार को ट्रिथलोन ग्रुप बी में सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है।

### जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने जताया हर्ष

पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हर समय खिलाड़ियों के विकास के लिए एसोसिएशन निरंतर प्रयास करता रहेगा । पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विजेता खिलाड़ियों को शुभकामना देने वालों में पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन सह एथलेटिक्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, एथलेटिक और खो-खो एसोसिएशन संरक्षक महेंद्र कुशवाहा,पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे , पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, वुशु संघ के सचिव सुमित सरस, वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, सचिव सिद्धार्थ कुमार, रायफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक ,सचिव अशोक कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद आदि शामिल हैं। विदित हो कि पलामू से खिलाड़ियों का 55 सदस्यीय दल प्रतियोगिता में भाग लेने देवघर गया है।



### हर तीन दिन में हमला कर रहा तेंदुआ, पीटीआर प्रबंधन सजग

# पशुओं पर तेंदुओं के बढ़ रहे हमले, पशुपालक चिंतित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में मवेशिओं पर तेंदुओं के बढ़ते हमले ने पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। बारेसाड़ रेंज में तेंदुए का हमला ज्यादा ही देखा जा रहा है। प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने बताया कि इस समय प्रत्येक तीन दिन पर तेंदुए के हमले की घटनायें हो रही हैं। अमूमन शाम को जंगल से चरकर झुंड में वापस लौटते समय पालमू पशुओं पर तेंदुआ घात लगाकर हमला करता है।

### अलग-अगल पशुओं के लिये मुआवजे निर्धारित

प्रभारी वनपाल ने बताया कि अलग-अलग पशुओं के लिये मुआवजे की दर अलग-अलग निर्धारित है। बड़े जानवर के लिये रुपये 15000 तथा तीन साल या तीन साल से कम उम्र के जानवरों के लिये मुआवजे की राशि पांच हजार रुपये निर्धारित है।

### भैंस के बच्चे आसान शिकार

वनपाल श्री तिवारी ने बताया कि तेंदुआ भैंस के बच्चे पर ज्यादा हमले करता है। क्योंकि धीमी गति से चलने के कारण भैंस के बच्चे झुंड में सबसे पीछे रहते हैं तथा अमूमन झुंड से अलग भी रहते हैं। पशुपालक रामचंद्र यादव के भैंस के बच्चे को कुछ दिन पूर्व तेंदुआ ने मार डाला है। पीड़ित पशुपालक द्वारा बारेसाड़ रेंज ऑफिस में मुआवजे के लिये आवेदन भी किया गया है।

## अव्यवस्था

### सदर अस्पताल में जिले के सुदूर अंचलों से आते हैं लोग

# सप्ताह में एक दिन होता है अल्ट्रासाउंड, मरीज परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के हेल्थ मैप सेंटर में केवल सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को अल्ट्रासाउंड होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अल्ट्रासाउंड एक दिन होने की वजह मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दिन भर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में इन दिनों अल्ट्रासाउंड के लिए प्रतिदिन मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए सुबह पांच बजे से ही मरीजों की कतार लगनी शुरू हो जा रही है। सप्ताह में सिर्फ एक ही दिन अल्ट्रासाउंड होने से आकस्मिक स्थिति में गर्भवती महिलाओं को निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।



### गरीबों का हो रहा आर्थिक दोहन

अस्पताल में प्रतिदिन 100 से 150 लोग अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। जबकि एक दिन में महज 20 से 30 लोगों का ही अल्ट्रासाउंड होता है। जिनका अल्ट्रासाउंड नहीं होता उनको एक से डेढ़ माह बाद की तारीख दी जाती है। ऐसे में निजी केंद्रों पर जाकर गांव के गरीब मरीज आर्थिक दोहन का शिकार होने के लिये विवश हैं।

### बोले अस्पताल अधीक्षक

सदर अस्पताल के अधीक्षक ने अल्ट्रासाउंड में मरीजों को हो रही परेशानी के बारे में बताया कि बहुत जल्द ही सदर अस्पताल में एक और डिजिटल अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद मरीजों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# ऑर्गेनिक हर्बल रंग व अबीर-गुलाल के सजे स्टाल

### होली पर आकर्षित कर रहा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का प्रयास




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होली के मद्देनजर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर निगम की पांच स्वयं सहायता समूह की 25 महिला सदस्यों द्वारा ऑर्गेनिक रंग व अबीर-गुलाल बनाकर तैयार किया गया है। गुरुवार को कचहरी परिसर में महिलाओं द्वारा लगाया गया स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। समूह की महिलाओं ने बताया कि शुक्रवार से शहर के छहमुहान , रेड़मा चौक, सद्दीक मंजिल चौक एवं बेलवाटीकर गांधी उद्यान पार्क के समीप स्टॉल लगाया जाएगा। वैष्णवी स्वयं सहायता समूह की सावित्री कुमारी ने बताया कि नगर निगम के सीईओ राजन सिन्हा की देखरेख में सात स्वयं सहायता समूह की सदस्याओं द्वारा गुलाब, गेंदा, पलाश व उड़हुल के फूल सहित बीट एवं पालक आदि के रस से ऑर्गेनिक रंग व अबीर-गुलाल का निर्माण किया गया है। इसमें किसी प्रकार का केमिकल नहीं मिलाया गया है। जिससे होली के मौके पर इसका प्रयोग पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से ऑर्गेनिक रंग एवं अबीर का प्रयोग करने का आह्वान किया है। मौके पर सुषमा देवी, मंजू देवी, डाली देवी, सोनी देवी, उमा देवी उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### पेश की मिसाल

### रास्ते में मिला मोबाइल फोन, डॉक्टर ने लौटाया

**केतार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में पदस्थापित दंत चिकित्सक डॉ. पंकज पाठक ने रास्ते में मिले एंड्रायड मोबाइल फोन को उसके मालिक को लौटा दिया। जानकारी के अनुसार डॉ. पाठक के ड्राइवर राजू प्रजापति गाड़ी सर्विसिंग कराकर गढ़वा से लौट रहे थे। इसी क्रम में मेराल बाजार के समीप सड़क किनारे गिरा हुआ मोबाइल फोन मिला। ड्राइवर ने लौटकर इसकी जानकारी डॉ. पंकज को दी। इस पर तत्काल उन्होंने उस मोबाइल से नम्बर निकाल कर मोबाइल मालिक को जानकारी दी। गुरुवार की सुबह मोबाइल मालिक मेराल निवासी श्रीनिवास सिंह डॉ. पंकज के आवास छाताकुड़ गांव पहुंचे। जहां उन्होंने मोबाइल फोन लौटा दिया।

### ऊंचाई से गिरकर राजमिस्त्री घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के रंका बौलिया गांव में दीवार की जोड़ाई कार्य कर रहे राजमिस्त्री ऊंचाई से गिरकर घायल हो गये। घायल पच्चू पासवान पिता बालेश्वर पासवान का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह रंका बौलिया गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। बताया गया कि दीवार की जोड़ाई के दौरान चाल्ही टूट गया। इससे राजमिस्त्री नीचे गिर गये। इस दौरान नवनिर्मित दीवाल भी भरभराकर गिर पड़ा।

### अवैध शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त

**रमना।** थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध देशी महुआ शराब भट्ठी को श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सघन छापेमारी की। एसडीपीओ के साथ पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने सदल-बल प्रखंड के बारपानी जंगल में छापेमारी की। जहां अवैध रूप से संचालित देशी महुआ शराब भट्ठी में जावा महुआ व शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट किया। अवैध संचालित भट्ठी से एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। अवैध शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि लोस चुनाव के मद्देनजर गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी है। अवैध शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### पलामू प्रमंडल के आयुक्त ने बूथों पर आवश्यक सुविधाओं का लिया जायजा, दिये निर्देश

# बूथों पर ना हो अव्यवस्था, सावधानी से करें दायित्व निर्वहन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के आधा दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध संसाधनों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने सबसे पहले शहर के प्राथमिक विद्यालय पाल्हे कला स्थित मतदान केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान मतदान केंद्र पर शौचालय, पानी, बिजली, रैंप, चार्जिंग प्वाइंट सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी स्थानीय पदाधिकारियों से ली। उन्होंने शीघ्र मतदान केंद्रों को अपडेट करने का निर्देश दिया। इसके बाद आयुक्त ने प्लस टू व अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय स्थित मॉडल मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। प्लस टू हाइस्कूल में चार वहीं बालिका उच्च विद्यालय में बनाये गए सभी पांच मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने बालिका उच्च विद्यालय में रैंप को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। जिससे दिव्यांग मतदाताओ को कोई परेशानी ना हो। इस दौरान मौजूद बीएलओ से 85 वर्ष से अधिक उम्र व दिव्यांग मतदादाताओं के बारे में जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। मतदान केंद्रों पर मतदादाताओ को सभी सुविधा मिले। इसके लिए सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। आयुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर कोई भी अव्यवस्था ना हो इसके लिए सभी लोग जिम्मेवारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर, एसी मतीयस टोप्पो, आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, एआरओ सुशील कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, बीडीओ अदिति गुप्ता, बीईईओ विजय पांडेय, थाना प्रभारी आदित्य नायक मौजूद थे।

## आयुक्त ने बूथों का निरीक्षण का किया आकलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** आयुक्त बाल किशुन मुंडा और डीसी शेखर जमुआर ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी स्थित तीन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित लोगों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। साथ ही बूथ संख्या 58,59 व 60 के सभी बीएलओ से मतदान से संबंधित जानकारी ली। कमिश्नर श्री मुंडा ने निरीक्षण के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक लाने ले जाने की सुविधा, व्हीलचेयर ,चेयर की व्यवस्था,टेंपो वालेंटियर का सहयोग तथा मतदान केंद्रों पर सुलभ शौचालय, चिकित्सा किट, लाइट की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आदि सुविधाओं का आकलन किया। इस मौके पर एसी मार्टियस विजय टोपो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील राय, बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णुकांत, बीपीआरओ बसंत पांडे, धीरज प्रकाश, सेक्टर मजिस्ट्रेट रामजी राम, दीपक चंचल, प्रधानाध्यापक गंगेश पांडे, बीएलओ विभा रानी, गुलशन खातून, ऊषा देवी आदि उपस्थित थीं।

### डीलर ने बीडीओ को सौंपा आवेदन पत्र, किया अनुरोध

# आवंटन के हिसाब से दिया जाये राशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के बेलाबार गांव के आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह की डीलर अबीदा बीबी ने गुरुवार को बीडीओ सह एमओ सावित्री कुमारी को आवेदन देकर आवंटन के हिसाब से राशन दिलाने का आग्रह किया है। डीलर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि मुकुन्दपुर गांव के मां अम्बे महिला समूह की जनवितरण प्रणाली की दुकान उनके दुकान से नवम्बर माह में टैग किया गया है। जिसका अंत्योदय और बीपीएल का कुल आवंटन 79.10 क्विंटल है,



लेकिन पूर्व दुकानदार की लापरवाही के कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कम खाद्यान्न मिलने के कारण लाभुकों के बीच भी कम राशन ही वितरण करना पड़ रहा है। जिस कारण लाभुकों में भी रोष है। डीलर ने बताया की नवम्बर माह में 8.14 क्विंटल , दिसंबर में 5.50 क्विंटल, जनवरी में 12.29क्विंटल, फरवरी में 13.91 क्विंटल व मार्च में 27.21 क्विंटल राशन कटौती किया गया है। डीलर ने बीडीओ सावित्री कुमारी से आवंटन में सुधार कराते हुए आवंटन के अनुसार राशन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# मध्य विद्यालय केतार का 'पीएम श्री' स्कूल के लिए चयन, हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केन्द्र सरकार ने 'पीएम श्री' योजना के तहत गढ़वा जिला के 25 सरकारी विद्यालयों का चयन किया है। इसमें केतार प्रखंड का राजकीय मध्य विद्यालय केतार का भी चयन किया गया है। मध्य विद्यालय केतार का चयन होने से केतार बाजार वासियों में हर्ष का माहौल है। जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया प्रमोद कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सहित ग्रामीणों ने केंद्र सरकार व पीएम मोदी का आभार जताया है। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। वहीं गरीब परिवार के बच्चे भी आधुनिक तकनीक शिक्षा , स्मार्ट क्लास में पढ़ सकेंगें। विदित हो की पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को शिक्षा निति-2020 के तहत मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जायेगा। अधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए इन विद्यालयों को अगले पांच वर्ष में दो करोड़ रुपए दिए जायेंगे। इनमें केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत राशि देंगी।

## न्यूज बॉक्स

### कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के तिलदाग नहरचौक के पास मोटरसाइकिल एवं कार की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गयी। मृतक लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर साव का पुत्र मनदीप कुमार 35 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया गया कि मनदीप कमल फैन कैप प्राइवेट लिमिटेड समूह में एक मार्च से गढ़वा में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। वे गुरुवार को बनपुरवा गांव में सर्वे करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कार की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवाया। घटना के बाद भाग रहे कार चालक को पुलिस ने पीछा कर गढ़वा -शाहपुर मार्ग पर पकड़ लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### झोपड़ी में लगी आग, सारा सामान खाक

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के छहमईलवा निवासी संजय राम की झोपड़ी में बुधवार की रात्रि अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिससे झोपड़ी सहित उसमें रखा चारपाई, बिछावन सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। संजय राम ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ झोपड़ी में आग लगाने की शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने अवगत कराया है कि घर से सटे हुए बगल की जमीन पर झोपड़ी बनाकर वे परिवार के साथ रहते थे। किसी ने विद्वेष वश उसमें आग लगा दी।

### होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के द्वारा जिले के डंडई प्रखण्ड स्थित जल भवन परिसर के पास होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डंडई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, बीडीसी सहित संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रूप से बाबा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर मल्यार्पण व फीता काटकर किया। समारोह में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को होली की ऐतिहासिकता बताते हुये सचिव श्री माली ने बताया कि झारखंड से निकलकर अब संस्था का प्रसार अन्य प्रांतों में भी हो रहा है। पिछले 17 मार्च को महानगर मुंबई के वसई रोड़ में कार्यालय की शुरूआत हुयी है। इस अवसर पर जिला परिषद उर्मिला देवी, राजेश मेहता, महावीर राम, दीनानाथ पांडे, राम प्यारी सिंह, सुभाष चन्द्र मेहता, राजा लाल सिंह, राम सागर राम, कृष्णा कांत सिंह, अरविंद पासवान, सुमन मेहता, राजकुमारी देवी उपस्थित रहीं।

### शांति समिति की बैठक में दी गयी होली की बधाई

**मझिआंव।** जिला पुलिस कप्तान दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति सह होलीमिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने की। उन्होंने विभिन्न पंचायत से आए जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। साथ ही होली पर्व को भाईचारगी के साथ मनाने के अपील की। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों के बारे में जानकारी होते ही तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में नप कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार,सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल,पूर्व मुखिया शेख उमरुद्दीन,अर्जुन दास,संजय कमलापुरी,अशोक कमलापुरी,मो नेयाज,मारुति नंदन सोनी,मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान,शाकिब खान शामिल थे।

# सड़क दुघर्टना में युवक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** भवनाथपुर मुख्य पथ पर तुलसीदामर घाटी में गुरुवार की रात्रि सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झागडाखाड़ गांव निवासी रामजान भुइयां का पुत्र गोपी भुइयां बताया



जा रहा है। राहगीरों के द्वारा उसे इलाज के लिये श्रीबंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### एसपी ने लिया जायजा, मताहतों को दिया दिशा- निर्देश

# इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर 24 घंटे होगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने गुरुवार को श्रीनगर, बिलासपुर एवं खोखा इंटर-स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा मादक पदार्थ, अवैध शराब, अत्यधिक धनराशि तथा अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं के अवैध परिवहन पर रोकथाम के लिये प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



एसपी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर 24 घंटे नजर रखी जायेगी। सघन वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार का हथियार लेकर क्षेत्र में प्रवेश करना वर्जित है। उन्होंने विभिन्न अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा मादक पदार्थ, अवैध शराब, अस्पष्ट अत्यधिक धनराशि तथा अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं के अवैध परिवहन पर सभी वाहनों की जांच हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं जवान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मोके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह,थाना प्रभारी आदित्य नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दो दिवसीय नाक आउट फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य आगाज

# सिंदुरिया व कैलान अगले चक्र में पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सेल मैदान में सेल तुलसीदामर खदान समूह के सीएसआर के तहत गुरुवार को दो दिवसीय नाक आउट फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम, सेल के प्रभारी जीएम डॉ. विजय राम, एजीएम राजेश कुमार व सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैश खां ने संयुक्त रूप से खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता का पहला मैच सिंदुरिया एवं मकरी के बीच खेला गया। जिसमें सिंदुरिया की टीम ने मकरी की टीम को 2-0 से हराया। दूसरा मैच



कैलान एवं घाघरा टीम के बीच खेला गया। इसमें कैलान की टीम ने घाघरा की टीम को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में रेफरी की भूमिका सुनील कुमार, अवधेश कुमार व संजय कुमार ने निभाई। इस मौके पर सेल पदाधिकारी बुलु दिग्गल, एसबीआई शाखा प्रबंधक आदेश कुमार, सेलकर्मी डोमन यादव, सुशील कुमार, डॉली रानी, विनय सिंह, हीरालाल यादव, प्रसून श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### बोलेरो पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के धुरकी-शक्ति गांव के बीच खटखारिया नदी के पास एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से बोलेरों को सीधा करवाकर थाने ले आया। पुलिस वाहन मालिक व चालक का पता लगा रही है।

## सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की नजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** रंगों के पर्व होली को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जिसके कारण आदर्श आचार संहिता लागू है। इस बार सोशल मीडिया पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। मौके पर पुलिस अवसर निरीक्षक रतन कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य नायक,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, झामुमो नेता सूर्यदेव मेहता, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे,कमलेश मेहता, सदर तौहिद खान,महमूद आलम सीनियर, तस्लीम खान, फिरदौस आलम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय ने किया।

**तैयारी** — शांति समिति की बैठक में नागरिकों के साथ प्रशासन ने बनायी रणनीति

# शांति और सौहार्द से मनायें रंगों का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** थाना परिसर में होली महापर्व को लेकर शांति समिति की वैठक अंचल अधिकारी संदीप कुमार मधेशिया की अध्यक्षता मे की गयी। अधिकारियों ने सभी को आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। अंचल अधिकारी श्री मधेशिया ने कहा कि प्रशासन हर समय आप लोगों के साथ है। पर्व के दौरान सोशल मीडिया से सावधान रहने की जरूरत है। बिना सत्यापन किये मैसेज को वायरल करने से बचना है। अगर कोई अफवाह वायरल हो रहा है तो पहले उसकी जानकारी प्रशासन को दें। उसकी सत्यता की जांच कर अविलम्ब कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व प्रेम एवं आपसी भाईचारे का पर्व है। विहिप के जिला धर्माचार्य प्रमुख राधेश्याम पांडेय ने कहा कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोग मिलकर पर्व को मिलकर मना रहे हैं। मौके पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि पुलस्त्य शुक्ल, प्रमुख दीपा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र दीक्षित, कामख्या नारायण सिंह, लतीफ अंसारी, ऐनुल अंसारी, झामुमो नेता संजय चन्द्रवँशी, ग्यासुदीन अंसारी, आलम बाबू, भुवनेश्वर राम, चंदन मेहता, भूखन साव उपस्थित थे।

## पर्व मिलकर मनाने से बढ़ती है खुशी



**हरिहरपुर।** ओपी परिसर में गुरुवार को होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक कांडी सीओ आफताब आलम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में हरिहरपुर, मझिगांवा, डुमरसोता, लोहरगड़ा के सभी पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के साथ दोनों समुदायों के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसी समुदाय का पर्व-त्योहार मिलजुल कर मनाने से आपसी सौहार्द बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के साथ सख्त कार्रवाई की जायेगी। ओपी प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि शराब का निर्माण व सेवन करने पर पूर्णतः पाबंदी लगाई गई है। इसमें संलिप्त व्यक्ति को पकड़ें जाने पर पूर्ण रूप से कानूनी कार्रवाई किया जाएगा । मौके पर सूर्य देव सिंह , राहुल कुमार सिंह , पंकज सिंह, सीता राम शर्मा , शंभू नाथ साह, श्रवण कुमार पासवान, दिलीप सिंह, मुन्ने आजिम ,सफीक अंसारी , उस्मान अंसारी मौजूद थे।

# मन बहकने लगा, प्रीत का गीत गाकर चहकने लगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच गढ़वा द्वारा होली के अवसर पर बुधवार की शाम हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलोडी मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार और उतर प्रदेश के कवियों ने विभिन्न विधा से संबंधित अपनी रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राम बचन सिंह और सेवानिवृत्त जज केएन पांडेय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि सम्मेलन की शुरूआत भभुआ से आये शंकर कैमूरी ने वर दे वीणावादिनी वर दे सरस्वती वंदना से की। इसको आगे बढ़ाया बनारस से आये कवि नागेश त्रिपाठी ने अपनी हास्य व व्यंग्य रचना की प्रस्तुति से। यूपी के चंदौली से आये मनोज द्विवेदी मधुर ने अपने एक से बढ़कर एक सस्वर गीतों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




उनकी रचना ऐसा क्या हो गया, मन बहकने लगा, प्रीत का गीत गाकर चहकने लगा...आदि पर सभी वाहवाह कर उठे। प्रतापगढ़ यूपी से आये दिनेश सिंह गुकज, सृजन के उपाध्यक्ष राजमणि राज, लोकगायक राजकिशोर राय व संजय चौबे ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष विनोद पाठक तथा संचालन शंकर कैमूरी व राकेश त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रासबिहारी तिवारी ने किया। इसके पूर्व सचिव सतीश कुमार मिश्र ने अपने शहरनामा में गढ़वा शहर की वर्तमान दशा पर व्यंगात्मक प्रस्तुति से समस्याओं को बखूबी से उठाया। समारोह में मंच की ओर से डॉ. पतंजलि केसरी, विजय पांडेय, राजकुमार मधेशिया, राजमणि राज आदि ने सभी कवियों व अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

### युवाओं को साहित्य से जोड़ने की जरूरत : राजेश शरण

इस अवसर पर प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि आज के युवाओं को साहित्य से जोड़ने की जरूरत है। समाज का निर्माण इसी तरह के सांस्कृतिक पहल से होगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर आज सबकुछ मिल जाता है, परंतु मोबाइल पर कार्यक्रम देखना और मंचीय कार्यक्रम देखना दोनों में काफी अंतर होता है।

## एक नजर

### अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को सीओ ने किया जब्त

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** विभिन्न नदियों से बालू उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद अवैध खनन व परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर को बीडीओ सह सीओ राहुल देव व एसआइ अरविंद कुमार ने औचक छापेमारी कर पत्थलगड़ा अंचल के सिरकोल से जब्त किया। पूछे जाने पर श्री देव ने बताया कि जब्त ट्रेक्टर मालिकों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी तथा नियम-कानूनों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### बीएलओ को अपने मतदान केंद्र पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बीएलओ के साथ अन्य कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मतदान केंद्र पर अवश्यक सुविधा की समीक्षा करने के साथ बीडीओ ने बीएलओ से किसी भी मतदान केंद्र पर पेयजल, बिजली, शौचालय सहित अन्य सुविधा की कमी होने पर तत्काल सूचना देने का निर्देश दिया।बीडीओ ने सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्र पर मतदाता जागरूकता अभियान चलने का भी निर्देश दिया। यहां तक की अपने पोषक क्षेत्र में मतदाताओं के साथ बैठक कर लोकतंत्र कें महापर्व में बढ़-कर कर भाग लेने को प्रेरित करने की बात कही।

### वन समिति के सदस्यों ने चलाया जागरूकता अभियान

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारियातु वन सुरक्षा समिति के द्वारा गुरुवार को जंगल बचाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान में महुआ के सीजन में जंगल में आग नहीं लगते का संकल्प लिया गया। साथ ही जंगल को बचाने का भी आह्वान किया गया। अभियान में महुआटांड़, भुरकुंडा, सिमरातरी व लुबधिया के ग्रामीणो ने भाग किया। अभियान का नेतृत्व वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने किया।

# लोस चुनाव : डीआईजी ने हजारीबाग-चतरा में इंटरस्टेट चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार देर रात हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर झा ने बिहार-झारखंड के बॉर्डर पर स्थित इंटरस्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी ने हजारीबाग और गया जिले की सीमा पर स्थित चोरदाहा चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती और सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिये।



### डीआईजी ने चतरा सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का भी लिया जायजा

डीआईजी सुनील भास्कर ने बुधवार को चतरा कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले सभी रास्ते के बारे में सुरक्षाकर्मियों से जानकारी ली। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से की जाने वाली जांच प्रक्रिया के बारे में भी सुरक्षा कर्मियों से पूछा और जांच के तरीके के बारे में बताया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कोर्ट बैरक का जायजा लिया। जहां अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जानकारी देते हुए सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेवारी भी पुलिस की प्राथमिकता है। समय-समय पर कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी बेहतर काम कर रहे हैं। इन पुलिसकर्मियों को रिवॉर्ड देने की भी बात कही। डीआईजी सुनील भास्कर ने कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, मेटल डिटेक्टर और बलों की संख्या बारे में जानकारी ली।

### सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश

**इसके बाद डीआईजी ने चतरा और बिहार-गया जिला के सीमा पर स्थित गोसाईडीह और हंटरगंज चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। डीआईजी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने, तकनीकी तौर पर दक्ष रहने और किसी तरह से भयादोहन न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।**

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार विरोध में ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव




**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** महुआडांड़ एवं बारेसाढ़ थाना द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दौना से एक भरठुआ बंदूक एवं अन्य बंदूकों के गोली के खोखे व गन पाउडर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर महुआडांड़ थाना लाया गया। महुआडांड़ थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि बारेसाढ़ थाना एवं महुआडांड़ थाना के द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दौना में पुलिस बल की गश्ती टीम पहुंचीं, जहां पुलिस गाड़ी को देखकर आरोपित युवक जोहन ब्रिजिया पिता सीमोन बिरजिया के द्वारा फायरिंग की गई। जिसके बाद पुलिस की टीम के द्वारा घटनास्थल पर पूछताछ किया गया। वही पूछताछ के बाद युवक जोहन ब्रिजिया पिता सीमोन बिरजिया द्वारा भरठुआ बंदूक से फायर करने की बात सामने आई, जिस पर तालाशी के दौरान अन्य बंदूकों के गोली के खोखे व गन पाउडर भी बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस बल के द्वारा दो युवकों नेमा ब्रिजिया पिता स्वर्गीय चिमकू बिरजिया एवं जोहन ब्रिजिया पिता सीमोन ब्रिजिया को पुछताछ के लिए महुआडांड़ थाना लाया गया। जहां पुछताछ के बाद नेमा ब्रिजिया को छोड़ दिया गया।वही गिरफ्तारी के बाद आरोपितों के स्वजनों एवं दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में महुआडांड़ थाने का घेराव किया गया। जहां पुलिस पदाधिकारी के बार-बार समझाने के बाद भी ग्रामीण आरोपितों की रिहाई की मांग को लेकर देर रात तक थाने में ही डटे रहे।वही दूसरे दिन भी ग्राम वासी चार घंटे तक थाने के बाहर जम रहे।

# थाने में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** गुरुवार को कुंदा थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सीओ शम्भु राम व संचालन थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने किया। बैठक में होली पर्व आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मानने का निर्णय लिया गया। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधी व गण्यमान्य जनों से होली पर्व को लेकर क्षेत्र के पारंपरिक रीति रिवाज की जानकारी ली गई। मौके पर सीओ ने काहा की होली पर्व में शराब की दुकाने पूर्णतः बंद रहेगी। बीडीओ विवेक कुमार ने काहा की होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है, हमें आपसी सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के साथ आपसी गिले-शिकवे दूर कर यह पर्व मनाना चाहिए। वही थाना प्रभारी ने कहा की हुड़दंगियो व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पर्व में किसी भी तरह की अप्रिय सूचना यदि किसी भी सज्जन को प्राप्त हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक संपन्न के उपरांत थाना परिसर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



### आचार संहिता के बारे में दी गई जानकारी

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना परिसर में रंगों के पर्व होली को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने किया। इस दौरान उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने होली शांति व शोहार्द पूर्वक मानने को लेकर अपने-अपने विचार रखे। इस बैठक में आगामी अप्रैल से प्रारंभ होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए होली पर्व मनाने की अपील भी की गई। थाना प्रभारी श्री चौधरी ने कहा की होली पर्व के दौरान अशांति फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी निगाह रहेगी। मौके पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार रविदास, विजय कुमार, मुखिया संदीप कुमार सुमन, पूर्व मुखिया वासुदेव तिवारी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सतीश दांगी, हिन्दू जागरण मंच जिलाध्यक्ष आशीष दांगी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव,समुदाय के कई लोग उपस्थित थे।

### डीजे पर रहेगा प्रतिबंध सोशल मीडिया की अफवाह से बचें : प्रशिक्षु आईपीएस

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना परिसर में गुरुवार शाम प्रखंड में होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर प्रखंड शांति समिति की बैठक प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु आईपीएस श्री मीणा ने कहा कि प्रखंड में होली मनाने के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। वहीं उन्होंने सभी वर्ग के लोगों से सोशल मीडिया में किसी तरह के अफवाह नहीं फैलाने व इससे बचने की अपील किया। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से होली पर्व पूर्व की भांति शांतिपूर्वक मनाने की अपील किया। प्रभारी सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने भी लोगो से होली पर्व शांतिपूर्वक एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारा से मनाने की अपील किया। 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि बरसों से यहां दोनों समुदाय के लोग मिसाल कायम करते हुई शांति पूर्ण तरीके से मनाते आ रहे ।

# होली पर्व को लेकर चंदवा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना परिसर में गुरुवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा की गई। श्री पाठक ने बैठक में उपस्थित लोगों को आदर्श आचार संहिता के नियम की जानकारी विस्तार से दी। अंचल अधिकारी श्री पाठक ने लोगो से सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि रंगो का त्योहार होली भाईचारगी के साथ मनाये। पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने कहा कि त्योहार पर जिला प्रशासन के द्वारा निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी,पर्व के दौरान समाज को भी जागरूक रहने की जरूरत है। खासकर सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। थाना प्रभारी ने बैठक के दौरान होली के उपलक्ष पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी समाज के प्रमुख जनों से जानकारी प्राप्त की। मौके पर चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी,पंसस नीलम देवी,समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इंस्पेक्टर ने कहा, होली में हुड़दंगियों पर रहेगी विशेष नजर

### बिरसा सेवा सदन से सभी प्रकार के रोगियों को मिलेगा लाभ : डॉ जेबा

**बरवाडीह।** प्रखंड के मेदनीनगर मुख्य सड़क में बाल शिक्षा निकेतन स्कूल के समीप गुरुवार को एक सादे समारोह में बिरसा सेवा सदन निजी अस्पताल का जिप सदस्य संतोषी शेखर, डॉ मकबूल अंसारी,डॉ जेबा,डॉ जावेद अख्तर,डॉसुजीत कुमार,डॉ सुशील मोदी, संचालक हरिश कुमार समेत उन अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर महिला रोग विशेषज्ञ डॉ जेबा ने कहा कि बिरसा सेवा सदन में सभी प्रकार के रोगियों का समुचित इलाज किया जाएगा । जिप सदस्य श्रीमती शेखर ने कहा कि बरवाडीह जैसे छोटे जगह में सभी सुविधाओं युक्त बिरसा सेवा सदन जैसे अस्पताल का शुभारंभ होने क्षेत्र के विकास का परिचायक है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के खुलने से लोगों को दूसरे शहरों में इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। संचालक हरीश कुमार ने कहा कि बिरसा सेवा सदन में सर्जन समेत पांच चिकित्सकों के साथ अल्ट्रासाउंड व अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधा का लाभ यहां के लोगो को नियमित रूप से मिलेगा।

# महुआडांड़ में मनरेगा योजनाओं का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** लातेहार डीडीसी सुरजीत सिंह ने गुरुवार को महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं के जमीनी हकीकत का जायजा लिया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजनाओं के तहत आम बागवानी एवं कूप निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। पंचायत अक्सी के ग्राम चेतमा में 40 लाभुकों के जमीनों पर लगे आम बागवानी का निरीक्षण किया। वहीं मरियम एक्का, संजीवन कुजूर, बिरसुमणी एवं अन्य लाभुको के खेतों में कूप निर्माण का निरीक्षण किया। साथ योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए लंबित योजनाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपस्थित पदाधिकारी को भी समय-समय पर औचक निरीक्षण कर कार्यों के सफल संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग, अभिमन्यु कुमार, प्रभाकर मणि, प्रभात, सरोज, सुखदेव साहू, समसुल हक, संजीव भगत समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं लाभुक उपस्थित थे।

### श्री लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ का हवन पूजन संपन्न

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ का समापन गुरुवार को हवन-पूजन एवं भव्य भंडारे के साथ किया गया। बनारस से आए आज्ञाचार्य चंद्रमणि चक्रपाणि जी महाराज एवं उनके सहयोगियों के द्वारा हवन-पूजन के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ मंडप में सैकड़ों महिलाओं ने हवन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में हजारीबाग लोस के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल, चतरा से भाजपा के भावी उम्मीदवार गिरिनाथ सिंह, बरेली विधानसभा के पूर्व भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार यादव, कीर्तन मंडली के शिव सेवक सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, डोमन राणा सुजीत भारती, श्याम सिंह, शिव कुमार सिंह, दहींन सिंह समेत भारी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल थे।

# विद्यार्थियों को उत्कृष्ट बनाना कॉलेज का दायित्व : फादर डॉ एमके जोस

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआटांड ।** संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड में 21 मार्च को छात्र-छात्राओं का आदान-प्रदान और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । एआईएसईसीटी विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुछ सहायक प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं संत जेवियर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक और छात्र छात्राओं के बीच अपना ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान किया गया । जिसमें संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड़ के प्राचार्य फादर डॉक्टर एम.के. जोस ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व को बताएं और भविष्य में ऐसा कार्यक्रम करने की बात रखें। विश्वविद्यालय के डिन ऑफ साइंस के डॉ दिवाकर निराला ने अपने विश्वविद्यालय का अनुभव और ज्ञान छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया ।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार साहू सविता कुमारी राहुल कुमार सुप्रियो रानी और संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड के उप प्राचार्य सिस्टर कैसलीन जूलियट और सहायक अध्यापक अजय कुमार साव खुर्शीद आलम और अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे। अंत में दोनों संस्थान के छात्र-छात्राओं के बीच एक कविता और भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कविता प्रतियोगिता में सहायक प्राध्यापक सुरभी सिंह और आरिफुल हक द्वारा प्रथम प्रियंका टोप्पो द्वितीय अनुकंपा मेंस और तृतीय रोशनी टेपों को घोषित किया गया। भाषण प्रतियोगिता जिसमें प्रथम स्थान निशा नगेसिया द्वितीय स्थान सालू कुजूर और तृतीय स्थान अनुकंपा मींज प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक अजय कुमार साव के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

### छात्र-छात्राओं के बीच कविता और भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# ठेकेदार से उग्रवादी के नाम पर लेवी मांगने वाला युवक गिरफ्तार, मोबाइल और बाइक बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** पुलिस ने टीपीसी के पहाडी गंझु के नाम पर लेवी मांगने वाले युवक को सिमरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक राज कुमार सुमन्त सिमरिया थाना अंतर्गत शिला ओपी के तपसा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन और रेकी करने में उपयोग में लाया गया एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद किया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ अजय कुमार केसरी ने सिमरिया थाना में प्रेसवार्ता में देते हुवे बताया कि पिछले 14 मार्च को सिमरिया के ठिकेदार जय प्रकाश सिंह ने एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर टीपीसी के पहाडी गंझू के नाम से रोल से दुवारी सड़क निर्माण कार्य के लिए दस लाख रुपये लेवी की मांग फोन कर और एसएमएस से करने की शिकायत पुलिस से की थी। नहीं देने पर गोलियों से छलनी करने की धमकी भी दी जा रही थी। इस बाबत पुलिस द्वारा प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। उन्होंने बताया कि घटना के त्वरित अनुसंधान के लिए पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मेरे नैतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम मे पुलिस इंस्पेक्टर उमेश राम, सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार, पथलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से अनुसंधान के क्रम में तकनीकि शाखा के मदद से घटना में उपयोग किए गए मोबाइल नम्बर के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उक्त फर्जी नम्बर का उपयोग तपसा के राजकुमार सुमन्त द्वारा किया जा रह था। 20 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त को गोनिया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया एवं उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं घटना को अंजाम देने के लिए रेकी करने में उपयोग में लाया गया मोटरसाइकिल जब्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध टंडवा थाना में वर्ष 2021 में सीएलए एक्ट की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्त का पूर्व से भीआपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार युवक को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया।



### 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के खैल्हा में गुरुवार को बिजली तार मरम्मत के लिए 11 हजार पोल पर चढ़े लाइनमैन की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटाही मिश्रोल निवासी 30 वर्षीय चिंतामन महतो पिता बालदेव महतो पिछले 8 वर्षों से ठेकेदार के अधीन रहकर लाइनमैन का कार्य करता था। घटना को लेकर खैल्हा निवासी पारा शिक्षक संतोष महतो ने बताया कि पिछले एक माह से बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग से लिखित शिकायत की गई थी। जिसके आलोक में गुरुवार देर शाम लगभग 4 बजे मेंटनेंस के लिए लाइनमैन युवक बिजली पोल पर चढ़ने के बाद 11 हजार वोल्ट के चपेट में आने से तार में लटक गया। घर का एकमात्र कमाऊ की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोग संवेदक व विभागीय कर्मियों पर साजिश व लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

कार्यालय:–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

लोकसभा आम चुनाव 2024 के सुव्यवस्थित एवं सफल क्रियान्वयन हेतु मतदान दलों, मध्यवर्ती स्ट्रॉंग रूम, एम्बुलेंस आदि पर मेडिकल कीट की उपलब्धता की जानी है। उक्त आलोक में मेडिकल किट की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निम्नरूपेण अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

- Medical Kit-Group-A(For Polling Party)
- Medical Kit-Group-B(For ISR, Ambulance, Police Station etc)

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 30.03.2024 |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, लातेहार झारखण्ड पिन न0 829206 |
| निविदा खुलने की तिथि | 02.04.2024 |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय वेश्म, लातेहार। |

- नोट:–निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि/मेडिकल किट में शामिल दवा उपचार सामग्री की सूची आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय लातेहार के सूचना पट्ट पर एवं जिला लातेहार के वेबसाइट http://latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार।
PR 323236 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(सामान्य शाखा)

आदेश

आगामी लोक सभा चुनाव 2024 को स्वच्छ शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु लोहरदगा के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने थाना में अपना शस्त्र दिनांक 20.03.2024 से 27.03.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित समयावधि में शस्त्र जमा नहीं करने पर शस्त्र नियमावली के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द/निलंबन संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त
लोहरदगा
PR 323268 (Lohardaga)23-24*D

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के अलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलों/ निर्वाचन कार्य में संबद्ध अन्य दलों/पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा के परिसर में पूरब तरफ अवस्थित नया भवन का 10 कमरा, नया भवन के पीछे अवस्थित 01 कमरा, नये भवन के उत्तर में अवस्थित 01 हॉल एवं तीन कमरा को चिन्हित किया गया है। मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 27.03.2024 से प्रारम्भ होना है।

अत: निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान दलों एवं संबद्ध कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा का सम्पूर्ण परिसर एवं उपस्कर के साथ उपरोक्त चिन्हित कमरों को निर्वाचन कार्य हेतु दिनांक 26.03.2024 से दिनांक 05.05.2024 तक के लिए अधिग्रहित करता हूँ।

ह0/– जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा
PR.NO.323238 Election(23-24):D

## एक नजर

### खाद्य निरीक्षक ने किया किराना दुकान और होटलों का निरीक्षण

**कुडू-लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र में गुरुवार को आगामी होली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लोहरदगा राजा कुमार और सहकर्मी रजनीश कुमार द्वारा लगभग 20 किराना दुकान, होटलों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कुल 15 खाद्य नमूना संग्रहित कर जांच हेतु एफएसएसएआई मान्यता प्राप्त लैब भेजा गया है। निरीक्षण के क्रम में खाद्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता बरतने, अखाद्य रंग का प्रयोग न करने, एक्पायरी खाद्य सामग्री को न बेचने एवं बने हुए खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने की हिदायत दी गयी।

### नवपदस्थापित डीईओ से शिक्षकों ने भेंट की

**लोहरदगा।** जिले की नवपदस्थापित डीईओ सह डीएसई नीलम आयलीन टोप्पो ने कार्यालय कक्ष में शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ भेंट वार्ता के दौरान कही की शिक्षक शिक्षा का कार्य मुस्तैदी से करें। श्रीमती टोप्पो ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगे तो निश्चित रूप से नौनिहालों का भविष्य उज्जवल रहेगा। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन एवं लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद, अरुण राम ने नए शिक्षा पदाधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही आशा व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में शिक्षकों की बेहतरी के लिए कार्य होगा। नए अवकाश तालिका पर भी चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षक प्रतिनिधि तौफीक अहमद, मसूद आलम, तौहीद आलम समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### कुडू थाने में शांति समिति की हुई बैठक

**कुडू।** होली त्योहार 2024 के अवसर पर शांति समिति की बैठक कुडू थाना परिसर में अंचलाधिकारी कुडू मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया तथा सभी लोगों द्वारा सहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25/3/2024 को होली त्यौहार शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाएगा तथा प्रशासन को हर संभव मदद किया जाएगा। इस मौके पर कुडू अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, उप प्रमुख कुडू एनुल अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कुडू भूषण प्रसाद, ओमप्रकाश भारती, मोहम्मद साजिद आलम, ओम प्रकाश साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में स्कूल का कार्य सराहनीय : ऐनुल अंसारी

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुंदरू में संचालित शाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी उपस्थित हुए। मौके पर उप प्रमुख श्री अंसारी ने कहा कि शिक्षा के बिना बेहतर भविष्य निर्माण की कल्पना करना मुश्किल है। और क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शाइन पब्लिक स्कूल बेहतर भूमिका निभाने का कार्य कर रहा है जो काफी सराहनीय है। मौके पर मनान अंसारी, संजू तुरी, शुशील उरांव, समशुल अंसारी, संजय कुमार बैठा, प्रिंसिपल गोविंद ठाकुर, शिक्षक नाजनीन अंसारी, गुलनाज प्रवीन, शानिया प्रवीन, परीना प्रवीन, प्रेमिका कुमारी, अरशद अंसारी, माजिद आंसारी आदि उपस्थित थे।

**कार्रवाई : बालू माफिया के विरुद्ध छापेमारी में 14 हजार घनफीट बालू जब्त**

# 'बालू का अवैध भंडारण दंडनीय अपराध'

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बालू के अवैध भंडारण कर कारोबार करने की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस टीम ने कैरो थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर सघन छापामारी अभियान चलाया। कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे डूमर टोली के अलग-अलग स्थान में अवैध रूप से भंडारण किया गया लगभग 14 हजार घनफिट अवैध बालू जब्त किया गया। बालू का अवैध भंडारण कर इसका कारोबार करने के आरोप में सड़ाबे डूमर टोली गांव निवासी अवध साहू समेत अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कैरो थाना कांड संख्या 15/2024 प्राथमिकी दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मामले पर खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का उल्लंघन, झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली का उल्लंघन एवं सरकारी संपत्ति चोरी करने का आरोप दर्ज प्राथमिकी में लगाया गया है। उपरोक्त नियमावली का उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।



मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद की अगुवाई में की गयी छापामारी में कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे डूमर टोली स्थित अवध साहू के घर के परिसर से 30 ट्रैक्टर लगभग 3000 घन फिट अवैध बालू का भंडार किया गया था। मामले पर पूछताछ करने पर पता चला कि, अवैध बालू का भंडार निकट के कोयल नदी से उत्खनन कर किया गया है।

इसके बाद छापामारी टीम सड़ाबे गांव के उत्तरी क्षेत्र स्थित खेल मैदान में छापा मारा। खेल मैदान के पश्चिमी भाग में लगभग 50 ट्रैक्टर एवं एक स्थान पर 55 ट्रैक्टर दोनों मिलाकर कुल 10500 घन फिट अवैध बालू का भंडार किया किया गया था। मौके पर पूछताछ करने पर अवैध भंडारित बालू अवध साहू समेत अन्य ग्रामीण बालू तस्करों के होने की जानकारी मिली।

बालू के भंडार को जप्त कर कैरो थाना में मामला दर्ज कराया गया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे गांव में किसी व्यक्ति को बालू भंडार कर इसका व्यावसायिक उपयोग करने की अनुज्ञप्ति खनन कार्यालय से नहीं दिया गया है। बिना अनुज्ञप्ति के बालू का भंडारण करना अवैध और दंडनीय अपराध है। कहा कि, छापामारी के बाद बालू के भंडारण को जप्त कर अवैध कारोबार में लगे व्यक्तियों के विरुद्ध कैरो थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया है।

# चैनपुर में वज्रपात से तीन पशुओं की मौत, एक गंभीर रूप से झुलसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के छिछवानी पंचायत अंतर्गत महेशपुर खड़िया टोली में आसमानी बिजली गिरने से बेरनार्ड लकड़ा के तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गयी वही एक पशु गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित किसान ने बताया कि हर दिन के भांति उन्होंने अपने मवेशियों को घर के कुछ दूरी पर चारा खाने के लिए छोड़ दिया था। जिसके बाद अचानक तेज बारिश के साथ बज्रपात हो गयी। जिसके चपेट में आने से तीन पशुओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी और एक बैल घायल हो गया। जिसकी सूचना चैनपुर के पशु चिकित्सक को दी गयी। जिसके बाद उन्होंने आकर घायल पशु का इलाज किया पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। बताते चले कि इस क्षेत्र में तीन चार दिनों से लगातार बारिस के साथ साथ बज्रपात एवं ओलावृष्टि हो रही है, जिससे किसान सहित आमजन भी त्रस्त है।

### बेमौसम बारिश से दो परिवारों का उजड़ा आशियाना

**सेन्हा-लोहरदगा।** बेमौसम बारिश से गरीब किसान परिवर का उजड़ा आशियाना। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत स्थित घाटा ग्राम में मौसम का असर देखने को मिला बताया जाता है। कि गरीब किसान परिवार का कच्चा मकान गिरने से हजारों का नुकसान हुआ। लगातार तीन दिनो से रुक रुक कर बारिश होने की वजह से झलजमीरा पंचायत के घाटा ग्राम निवासी स्व। एतवा उरांव के पुत्र सोमा उरांव तथा सुखराम उरांव का कच्चा खपरैल मकान गिर गया है। जिसे दोनों गरीब किसान को करीब 60 - 70 हजार का नुकसान हुआ है। और घर गिर जाने से परिवार के साथ रहने में भी काफी परेशानी हो रही है।वही मकान गिरने से घर मे रखा धान, चावल और दैनिक उपयोगी सहित अन्य वस्तु दब कर नष्ट हो गया। इससे परिवार का भरण पोषण के लिए दोनों गरीब किसान परिवार के बीच समस्या बना हुआ है। पीड़ित परिवार द्वारा अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को आवेदन देते हुए मकान गिरने के सम्बंध में अवगत कराते हुए आपदा राहत कोष से सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद का गुहार लगाया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा प्राप्त आवेदन के आलोक में जांच प्रकिया आरम्भ कर दिया गया है। और जांचोपरांत गरीब परिवार को सरकारी आपदा मद से सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## सेन्हा थाने की पुलिस ने बक्सीडीपा में महुआ शराब को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सेन्हा और बक्सीडीपा में शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए सेन्हा थाना पुलिस ने जिले के एसपी हारिस बिन जमां के निर्देश पर बुधवार देर शाम अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए अभियान चलाया गया। प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर एवं एस आई मनोज कुमार द्वारा पुलिस जवान अभियान में शामिल होकर अवैध शराब को बहा कर नस्ट दिया गया।



प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा की क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित होटल और बस्ती के मकान में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे एक मकान में शराब बनाने के लिये जावा महुवा, बर्तन और 5 लीटर शराब सहित अन्य वस्तु को नष्ट कर दिया गया है। वही पुलिस प्रशासन द्वारा इस तरह की कारवाई से क्षेत्र में शराब कारोबारियों में दहस्त है। साथ ही उन्हनो कहा कि शराब बिक्री करने और शराब पीकर घर परिवार में पति पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा काफी हो रहा है। जिसे बच्चो पर गलत प्रभाव पड़ रहा है।तथा शराब का सेवन से आर्थिक नुकसान पहुंचता है। उस उद्देश्य से शराब कारोबारियों पर नकेल कसने के काम किया जा रहा है। वही लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है। जिस निमित आदर्श आचार संहिता लग चुका है। और गांव गांव में सभी जगह बड़े पैमाने पर शराब बनता है। जिसे शराब बनाने वालों का सूचना दें जिस पर कारवाई किया जाएगा। जिसे शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो सके। मौके पर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, एसआई मनोज कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

## लोस चुनाव और अपराध नियंत्रण को लेकर चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने कुरुमगढ़ मोड़ के समीप गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं बैग की गहनता के साथ जांच की गई वहीं बिना हेलमेट के चलने वाले दर्जनों वाहन चालकों को कड़ी फटकार के साथ छोड़ा गया उपस्थित थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है जिसमें सभी छोटे बड़े वाहनों को जांच किया जा रहा है और आगे भी समय समय पर जांच अभियान चलाया जाएगा।



### झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर मांझाटोली और भिखमपुर में बना चेकपोस्ट

**गुमला।** आदर्श अचार संहिता लगने के साथ ही झारखंड छत्तीसगढ़ बोर्डर मांझाटोली और जारी इलाके में भिखमपुर के समीप चेक पोस्ट लगा कर बड़ी छोटी वाहनो समेत विभिन्न गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। यह चेक पोस्ट रोजाना दिन 24 घंटे संचालित हो रही है। तीन शिफ्ट आठ-आठ घंटे का बनाया गया है। एक शिफ्ट में एक मजिस्ट्रेट व पुलिस पार्टी की टीम तैनात की गई है। चेकपोस्ट में सीसीटीवी लगा कर निगरानी की जा रही है। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य गतिविधि पर नजर रखने के लिए झारखंड व छत्तीसगढ़ बोर्डर पर चेक पोस्ट लगाया गया है। साथ ही दोनो राज्य से आने जाने वाली बड़ी छोटी वाहनो की जांच पड़ताल गहणता पूर्वक किया जा रहा है। इसी तरह के चेक पोस्ट छतीसगढ ने अपने इलाके में स्थापित कर आने-जाने वालों पर पैनी नजर रख रहा है।

## चुनाव को ले आईजी पहुंचे लोहरदगा सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा

**नवक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष इंतजाम पर आईजी ने दिया जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा लोहरदगा पहुंचे। एसपी ऑफिस में उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक प्रबंध करने का निर्देश दिया। आईजी अखिलेश कुमार झा ने जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष रणनीति बनाकर चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की बात कही। आईजी ने लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी इंतजाम के साथ-साथ सेफ्टी पर भी ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने जिले की भौगोलिक स्थिति एवं उग्रवादी गतिविधियों के अनुरूप काम करने का निर्देश दिया। आईजी ने बताया कि निर्भीक और सुरक्षात्मक चुनाव करना पुलिस प्रशासन की चुनौती है। ऐसे में सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर करेंगे। चुनाव के दौरान अवैध शराब, शस्त्र और अपराधियों पर पैनी नजर रहेगी। इसके लिए महत्वपूर्ण स्थान पर बॉर्डर चेक पोस्ट बनाया जाएगा। आईजी ने लोकसभा चुनाव 2024 के बूथों की संख्या आदि की भी ली जानकारी। यहां उन्होंने क्षेत्र के बूथों की संख्या के साथ-साथ सुरक्षा की तैयारी की भी समीक्षा की.आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले के पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा और महाआरती का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रघुनंदन लेन में भव्य महा आरती कार्यक्रम किया गया। जिसमें हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार सोनी के द्वारा किया गया। जिसमें बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को अपने-अपने गांव मोहल्ले में मंगल आरती मिलन केंद्र का कार्यक्रम होना चाहिए। आए दिन बैंगलोर में जिस तरह से रामभक्तों के द्वारा हनुमान चालीसा का भजन बजाने पर मुसलमानों के द्वारा बंद करवाया और उसके साथ मारपीट की गई इसे साफ जाहिर होता है कि हम लोगों का धर्म से उन लोगों को बहुत तकलीफ है। इसलिए मैं साफ कहना चाहता हूं हमारे सभी सनातनी भाइयों से की हर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ अपने घरों में मठ मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ होना चाहिए और छोटे-छोटे बच्चों को भी प्रेरित करना चाहिए। बजरंग दल सहसंयोजक अनुभव कांस्यकार ने कहा कि आज पूरे विश्व में जिस तरह से बजरंग दल सेवा सुरक्षा संस्कार का काम करती है। आने वाले समय में और भी कर जैसे- मठ मंदिरों की सफाई, ब्लड डोनेशन, शोभा यात्रा,अनेकों धार्मिक कार्य करने में बजरंग दल हमेशा से सनातन धर्म के लिए तात्पर्य खड़ी रहती है। बजरंग दल जिला अखाड़ा प्रमुख हंसमुख राम वर्मा ने कहा कि अब प्रत्येक सप्ताह बजरंग दल के द्वारा ललित नारायण स्टेडियम में अखाड़ा लगाई जाएगी जिसमें बच्चों और बड़ों को एक्सरसाइज,कुश्ती, दंड प्रहार, इत्यादि सिखाई जाएगी। बजरंग दल सहसंयोजक अमित कुमार ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को सभी राम भक्त को हर एक मंदिरों में हनुमान चालीसा का कार्यक्रम शुरू कर देना चाहिए। जहां जहां ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवारी आरती नहीं होती है वहां भी सभी राम भक्त मंगलवारी आरती को शुरू करना चाहिए। मौके पर उपस्थित अनिल कुमार गुप्ता,अशोक कसकर, सह गौरक्षा प्रमुख अमृत कसकर, रोहित कसकर, अमन कुमार, निशांत कुमार, शुभम गुप्ता, प्रमोद प्रजापति, और सभी राम भक्त माताएं बहने उपस्थित थीं।

### सेवा, संस्कार, धर्म, संस्कृति हमारा परम लक्ष्य : दीपक

**लोहरदगा।** नगर क्षेत्र के बाल्मीकि नगर हनुमान मंदिर के प्रांगण में जय श्री राम समिति की बैठक नगर अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं नववर्ष को लेकर खास चर्चा हुई। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा सेवा संस्कार धर्म संस्कृति हमारा परम लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हर इंसान के अंदर होनी चाहिए सेवा देने का अनेकों प्रकार के मौके होते हैं और ऐसे मौके को बेकार न जाने दे। किसी भी धर्म जाति से बिलॉन्ग करें हम सब का एक ही लक्ष्य मानव सेवा होनी चाहिए। आने वाला 9 अप्रैल को नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आप सबों की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। संरक्षक बजरंग करुवा कन्हैया करुवा रवि करूवा वीरेंद्र करुवा बृजमोहन करूवा मुनि पद करूवा,शंकार मुखी,विजय करूवा अध्यक्ष रमेश करूवा, महामंत्री रोशन करूवा,कार्यकारी अध्यक्ष वीरू मुखी,उपाध्यक्ष रोहित मुखी, प्रीतम मुखी,पवन करूवा कोषाध्यक्ष रोहन करवा संगठन मंत्री शिवा करवा,संजय करूवा मीडिया प्रभारी रोहन करूवा संपर्क अभियान प्रमुख मिथिलेश लोहार को बनाया गया। मौके पर जिला संरक्षक अनूप गुप्ता,जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,प्रदीप साहू, विक्की कसेरा,बजरंग करुवा नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत काफी संख्या में मौजूद थे।

## कुडू बीडीओ ने किया बड़कीचांपी पंचायत के बूथों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही प्रशासन पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ चुनाव को संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियां तेज कर दी है। इधर इसी निमित गुरुवार को कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव के द्वारा कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़की चाँपि अंतर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान कुडू बीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहुंच पथ, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं को शत-प्रतिशत बहाल कराए जाने हेतु मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पूरी स्थिति वस्तु का मुआयना किया गया। इस मौके पर दुबांग गांव स्थित बूथ, बड़की चांपी में बनाये अस्थायी जांच का स्थल का निरीक्षण कर पूरी स्थिति वस्तु का जायजा लिया गया।



### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**लोहरदगा।** जिले के भारत स्काउट एंड गाइड के बालक/बालिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसका आयोजन चुन्नी लाल विद्यालय लोहरदगा से प्रारंभ होकर बड़ा तालाब थाना मोड अमला टोली रोड होते हुए पुराना नगर पालिका परिसर तक किया गया। जिसमे मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का अपील किया गया। रैली में शामिल वरीय पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा,नगर परिषद पदाधिकारी जयपाल सिंह मुंडा,शिक्षा विभाग एसडीओ सहित कई पदाधिकारी तथा अन्य स्वीप कोषांग के कर्मी शामिल होकर रैली को सफल बनाया।

## पत्रकार ओमप्रकाश साहू की माता पंचतत्व में विलीन, निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता व जिला पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की माता तारा देवी का बुधवार की शाम निधन हो गया। 75 वर्षीय तारा देवी ने शाम 6 बजे अपने आवास में अंतिम सांस ली। वे बीते कुछ माह से बीमार चल रहीं थीं। गुरुवार को कुडू के टीको नदी के तट स्थित मुक्ति धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से लोहरदगा जिला पत्रकार संघ के सदस्यों में शोक की लहर है। इनके निधन पर जिले के पत्रकार दीपक मुखर्जी, गोपी चंद्र कुंवर, कय्यूम खान, सत्यकाम, राकेश सिन्हा, शतिष शाहदेव, रवि साहू, संजय कुमार, रौशन शाहदेव, विक्रम चौहान, राहुल कौशल, आसिफ रजा, सम्पूर्णानंद भारती आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### शोकाकुल परिवार से मिले सुखदेव भगत

कुडू के पत्रकार ओमप्रकाश साहू की मां का कल शाम को निधन हो गया। इस बात की जानकारी मिलते ही गुरुवार को लोहरदगा के पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत कुडू पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये। और उन्हें ढांढ़स बंधाये। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, पवन गौतम आदि शामिल हैं।

**चुनाव की तैयारियों को लेकर बीडीओ-सीओ ने की बैठक**

## राजनीतिक दल चुनाव आयोग की गाइडलाइन को मानें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने प्रखंड सभागार में गुरुवार को सभी सेक्टर मैजिस्ट्रेट, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व बीएलओ पर्यवेक्षक की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित प्रखंड के लोहरदगा व विशुनपुर विधानसभा अंतर्गत प्रखंड के मतदान केन्द्रों में न्यूनतम सुविधा यथा शौचालय, रैंप, विद्युत, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था सहित मतदान के दिन मतदान दल के लिए मतदान केंद्रों पर रुकने एवं ठहरने की व्यवस्था यथा मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, पेयजल, शौचालय तथा मतदान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की गई एवं आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया गया। इसके अलावे मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए उचित वाहन, मतदान केंद्रों के बीच पहुंचने का छोटा रास्ता पहुंचने में लगा समय, मतदान केंद्रों के बीच की वास्तविक दूरी, मतदान केंद्रों तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्ग, मतदान केंद्रों पर मोबाइल कनेक्टिविटी, कम्युनिकेशन प्लान के लिए मतदान क्षेत्र में कार्यरत जमीनी कर्मचारियों के बीएलओ, ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, को करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक गाइडलाइन निर्धारित की गई है। अतः सभी लोग उसी के अनुसार चुनाव कराए, इसके अलावा राजनीतिक दल का कोई भी व्यक्ति किसी के व्यक्तिगत जीवन या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्य नहीं दे। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन चुनावी मोड में कार्य करते हुए होटल-ढाबों, होम स्टे, धर्मशालाओं की निरंतर चेकिंग करेगी प्रखंड में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। मौके पर प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सहित प्रखंड के सभी चुनाव कर्मी मौजूद थे।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
( E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ....................../ लोहरदगा, दिनांक............................/

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 229 दिनांक–13.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 MID/LOHARDAGA/F2-38/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322559 (Lohardaga) 23-24 (D) द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.323252 Lohardaga(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

पत्रांक :– 568 गुमला, दिनांक :– 21.03.2024

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 427 दिनांक 14.03.24 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/GUMLA/F2-47/2023-24, PR No.322668 (Minor Irrigation) 23-24 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गुमला

PR 323269 Minor Irrigation(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

पत्रांक :– 569 गुमला, दिनांक :– 21.03.2024

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 428 दिनांक 14.03.24 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/GUMLA/F2-48/2023-24, PR No.322670 Minor Irrigation (23-24).D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 323266 Minor Irrigation (23-24)_D

## एक नजर

### इनर व्हील ने मारग्रेट गोल्डिंग की स्मृति में नर्सों को किया सम्मानित

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील की संस्थापिका मार्गरेट ओलिवर गोल्डिंग की स्मृति में , जो खुद एक नर्स थी ,शहर के 100 नर्सों को सम्मानित करने का संकल्प लिया ।इसी सिलसिले में आज क्लब द्वारा चैताडीह मैटरनिटी अस्पताल में 25 नर्सों को सम्मानित किया गया, उसके बाद सदर अस्पताल में 20 नर्सों को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब गिरिडीह इस वर्ष कई क्षेत्रों में 100 की संख्या में सेवाकार्य कर रहा है। इसी सिलसिले में क्लब द्वारा शहर के विभिन्न अस्पतालों की 100 नर्सों को सम्मानित करने का संकल्प लिया गया है। इस कार्य के लिए आगे बढ़कर चेन्नई के इनर व्हील क्लब अडयार ने भी अपना सहयोग दिया है ।क्लब द्वारा कल मरसी हॉस्पिटल की नर्सों को और 19 मार्च को शिवम अस्पताल की नर्सों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा रेखा तर्वे , अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन , डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रश्मि गुप्ता , पास्ट प्रेसिडेन्ट मौसुमी सरकार ,क्लब सदस्या सोनी कंधवे , आराधना एवम डॉली हलधर क्लब की सदस्याएँ उपस्थित रहे।

### बाल विवाह अपराध है, ऐसा करने और करानेवाले दोनों दोषी

**धनबाद।** बाल विवाह की रोकथाम के लिए महुदा के कंचनपुर में गुरुवार को पंचायत स्तरीय कार्यशाला हुई. कार्यशाला का आयोजन बाल कल्याण समिति रांची व गर्ल्स नॉट ब्राइट्स ने किया. इसमें पाथरगड़िया पंचायत के वार्ड सदस्य, महिला मंडल, किशोरी किशोरी मंडल व आंगनबाड़ी सेविकाएं सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है. बाल विवाह करने और कराने वाले दोनों समान रूप से दोषी हैं. जागरूकता से ही बाल विवाह को समाप्त किया जा सकता है. कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पथरगड़िया पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ ली. मौके पर विनोद महतो, ममता रवानी, सागर रवानी, नितेश कुमार वर्मा, पूजा कुमारी, चंदा कुमारी, गुलनाज बानो, माला देवी, बेला कुमारी, दीपा रवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पांच दिनों बाद भी नहीं पकड़ाया तेंदुआ

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में 17 मार्च को तेंदुआ मिलने की खबर के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. पांच दिनों बाद भी तेंदुआ अब तक पकड़ में नहीं आया है. अब तेंदुआ के पैरों के निशान गम्हरिया उषा मार्टिन के पीछे बाल्मिकी नगर के पास झाड़ियों में पाए गए है. वन विभाग के अनुसार तेंदुआ चहलकदमी करते हुए गम्हरिया तक पहुंच गया है. तेंदुआ के पैरों के निशान ताजा है. वह इलाके की झाड़ियों में छिपा बैठा है. इधर, छोटा गम्हरिया स्थित मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह दो मृत मुर्गा मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है. सुबह दो मुर्गा मृत पाए गए, जिसकी सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि वन विभाग का मानना है कि यह हमला तेंदुए ने नहीं किया है, बल्कि यह हमला किसी कुत्ते द्वारा किया गया है. सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे तेंदुए के पकड़ाने की पुष्टि की गई है. हालांकि, वन विभाग ने इस वीडियो को फर्जी बताया है. वहीं जिले के एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि इस तरह के वीडियो और फोटो वायरल करने वालों के खिलाफ पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

# शिबू के परिवार से किसी को भी उ. छोटानागपुर की जनता ने जनप्रतिनिधि के रुप में नहीं स्वीकारा : मरांडी

## गांडेय विधानसभा क्षेत्र के केएन बक्शी बीएड कॉलेज के प्रांगण में भाजपा का बूथ स्तरीय सम्मेलन

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित भाजपा नेताओं का लगा जमावड़ा




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकसभा चुनाव के साथ-साथ गांडेय विधानसभा उपचुनाव की घोषणा होने के साथ ही चुनावी बिसात बिछाई जाने लगी है। अभी गांडेय उपचुनाव में प्रत्याशी की भी घोषणा नहीं हुई है परंतु राजनीतिक पार्टियां पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई हैं। झामुमो नेत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत गांडेय भ्रमण करती दिख रही हैं तो दूसरी तरफ भाजपा नेताओं का जमावड़ा भी देखने को मिल रहा है। गुरुवार को भाजपा के द्वारा गांडेय विधानसभा क्षेत्र के केएन बक्शी बीएड कॉलेज के प्रांगण में बूथ स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्वा देवी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।

मौके पर बाबूलाल मंराडी ने कल्पना सोरेन के गांडेय से उपचुनाव लड़ने की संभावना को लेकर कहा कि कोई भी कहीं से चुनाव लड़ सकता है। लेकिन कल्पना जी को याद रखनी चाहिए कि उन पर शिबू सोरेन परिवार के बहु होने का ठप्पा लगा है। जहां तक उन्हें स्मरण है कि उत्तरी छोटानागपुर की जनता ने शिबू सोरेन के परिवार में से कभी किसी को जनप्रतिनिधि के रुप में स्वीकार नही किया है। श्री मरांडी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने वादे को सीना ठोंक कर पूरा किया है। राम मंदिर निर्माण और जम्मू-कश्मीर से 370 हटाना इसमें प्रमुखता से शामिल है। किसानों की बात हो, युवाओं की, महिलाओं की, सभी के हित में मोदी सरकार ने कार्य किया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से झारखंड के दुर्गम क्षेत्रों में सड़क और पुल-पुलिया बनाकर आवागमन सुगम करने की पहल हुई है। मोदी जी की सरकार के द्वारा देश की गरीब जनता के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निशुल्क ईलाज मुहैया कराया जा रहा है। जनहित के कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त है।

सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद गांवो का परिवेश काफी बदला है। बात चाहे सड़कों की हो या शौचालय की, पीएम आवास ने एक-एक गांव की तस्वीर को बदल कर रख दिया है। मोदी सरकार के लिए नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में नैतिक शिक्षा उपलब्ध कराना बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। कार्यक्रम को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, प्रणव वर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित करते हुए झामुमो पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन में मुनिया देवी, प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, पार्टी के जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, गांडेय पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, जिला महामंत्री संदीप डंगाईच, सुभाष चन्द्र सिन्हा, विनय सिंह, पुरुषोतम राय, रंजीत मंराडी, उषा कुमारी, संजू देवी समेत कई भाजपाई उपस्थित थे। वहीं काफी संख्या में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## मनरेगा लाभुक मजदूर संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड मनरेगा लाभुक - मजदूर संघ के द्वारा गुरुवार को तिसरी मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा लाभुक - मजदूर संघ के अध्यक्ष उपेंद्र साव समेत कई सदस्य उपस्थित थे। जहाँ सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर उपेंद्र साव ने प्रखंड वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनरेगा लाभुक मजदूर संघ के गठन के बाद यह पहली होली है। इस अवसर पर यहां संघ के कई लोग जुटकर एक दूसरे को बधाइयां दिए साथ ही संगठन की मजबूती पर भी चचाएं की गई। संगठन के माध्यम से ही मजदूरों के हक और अधिकार की आवाज उठाई जाएगी। मौके पर सचिव राजू मंडल, सोनू यादव, विकास साव, संजय मंडल, विनोद राय, नरेश मोदी, चंद्र देव यादव, अशोक राय, राजा राम मुर्मू, परवेज आलम,रविंद्र यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बिरनी व भरकट्टा ओपी पुलिस ने अवैध महुआ शराब किया नष्ट




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी थाना पुलिस व भरकट्टा ओपी पुलिस द्वारा गुरुवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी किया गया। इस छापेमारी में बिरनी पुलिस ने 250 लीटर व भरकट्टा ओपी पुलिस ने 200 लीटर अवैध महुआ शराब को नष्ट किया। जिसमें बिरनी थाना के राजमानिया गाँव व भरकट्टा ओपी क्षेत्र के खुरजीओ गाँव मे छापेमारी करते हुए अवैध महुआ शराब को नष्ट किया गया। इधर बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार व भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने कहा कि गुरुवार को छापेमारी किया गया। अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी लगातार जारी रहेगा। संचालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किया जाएगा।

## खटपोंक पंचायत के कर्णपुरा में साड़ी के फंदे से लटका मिला युवक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र के खटपोंक पंचायत के कर्णपुरा में एक व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। मृतक का नाम कर्णपुरा निवासी 32 वर्षीय उमेश यादव है। घटना के पीछे आपसी विवाद कारण बताया जा रहा है। पुलिसिया जांच के बाद ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान होने को भी बात सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक उमेश यादव के परिवार में तीन भाई हैं सभी अलग - अलग रहते हैं। उमेश अपनी पत्नी के साथ कुछ दिन पूर्व ही बिहार के चकाई स्थित अपने ससुराल गया था। अपनी माँ के बुलाने पर बुधवार को वह पत्नी संग घर आ गया। जिसके बाद दोनों पति - पत्नी में रात भर विवाद होता रहा। जिसके कारण मृतक की पत्नी गुरुवार की सुबह उसकी शिकायत लेकर थाना जा रही थी। इसी बीच आस - पास के लोगों ने देखा कि उमेश यादव का शव ऊपर एक लकड़ी में साड़ी के फंदे से लटका हुआ है। जिसके बाद इसकी जानकारी परिजनों को दी गई। जिसके बाद मृतक के परिजन वहां पहुंचे। और इसकी सुचना पुलिस को दी गई।

## बीएलओ के साथ बैठक में बीडीओ व सीओ ने दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए पोस्टर बैलेट से संबंधित चर्चा करते हुए उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। बूथ लेबल बनाए जा रहे ग्रुप पर चर्चा करते हुए आवश्यक जानकारियों को साझा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने क्षेत्र के बूथों में व्यवस्था को लेकर पैनी निगाह रखने का भी निर्देश दिया गया है। अजय कुमार, अनिल कुमार, विजय चौधरी, गोपाल कुमार, बसन्त साव, राजेन्द्र कुमार, संजू देवी, सुधा शर्मा, गायत्री देवी, अनिता देवी, किरण देवी, शोभा देवी समेत कई कर्मी मौजूद थे।

### बिरनी व भरकट्टा ओपी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**गिरिडीह/ बिरनी।** प्रखंड के बिरनी थाना और भरकट्टा ओपी पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार बिरनी और भरकट्टा ओपी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बिरनी के बरमसिया, बिराजपुर, डाबरसैनी, भरकट्टा ओपी के द्वारपहरी, पेशम, भरकट्टा, जुठाहआम, खुरजीओ में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आने जाने वाले मोटरसाइकिल समेत अन्य बड़ी गाड़ियों को भी चेक किया गया।

### घर-घर जाकर टीबी मरीजों की होगी खोज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा इसके अलावा 24 मार्च से 13 अप्रैल तक घर-घर जाकर टीबी के मरीजों की खोज की जाएगी. गुरुवार को जिला यक्ष्या पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश केसरी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी. डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि विश्व टीबी दिवस के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत घर-घर जाकर टीबी के मरीजों की खोज की जाएगी. वहीं लोगों को टीबी के प्रति जागरुक करने के लिया भी एक जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने बताया कि जिले में दिसंबह 2023 तक कुल 6343 टीबी के मरीज थे. टीबी के 90 प्रतिशत मरीज ठीक हो रहे है. इसके लिए स्कूलों में बच्चों के बीच एक प्रतियोजिता का आयोजित किया जाएगा और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों के बीच पेंपलेट भी बांटे जाएंगे. डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि जिले में कुल 26 जगह टीबी का इलाज हो रहा है.डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने को सबका योगदान जरूरी है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत सरिया प्रखंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

### चुनाव में मतदाता अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सरिया प्रखंड के बनखारो क्लस्टर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही स्थानीय महिलाओं द्वारा रंगोली भी बनाया गया, जिससे मतदाताओं को जागरूक किया जा सकें।

इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो।

यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### लॉटरी किंग समीर समेत चार के खिलाफ एफआईआर



**धनबाद।** अवैध लॉटरी के धंधे के खिलाफ जोड़ापोखर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. 200 , 100 और 50 रुपये के 336 किलो लॉटरी टिकट जब्त कर लॉटरी किंग समीर समेत 4 धंधेबाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. बरामद लॉटरी टिकटों का परचेजिंग वैल्यू लगभग 50 लाख रुपए है. यह जानकारी सिंदरी एसडीपीओ ने गुरुवार को जोड़ापोखर थाना में प्रेसवार्ता दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार की देर शाम बड़कीटांड़ स्थित जहांगीर नामक व्यक्ति के आवास में छापेमारी कर बोरों में भरकर रखे बड़े पैमाने पर अवैध लॉटरी टिकटों को जब्त किया. जांच में पता चला कि उक्त आवास को जामाडोबा का तनवीर और झरिया के समीर व सब्बीर ने अवैध लॉटरी टिकटों के भंडारण के लिए गोदाम के रूप में लिया था. समीर लॉटरी का मुख्य सरगना है. जांच-पड़ताल के बाद समीर, सब्बीर, जहांगीर व तनवीर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है.एसडीपीओ ने बताया कि चारों नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे. किसी भी हाल में अवैध लॉटरी का कारोबार चलने नहीं दिया जयेगा. प्रेस वार्ता में जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा के साथ अन्य पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद थे.

### लोकसभा चुनाव को लेकर हो रही वाहनों की सघन जांच



**बोकारो।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेकनाका लगाकर (आहरडीह मोड़ नावाडीह, आइएल थाना गोमिया, तिरबुल चौक कसमार, वन विभाग गेस्ट हाउस समीप पेटरवार, तरंगा चंद्रपुरा, मिर्धा पिंड्राजोरा चास, तेलमच्चो चास, बिरखम चंदनकियारी, बिरसा पुल चंदनकियारी, गायछांद जरीडीह) सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान प्रतिनियुक्त स्टैटिक निगरानी दल सभी छोटे बड़े वाहनों के साथ लग्जरी वाहनों की भी तलाशी कर रही है. मंगलवार को भी सभी चेकनाकों पर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया. मौके पर उपस्थित दंडाधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर एसएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस क्रम में दो पहिया, चार पहिया एवं छोटे बड़े वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है. वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की जा रही है, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों की हेराफेरी न हो सके. उल्लेखनीय हो कि, पिछले दिनों जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक करते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्टैटिक सर्विलांस टीम द्वारा वाहनों की जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया था. जिले में कुल 10 चेकनाका बनाया गया है. जिसमें नावाडीह प्रखंड में एक, गोमिया प्रखंड में एक, कसमार प्रखंड में एक, पेटरवार प्रखंड में एक, चंद्रपुरा प्रखंड में एक, चास प्रखंड में दो, जरीडीह प्रखंड में एक एवं चंदनकियारी प्रखंड में दो चेकनाका बनाया गया है। भी चेकनाका में प्रतिनियुक्त एसएस टीम द्वारा वाहन जांच किया जा रहा है।

### राजनीतिक या गैर राजनीतिक कार्यक्रम के लिए लेनी होगी अनुमति : उपायुक्त



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली त्यौहार को लेकर गुरुवार न्यू टाउन हॉल में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है। साथ ही पूरे धनबाद अनुमंडल में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू है। इसलिए कोई भी राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का अक्षरशः पालन करना भी अनिवार्य है। यदि आयोग के दिशा निर्देश का उल्लंघन होगा तो अनुमति लेने वाले पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। उपायुक्त ने कहा कि इसलिए किसी भी कार्यक्रम के आयोजक मॉडल कोड आफ कंडक्ट के सभी नियमों को अच्छे से पढ़ ले और उसका पालन सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन होने पर डीजे सप्लायर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की। वहीं शांति समिति की बैठक में विधि व्यवस्था पर उठाए मुद्दे पर उपायुक्त ने कहा कि धनबाद में प्रशासन का राज चलेगा, किसी अपराधी का नहीं। उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे निस्वार्थ और निष्पक्ष होकर अवैध शराब कारोबारियों की सूचना जिला प्रशासन को दे। ऐसी सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। स्ट्रीट लाइट की समस्या पर उपायुक्त ने नगर निगम को सभी हाई मास्ट लाइट को दुरुस्त करने और पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि होली के सथ-साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। उसका भी सभी को आदर करना है। किसी की धार्मिक भावना को आहत नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखना है। एसएसपी ने कहा कि त्यौहार के साथ चुनाव भी होने है। सभी को विशेष सतर्कता बरतनी है। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पर कठोर कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा। किसी की पैरवी नहीं सुनी जाएगी। एसएसपी ने लोगों से संदिग्ध आचरण वाले लोगों की सूचना देने की अपील की। कहा कि लोगों को एकता दिखानी है। किसी भी अपराधी को समाज में स्थान नहीं देना है। साथ ही कहा कि सभी थाना क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। जहां बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे वहां मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी। इसमें मुख्यतः जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को आइडेंटी कार्ड जारी करने, अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करने, लहरिया स्टाइल में मोटरसाइकिल चलाने वाले युवाओं पर कार्रवाई करने, नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने, सड़क पर वाहनों में बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करने, होली के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक उपलब्ध कराने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए।

मनुष्य को बहुत 'दूर' तक जाना पड़ता हैं केवल यह जानने के लिए 'नजदीक' कौन हैं : अज्ञात



# शब्द से लोक प्रसारक की नई शुरूआत

यू ट्यूब, इंस्टा, फेसबुक, एक्स जैसे लोकप्रिय आधुनिक सोशल मीडिया से लेकर खबरिया चैनलों के वर्चस्व के दौर में समाचार ही केंद्र में है और भारत में कभी सर्वाधिक पहुंच वाली रही आकाशवाणी के बाद दूरदर्शन को नियंत्रित करने वाली प्रसार भारती सर्वाधिक भाषाओं में समाचार बुलेटिनें प्रसारित करती रही है। 22 सितंबर, 1969 से प्रसारित आकाशवाणी से रोजाना दोपहर बाद पहले अंग्रेजी और फिर हिंदी में धीमी गति में समाचार प्रस्तुत किए जाते थे तब अनेक समाचार पत्र इस बुलेटिन को नोट करते थे और अपने अखबारों में छापते थे। इसी की शैली में प्रसार भारती ने बीते 13 मार्च को एक अनूठे प्लेटफॉर्म 'शब्द' की शुरूआत की जिसमें टेक्स्ट, ऑडियो ,फोटोऔर वीडियो फॉर्मेट में समाचार निःशुल्क मिल रहे हैं ।प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी का कहना है कि शब्द का मकसद समाचार संस्थानों को सटीक और सही समाचार उपलब्ध कराना है। अभी यह अंग्रेजी और हिंदी में ही शुरू हुआ है, लेकिन इसे धीरे-धीरे प्रमुख भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस अनूठे मंच की शुरूआत करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती की शब्द सेवा पचास श्रेणियों में समाचार कहानियां प्रदान करेगी। समाचार संगठनों को साफ और सटीक जानकारी दी जाएगी और उन्हें दूरदर्शन या आकाशवाणी का लोगो लगाने की जरूरत नहीं होगी। सोशल मीडिया और संचार क्रांति के दौर में आज ज्यादातर लोग पत्रकार जैसी भूमिकाएं निभा रहे हैं। लेकिन सोशल मीडिया या यूट्यूब जैसे मंचों पर उपलब्ध समाचार सेवाओं में खबरों की निष्पक्षता और सटीकता को लेकर निगरानी रखने वाली व्यवस्था खत्म हो गई है। इस वजह से कई बार झूठी या गलत सूचनाएं और समाचार प्रसारित-प्रकाशित होते रहे हैं। इसलिए अब सोशल मीडिया के मंचों को भी सरकारों से हिदायत दी जा रही है कि उनके मंचों के जरिये फेक न्यूज या गलत सूचनाएं प्रसारित न हों, इसके लिए चौकस निगरानी रखें। ऐसा नहीं कि सोशल मीडिया मंचों या संचार क्रांति के नए माध्यमों में सिर्फ गड़बड़ी फैलाने वाले लोग ही हैं। अच्छे मानस वाले लोग भी हैं, मीडिया के छोटे स्टार्टअप भी हैं। संसाधनों की कमी के चलते वे अपने प्रकाशनों या चैनलों में विविधरंगी और ज्यादा समाचार या कार्यक्रम नहीं पेश कर पाते। उनके लिए प्रसार भारती का शब्द मंच बेहद सहयोगी होगा। इससे खासकर उन छोटे समाचार संस्थानों को सहूलियत होगी, जिनके पास न तो बड़ा नेटवर्क है और न ही समाचार इकट्ठा करने के लिए पर्याप्त संसाधन। प्रसार भारती के पास देश भर में बारह सौ से ज्यादा संवाददाताओं का नेटवर्क है, जिसमें दूरदर्शन और आकाशवाणी-दोनों के संवाददाता शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में संवाददाताओं का नेटवर्क शायद ही किसी और मीडिया संस्थान के पास होगा। फिर इनकी कवरेज हिंदी और अंग्रेजी के साथ कई क्षेत्रीय भाषाओं में होती है। प्रसार भारती के पास ऑडियो, वीडियो, टेक्स्ट और फोटो रूप में सामग्री की भरमार है। अगर इनका ठीक से इस्तेमाल हुआ, तो निश्चित तौर पर इस नेटवर्क की कवरेज को मात दे पाना संभव नहीं होगा। प्रसार भारती पर प्रसारित होने वाले समाचारों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं। जब तक तथ्य जांच न लिए जाएं, तब तक समाचार का प्रसारण न हो। आशा है कि शब्द पर उपलब्ध सामग्री साफ और फेक न्यूज की गड़बड़ियों दूर होगी।

**सोशल मीडिया और संचार क्रांति के दौर में आज ज्यादातर लोग पत्रकार जैसी भूमिकाएं निभा रहे हैं। लेकिन सोशल मीडिया या यूट्यूब जैसे मंचों पर उपलब्ध समाचार सेवाओं में खबरों की निष्पक्षता और सटीकता को लेकर निगरानी रखने वाली व्यवस्था खत्म हो गई है। इस वजह से कई बार झूठी या गलत सूचनाएं और समाचार प्रसारित-प्रकाशित होते रहे हैं। इसलिए अब सोशल मीडिया के मंचों को भी सरकारों से हिदायत दी जा रही है कि उनके मंचों के जरिये फेक न्यूज या गलत सूचनाएं प्रसारित न हों, इसके लिए चौकस निगरानी रखें। ऐसा नहीं कि सोशल मीडिया मंचों या संचार क्रांति के नए माध्यमों में सिर्फ गड़बड़ी फैलाने वाले लोग ही हैं।**

विश्व जल दिवस पर विशेष

# पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव




योगेश कुमार गोयल

***प्रतिवर्ष*** 22 मार्च को दुनियाभर में लोगों में जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' की शुरूआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।' एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाय तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरुकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्त्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं। देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जायेगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जायेगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है। भारत में पानी की कमी का संकट लगातार किस कदर गहरा रहा है, इसका अनुमान सरकार द्वारा संसद में दी गई उस जानकारी से भी लगाया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2001 और 2011 में भारत में जल उपलब्धता प्रति व्यक्ति क्रमशः 1816 और 1545 घन मीटर थी, जो अब 1480 घन मीटर से भी कम रह जाने का अनुमान है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के मुताबिक भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन किये जाने का ही नतीजा है कि कई शहरों में भू-जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। नीति आयोग यह चेतावनी दे चुका है कि देश के 21 बड़े शहरों में भू-जल का स्तर आने वाले समय में शून्य तक पहुंच सकता है। जल संकट गहराने के पीछे नदियों तथा जलाशयों के सही रखरखाव का अभाव और उनका अतिक्रमण भी कुछ अहम कारणों में शामिल हैं। देश की अधिकांश आबादी दूषित पेयजल का सेवन करने पर विवश है। भू-जल बोर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1990 के बाद से भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है और यदि भू-जल स्तर इसी रफ्तार से घटता गया तो बहुत अधिक गहराई से जो पानी निकाला जायेगा, वह पीने लायक नहीं होगा क्योंकि उसमें आर्सेनिक तथा फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण बीमारियां बढ़ेंगी। देशभर में कृषि, उद्योग तथा दैनिक क्रियाकलापों की करीबन अस्सी फीसदी जरूरतें जमीन पर तथा उसके भीतर उपलब्ध पानी से ही पूरी की जाती हैं। बहरहाल, जल संकट से निजात पाने के लिए बेहद जरूरी है कि पानी के सीमित एवं समुचित उपयोग के लिए जागरुकता बढ़ाने पर जोर देते हुए लोगों में पानी बचाने की आदतें विकसित करने के प्रयास किये जाएं, साथ ही वर्षा जल का संचय किये जाने के भी हरसंभव प्रयास हों। वर्षा जल संचय के लिए नदियों और जलाशयों की हालत सुधारकर इनकी जल संग्रह क्षमता को बढ़ाना और भू-जल स्तर को बढ़ाने वाली जगहों को ठीक करना बेहद जरूरी है। भारत में पेयजल संकट के समाधान के लिए 'जल शक्ति मंत्रालय' का गठन किया गया, जिसके तहत सभी घरों में नलों से पानी उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंफ्रॉस्ट्रक्चर बनाने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन सवाल यही है कि अगर भू-जल का स्तर इसी तरह नीचे जाता रहा और पेजयल संकट ऐसे ही गहराता रहा तो इन नलों में पानी कहां से आयेगा और कैसे घर-घर तक पहुंचेगा? इसलिए बेहद जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व का अहसास कराया जाए और बताया जाय कि पानी के बिना जीवन की कल्पना ही संभव नहीं है।



## आपकी बात

### शांतिनिकेतन का प्रार्थना भवन



देवेश कु. घोष

***शांतिनिकेतन*** में अपने पिता द्वारा बनवाये प्रार्थना भवन में रवीन्द्रनाथ नियमित रूप से जाकर ध्यानावस्थित होते थे। गुरुदेव रवीन्द्र ठाकुर की आध्यात्मिक उपलब्धियां स्वानुभूति पर आधारित थी। प्रार्थना भवन धर्म, जाति, संप्रदाय, पूजा विधि के बंधनों से मुक्त था। यह प्रार्थना भवन केवल सभी धर्माभिलम्बियों के लिए ही नहीं बल्कि स्थानीय गरीब आदिवासियों के लिए भी खुला रहता था। यदि आराधना स्थल किसी देवता की मूर्ति, धार्मिक चिन्ह, नियत प्रार्थना की पंक्तियों द्वारा स्तुति से मुक्त हो तो ध्यानकर्ता आजाद महसूस करता है और अपने ढंग से, अपनी पसंद से ध्यान लगा सकता है। ध्यान के संबंध में सबसे अच्छी बात तो महर्षि अरविंद ने कही है कि जब मन यांत्रिक रूप से अपना काम बंद कर देता है तो नैसर्गिक अनुसंधान आरंभ हो जाता है। ध्यानावस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार के निर्देश बस आरंभिक पाठ जैसे होते हैं। मन को अपना निर्णय लेने, छोटी या बड़ी परिधि में दौड़ लगाने की स्वतन्त्रता मिलनी चाहिए । गुरुदेव रवीन्द्रनाथ का ध्यान लगाने का अपने अंदाज था। बोलपुर में अपने शांतिनिकेतन आवास के बरामदे से प्रतिदिन सूर्योदय और सूर्यास्त एक लंबे समय तक देखा करते थे । वे प्रकृति में साक्षात ईश्वर का अवलोकन करते थे। शांतिनिकेतन परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम गुरुदेव की उपस्थिति में एक समारोह के रूप में होती थे जिसमें पौधों को ईश्वर इंगित करते हुए गीत और नृत्य किये जाते थे। आज भी यह परंपरा शांतिनिकेतन में कायम है। रवीन्द्रनाथ नदी, पर्वत, जंगल, प्राकृतिक दृश्यों को ईश्वर मान कर खुली आँखों से ध्यान लगाते थे। ध्यान पूर्वार्जित संपत्ति है। इसका उपयोग करना चाहिए । ध्यान सभी सुप्त क्षमताओं को जगा देता है। इसकी प्रतिक्रिया व्यक्तित्व तथा वातावरण के साथ अनुकूलता बना देती है। अपने ग्रंथि आक्रांत अशुद्ध मन के कारण हम ध्यान के वास्तविक स्वरूप से अनभिज्ञ हैं। बिखरा मन एक प्रकार से विक्षिप्तता का परिचायक है। ध्यान बिखरने से रोकता है। किसी वस्तु पर ध्यान केन्द्रित करने पर मन शांत होता है और अंतरमुखता आती है। खुली आँखों द्वारा प्रकृति को निहारते समय मानो ध्यानावस्थित होकर रवि ठाकुर लिखते हैं - मेरे अंग-अंग में रोमांच हो आया, आँखों में उन्माद छा गया, आज आकाश के तल में, जल-स्थल में, फूल-फूल में तूने मेरे मन का सिंचन कैसे कर दिया ? यदि अन्तर्मन शुद्ध हो तो खुली आँखों से ध्यान लगाने की अनुभूति निराली है और ऐसे साधक के लिए तब आध्यात्मिक प्रशिक्षण की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है । मन से बड़ा गुरु कोई नहीं होता है । यदि मन को कामना रहित ईश प्रार्थना से शुद्ध कर लिया जाए तो अपने आप आध्यात्मिक पथ पर बढ़ने का उचित मार्गदर्शन स्वतः प्राप्त होने लगता है। उच्च कोटि के साधक और प्रामाणिक ध्यान प्रशिक्षक कहते हैं की मन की शुचिता हो तो दिन प्रतिदिन के क्रियाकलापों में भी घड़ी घड़ी आदेश प्राप्त होता रहता है। कालांतर में जब साधक परमानंद से तृप्त हो जाता है तो गुरुदेव के शब्दों में कह डालता है - मेरा जीवन पात्र लबालब भरा है, मैं तुझे अर्पित हूँ । कौन से दिव्य रस का पान करना चाहता है ? हे मेरे देवता ! मेरे जीवन पात्र को फिर से भर । गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के अनुभूतिपरक ध्यान विवेचना अद्वितीय है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

त्योहार

# होली दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व



ललित गर्ग

***होली*** एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं।

**हंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है।**



बोधि वृक्ष

## दुनिया का इकलौता ब्रह्मा मंदिर

**श्री पंचकुंड शिव मंदिर**
पंचकुंड शिव मंदिर को पांडवों ने बनवाया था। शहर के पूर्वी किनारे पर स्थित यह मंदिर सरोवर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां शिवरात्रि पर भक्तों की भीड़ लगती है।


**रंग जी मंदिर**
भगवान विष्णु का अवतार रंग जी को माना जाता है। मूल रूप से दक्षिण भारतीय शैली का यह मंदिर राजपूत और मुगल शैली का भी मिश्रण है। हजारों तीर्थ यात्री व पर्यटकों के लिए यह मंदिर आस्था और आकर्षण का केंद्र है।

**अटभटेश्वर महादेव मंदिर**
इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में किया गया था। यहा एक भूमिगत तहखाना भी है। जटिल हेमाडपंथी वास्तुकला शैली की नक्काशी इस मंदिर को भव्य बनाती है। शिवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।




**मान महल**
आमेर (जयपुर) के महाराजा मानसिंह प्रथम ने इस महल को बनवाया था। यह महल पुष्कर झील के पूर्वी भाग पर स्थित है। इसके किनारे सरोवर झील और चारों तरफ मंदिरों का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है। वर्तमान में इस महल में सरोवर नाम से एक होटल संचालित किया जा रहा है। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# श्रीराम मंदिर से बढ़ती समृद्धि और समरसता



श्याम जाजू

***पांच*** सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद हुए श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण ने न केवल भारतीय समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक आधारशिला को मजबूत किया है बल्कि उसकी प्राण प्रतिष्ठा ने सम्पूर्ण देश में अभूतपूर्व समृद्धि और समरसता का मार्ग प्रशस्त किया है। आज पुर्ननिर्मित भव्य राम मंदिर न केवल धार्मिक या ऐतिहासिक संदर्भ में महत्वपूर्ण बन गया है, बल्कि यह समृद्धि, समरसता, और एकता के प्रतीक के रूप में भी स्थापित हो गया है। राम मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया में समाज के सभी लोगों की भागीदारी ने एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता की उसी मूल भावना का संवर्धन किया है जो प्रभु श्रीराम ने अहिल्या उद्धार तथा शबरी व निषादराज से प्रेम और मित्रता कर जगाई थी। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण का संदेश स्वयं के जीवन से दिया। उसी भावना से मंदिर के पूजन में इस्तेमाल हुए देश भर की हजारों पवित्र नदियों के जल व पावन तीर्थों की रज (मिट्टी) ने सम्पूर्ण भारत को भावनात्मक रूप से एकाकार कर दिया। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक पवित्र नदियों और पोखरों के जल तथा हर धर्म, संस्कृति, विचारधारा स्वरूप से जुड़े स्थलों जैसे संत रविदास के काशी स्थित जन्मस्थली, सीतामढ़ी के महर्षि वाल्मीकि आश्रम, विदर्भ के कचारगड, झारखंड के रामरेखाधाम, मध्य प्रदेश के टंट्या भील की पुण्य भूमि, अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब, बाबासाहेब आंबेडकर के जन्मस्थान महू और दिल्ली के जैन लाल मंदिर आदि की मिट्टी मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा में प्रयुक्त हो देश में बढ़ती समरसता की नींव को मजबूत कर गई। राम मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक स्थल के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक समरस, सहिष्णु समाज की अवधारणा का प्रतीक भी बन गया है। सामाजिक समरसता के साथ श्रीराम मंदिर के निर्माण ने सामूहिक वैभव और आर्थिक सशक्तिकरण का वह मार्ग भी प्रशस्त किया है जो समाज के हर वर्ग, हर धर्म, जाति और सम्प्रदाय को समान रूप से लाभ पहुंचायेगा। सदियों से आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे क्षेत्रों का तो मानो काया पलट ही हो जायेगा जिसकी शुरूआत हो चुकी है। स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को एक नई गति मिलती दिख रही है जो देश के विकास में एक नई इबारत लिखेगा और भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य ने अपने लिए पहले से ही 2027 तक राज्य को 1 खरब (ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखता है जो अब राम मंदिर के प्रतिष्ठापन के बाद समय पूर्व ही साकार होता दिख रहा है। राम मंदिर के कपाट खुलने के बाद से ही उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर (यूपी टूरिज्म) में बूम देखने को मिल रहा है। भारत के करीब 1।1 अरब हिंदुओं का प्रमुख तीर्थस्थल बना अयोध्या अब अभूतपूर्व आर्थिक उछाल देख रहा है।

## टेक वर्ल्ड

### घर बैठे जुड़वायें वोटर लिस्ट में नाम

जानें कैसे करें अप्लाई

- उसके बाद आधार नंबर, जन्म तारीख डालें और आधार कार्ड की फोटो और जन्म प्रमाण पत्र की फोटो अपलोड करें। लास्ट में कैप्चा कोड डालें और फॉर्म को सबमिट करें।

**अगर फॉर्म रिजेक्ट हो गया है तो नंबर पर मिलेगी जानकारी**
बता दें कि, फॉर्म सबमिट होने के बाद करीब 1 महीने के अंदर ही आपके घर पर वोटर कार्ड पहुंच जायेगा। दरअसल, फॉर्म सबमिट करने के बाद आपको रसीद के तौर पर एक नंबर मिलेगा। जिसकी मदद से आप एक हफ्ते बाद कभी भी अपने वोटर फॉर्म की स्थिति चेक कर सकेंगे। अगर आपका फॉर्म रिजेक्ट होता है तो भी इसकी जानकारी इसी नंबर से मिल जायेगी। **(समाप्त)**



**सुकून भरी नींद लेने के लिए, यह Air Purifier होगा सबसे बेस्ट ऑप्शन**
अगर आप चैन की नींद सोना चाहते हैं तो हम आपके लिए लेकर आए कुछ Air Purifier के ऑप्शन जो आपकी काफी मदद करेंगे। एयर क्वालिटी को साफ करने का स्थिति में ये आपके लिए सबसे बेस्ट साबित हो सकते हैं। तनाव और थकान भरी जीवन की व्यस्तता में नींद अक्सर पीछे छूट जाती है। लेकिन अच्छी सेहत के लिए नींद बहुत आवश्यक है। यह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शक्ति को भी प्रभावित करती है। वर्ल्ड स्लीप डे हमें नींद के महत्व को याद दिलाता है, अच्छी नींद लेने की आदत और आराम एवं नींद में मदद करने वाले वातावरण के विकास की ओर प्रोत्साहित करता है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### तमिलनाडु की 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी अन्नाद्रमुक

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक लोकसभा चुनाव में राज्य की 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पलानीस्वामी ने गुरुवार को उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने पुडुचेरी लोकसभा सीट और कन्याकुमारी में विलावनकोड विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची के मुताबिक तमिलनाडु में एआईएडीएमके 18 सीटों पर अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी डीएमके से मुकाबला करेगी। पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की एकमात्र सीट के लिए पुडुचेरी इलैग्नार पसराय इलम्पेंगल पसराय के सचिव जी तमिलवेंदन को मैदान में उतारा है। पार्टी की महिला विंग की उप सचिव यू रानी को विलावनकोड विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है, जहां आम चुनाव के साथ उपचुनाव होगा।

### हिंगोली सहित मराठवाड़ा के कई जिलों में भूकंप के झटके

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली सहित मराठवाड़ा के कई जिलों में बुधवार को सुबह भूकंप के झटके लगे हैं। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 से 4.5 मापी गई है। इन झटकों से कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन लोगों में खलबली मच गई। हिंगोली जिला प्रशासन के अनुसार बुधवार को सुबह 06:00 बजे से 8:00 बजे के बीच मराठवाड़ा के हिंगोली, लातुर और परभणि जिलों में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। इस भूकंप को राष्ट्रीय भूकंप माप प्रणाली पर रिक्टर पैमाने पर 4.5 की तीव्रता के साथ दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र हिंगोली के उत्तरी भाग रामेश्वर टांड्या में 10 किलोमीटर गहराई में बताया गया है।

### 4 राज्यों के डीएम व एसपी पद पर तैनात गैरकैडर अफसरों का हुआ तबादला

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आज चार राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) जैसे नेतृत्व पदों पर तैनात गैरकैडर अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किया है। आयोग का कहना है कि यह उसकी मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आयोग के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।विंध्य के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और पूर्व मेयर सहित कई नेता भाजपा में शामिलभोपाल । मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विंध्य क्षेत्र में अपनी ताकत और बढ़ाने का अवसर मिला है। इस इलाके के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और पूर्व महापौर सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस व बसपा के कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आदि मौजूद थे।

# बदायूं हत्याकांड पर भारत को मिला इजरायल का साथ

- कहा- हम समझते हैं कितना दुख होता है



**एजेंसी। नई दिल्ली।** इजराइल ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में दो भाइयों की निर्मम हत्या के बारे में आई जानकारी से वह बहुत दुखी है। इजरायल ने इस घटना को 'दिल दहला देने वाला' बताया है।

13 और छह साल की उम्र के बच्चों की कथित तौर पर एक स्थानीय नाई ने काट कर हत्या कर दी, जब वे मंगलवार शाम को बदायूं की बाबा कॉलोनी में अपने घर की छत पर खेल रहे थे। भारत में इजराइल के डिप्टी अंबैसेडर ओहद नकाश कयनार ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बदायूं में आयुष और अहान की नृशंस हत्या के बारे में सामने आई जानकारी से हम बहुत दुखी हैं। हमास द्वारा इजरायली बच्चों के खिलाफ किए गए अपराधों पर ओहद नकाश कयनार ने कहा कि वे सभी बच्चों के लिए रोते हैं जैसे वे अपने बच्चों के लिए रोते हैं, चाहे दुनिया में कहीं भी इस तरह की घटना हो। इजरायली दूतावास के संदेश में कहा गया है, हमने दक्षिणी शहर में असहाय बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराध देखे हैं, हम अपने बच्चों की तरह ही सभी बच्चों के लिए रोते हैं। हत्या के दो घंटे बाद मुख्य आरोपी साजिद को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के

### बदायूं डबल मर्डर का दूसरा आरोपी जावेद गिरफ्तार

**एजेंसी। बदायूं।** यूपी के बदायूं में दो बच्चों के हत्याकांड में शामिल फरार चल रहे दूसरे आरोपी जावेद को पुलिस ने पकड़ लिया है। जावेद घटना के बाद अपना



मोबाइल बंद कर भाग निकला था। बरेली के सेटेलाईट बस स्टैंड पर उसने सरेंडर कर दिया। उसने एक वीडियो भी वायरल किया था। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बदायूं डबल मर्डर का दूसरा आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार किया गया है। वह आरोपी साजिद का भाई है। उसके ऊपर जो 25,000 रूपए का इनाम रखा गया था, उसके दबाव में बरेली की बारादरी थाने की सेटेलाइट पुलिस चौकी में उसने आत्मसमर्पण किया। उसे यहां लाया जा रहा है। उससे हत्याकांड के कारणों का पता लगाया जायेगा। पुलिस की कई टीमें उसके पीछे लगी हुई थीं। फिलहाल, बरेली पुलिस ने जावेद को बदायूं पुलिस के हवाले कर दिया है। बदायूं पुलिस उससे पूछताछ में जुट गई है।

### बेगूसराय के एचडीएफसी बैंक में 20 लाख की लूट

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को अपराधियों ने एचडीएफसी बैंक को निशाना बनाया और 20 लाख रुपए से अधिक की राशि लूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, शहर के हर हर महादेव चौक पर स्थित एचडीएफसी बैंक में पांच से छह की संख्या में ग्राहक के रूप में बदमाश पहुंचे। बैंक में घुसने के बाद हथियारबन्द अपराधी बैंक कर्मचारियों के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद हथियार के बल पर वहां रखे रुपए लेकर फरार हो गए। बैंक कर्मचारियों के मुताबिक, लुटेरे करीब 20 लाख रुपए से अधिक की राशि लूट ले गए हैं, हालांकि पूरी गिनती के बाद ही लूट की सही राशि का पता चल सकेगा।

### एक दिन पहले ही बिहार के मधुबनी से लौटे थे

# जयपुर में गैस लीक : एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले



**एजेंसी। जयपुर।** राजस्थान के जयपुर जिले के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर से पाइप के अचानक निकलने से लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में माता-पिता और तीन बच्चे हैं। पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के बाद जले हुए शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

घटना विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव की है। जहां सुबह करीब साढ़े 07 बजे चाय-नाश्ता बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर से पाइप निकल जाने से लगी आग में राजेश (26), उसकी पत्नी रूबी (24), ईशु (7), दिलखुश (2) और खुशमानी (4) की मौत हो गई। यह परिवार बिहार के मधुबनी का था और यहां किराए पर रहता था। राजेश एक फैक्टरी में काम करता था। परिवार करीब 4-5 महीने से यहां रह रहा था। कुछ दिन छुट्टी पर बिहार गए हुए थे। कल शाम को ही वापस आए थे। आज सुबह हादसा हो गया। थानाधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आ रहा है कि गुरुवार सुबह जब बच्चों की मां रूबी चाय-नाश्ता बना रही थी तो इस दौरान गैस के पाइप से तेजी से गैस लीक होने के बाद पूरे कमरे में आग लग गई। वहीं पर राजेश भी मौजूद था। पहले तो वह घर से बाहर भागा लेकिन बाद में बच्चों और पत्नी को बचाने के लिए वापस अंदर चला गया था।

# आनंद शर्मा ने राहुल गांधी के 'जाति जनगणना' के बयान पर साधा निशाना

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने इसे 'इंदिरा और राजीव की विरासत का अनादर' बताया

**1980 में इंदिरा गांधी ने नारा दिया था 'ना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर'**

**राजीव ने कहा था, निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद को विषय बनाया जाएगा तो हमें समस्या होगी**

**एजेंसी। नई दिल्ली।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जाति जनगणना वाले बयान पर निशाना साधा है। आनंद शर्मा ने जो चिट्ठी के जरिए बम फोड़ा है, उसकी वजह से कांग्रेस की अंदरुनी कलह अब सामने आ गई है। आनंद शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। आनंद शर्मा ने जाति आधारित जनगणना पर केंद्रित पार्टी के चुनाव अभियान पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करना बताया है।"आनंद शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के समावेशी और सर्वव्यापी दृष्टिकोण को याद करते हुए, इंदिरा और राजीव गांधी के लोकप्रिय नारों का हवाला दिया और कहा कि पार्टी का वर्तमान रुख पिछली कांग्रेस सरकारों की विचारों के साथ मेल नहीं खाता है और इसकी वजह से पार्टी के राजनीतिक विरोधियों को कीचड़ उछालने का मौका मिल जाएगा।शर्मा ने इंदिरा गांधी के 1980 के उस नारे को याद दिलाया, जब कहा जाता था, ना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।

उन्होंने आगे 1990 में लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राजीव गांधी के उस बयान का भी हवाला पत्र में दिया है, जहां पूर्व पीएम ने कहा था, "अगर हमारे देश में जातिवाद को स्थापित करने के लिए जाति को परिभाषित किया जाता है तो हमें समस्या है। अगर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद को एक विषय बनाया जाएगा तो हमें समस्या होगी। ऐसे में कांग्रेस खड़े होकर इस देश को विभाजित होते हुए नहीं देख सकती। "सीडब्ल्यूसी नेता ने पार्टी में समन्वय की कमी की ओर भी इशारा करते हुए कहा, परामर्श प्रक्रिया में जिला और प्रदेश कांग्रेस समितियों की भागीदारी से पार्टी के अंदर किसी बात पर सहमति बनाने में मदद मिलती।

आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर कांग्रेस के रुख पर आपत्ति जताकर अपनी ही पार्टी को परेशानी में डाल दिया है, क्योंकि कांग्रेस 2024 के चुनावों से पहले इसे रैली का मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी की 'जितनी आबादी, उतना हक' की चुनावी पिच को राजनीतिक पंडितों ने पहले ही नाकामयाब करार दिया और अब पार्टी के भीतर इसके विरोध में उठती आवाजों के साथ, राहुल का यह अभियान लड़खड़ा सकता है और इसकी वजह से पार्टी के लिए चुनाव में मुश्किल बढ़ सकती है।



**सच्चाई सामने आ रही है, कांग्रेस में ही एका नहीं है : भाजपा**

नई दिल्ली। जाति जनगणना के मसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा द्वारा लिखी गई चिट्ठी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि अब सच्चाई सामने आ रही है, कांग्रेस में ही इस मसले पर एका नहीं है और उनको इस पर जवाब देना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ही इस जाति जनगणना पर ऑन बोर्ड एक नहीं हैं और अब सच्चाई सामने

# कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना ने कांग्रेस छोड़ी



**एजेंसी। भोपाल।**

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के करीबी एक-एक कर पार्टी छोड़ रहे हैं। अब उनके सबसे करीबियों में से एक दीपक सक्सेना ने सभी पदों से इस्तीफा देने के साथ कांग्रेस छोड़ दी है। पूर्व प्रोटेम स्पीकर, पूर्व मंत्री और छिंदवाड़ा में कमलनाथ के सबसे करीबी दीपक सक्सेना ने इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा कमलनाथ को दो अलग-अलग खत लिखे हैं। उन्होंने व्यक्तिगत परेशानियों का जिक्र करते हुए लिखा है कि वे पार्टी की जवाबदारियों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं इसलिए कांग्रेस से त्यागपत्र दे रहे हैं, जिसे स्वीकार कर लिया जाए।

# लखनऊ में साइबर ठगों ने डॉक्टर से की 2 करोड़ की ठगी




**एजेंसी। लखनऊ ।** लखनऊ के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर से जालसाजों ने दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। इसके बाद डॉक्टर ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। डॉक्टर ने अपनी शिकायत में कहा, "मैं एक वेल्थ मैनेजमेंट फर्म के विज्ञापन देखकर इसका सदस्य बना। उन्होंने मुझसे पैसे जमा करने को कहा और बाद में बार-बार अपनी वेबसाइट पर मुनाफा दिखाया। अकाउंट फायदा दिखा रहा था। उन्होंने मुझसे और ज्यादा रुपये जमा करने के लिए कहा। जब यह रकम 2.27 करोड़ रुपये तक पहुंच गई तो मैंने रुपये निकाले के लिए कहा तो उन्होंने कमीशन के रूप में और रुपये जमा करने को कहा।" डॉक्टर ने आगे कहा, "जब उन्होंने कमीशन पर ज्यादा जोर दिया तो मैंने उनसे मेरे लाभ में से कटौती करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। धोखाधड़ी का अहसास होने पर मैंने शिकायत दर्ज कराई।" डॉक्टर ने नई दिल्ली में दिल्ली साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर पद्म श्री पुरस्कार विजेता हैं।

### मूसेवाला के पिता के के दावे पर स्वास्थ्य सचिव को नोटिस



**चंडीगढ़ ।** सिद्धू मूसेवाला के पिता द्वारा उनके दूसरे बच्चे के जन्म को लेकर 'उत्पीड़न' का आरोप लगाने के बाद पंजाब सरकार ने प्रधान स्वास्थ्य सचिव अजॉय शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सरकार ने सवाल उठाया है कि जांच से पहले मामला मुख्यमंत्री या स्वास्थ्य मंत्री के ध्यान में क्यों नहीं लाया गया। सरकार ने एक नोटिस में कहा, आपने इस मुद्दे को अपने प्रभारी मंत्री और माननीय मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए बिना और उनसे कोई आदेश लिए बिना इस मामले में कार्रवाई की।

# उम विद्यालयों में नामांकन लेने के आदेश के विरोध में विद्यार्थियों का प्रदर्शन

**एजेंसी। पटना ।** बिहार के कॉलेजो से 11वीं के छात्र-छात्राओं को 12वीं में इंटरस्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन लेने के निर्णय के विरोध में गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा सड़क पर उतर गए और जमकर हंगामा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जदयू और भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया। बाद में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आश्वासन के बाद छात्रों का गुस्सा शांत हुआ। दरअसल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अभिभावकों को डिग्री कॉलेज से



नामांकन स्थानांतरित करने को कहा है।

समिति ने कहा है कि सत्र 2023-25 के लिए इंटर कक्षा में राज्य के सभी डिग्री कॉलेजो के 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स 12वीं की पढ़ाई के लिए डिग्री कॉलेजों से स्थानांतरित कर इंटरस्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन लेंगे। सत्र 2024-25 में 12वीं कक्षा की पढ़ाई डिग्री कॉलेजों में नहीं होगी। इस आदेश के बाद छात्र भड़क गए हैं। गुरुवार को बड़ी संख्या में पटना के छात्र सड़कों पर उतर गए और इस आदेश का विरोध किया।

### 14 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं का कांग्रेस से मोहभंग हो रहा है। कई नेता बीजेपी का दामन थाम रहे हैं। मध्य प्रदेश में अब तक 14 हजार 700 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। ये जानकारी मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को दी। जब मीडिया ने उनसे सवाल किया, तो उन्होंने दो टूक कह दिया, "मध्य प्रदेश में अब तक 14 हजार 700 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। आज को मिलाकर 16,000 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में सम्मिलित हो चुके हैं, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल है।

### जम्मू-कश्मीर में रूटीन एक्सरसाइज के दौरान सीआरपीएफ जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में गुरुवार को रूटीन एक्सरसाइज के दौरान सीआरपीएफ का एक जवान बेहोश हो गया। बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि 162वीं बटालियन के श्रीजीत जे. कुपवाड़ा में जिला पुलिस लाइन में रूटीन एक्सरसाइज के दौरान बेहोश हो गए। सूत्रों ने कहा, ''सीआरपीएफ जवान को तत्काल शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।''

# लोकसभा चुनाव आते ही बिहार में आई बाहुबलियों की बहार

## जेल में सालों की सजा काट चुके लोग और उनके परिजन सियासी दलों की बने पसंद

**एजेंसी। पटना।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही बिहार में बाहुबलियों की बहार आ गई है। हाल के दिनों में देखा गया है कि कई दबंग, बाहुबली और जेल में सालों की सजा काट चुके नेता और उनके परिजन अब बिहार में सियासी दलों की पसंद बन रहे हैं। वैसे, बिहार के लिए यह कोई नई बात नहीं है। यहां दबंग और बाहुबलियों की राजनीति में पूछ होती रही है। एक बार फिर उनकी पूछ बढ़ गई है। बाहुबली के रूप में चर्चित पूर्व सांसद की पत्नी लवली आनंद ने अपने बेटे के साथ



हाल ही में राजद को छोड़कर जदयू की सदस्यता ग्रहण की थी।

लवली आनंद के शिवहर से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है। बिहार में आनंद मोहन के नाम कई अपराधिक मामले दर्ज हुए थे। आनंद मोहन हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे, लेकिन बिहार सरकार के कानून में परिवर्तन करने के बाद वे जेल से रिहा हो गए। बुधवार को दिल्ली में अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव भी इस चुनाव में कांग्रेस की जरूरत बन गए हैं।

पप्पू यादव भले पिछले कई वर्षों से राजनीति में सक्रिय रहे हों, लेकिन उनकी पुरानी छवि बाहुबली की रही है। उनपर हत्या, रंगदारी, अपहरण सहित कई मामले दर्ज हुए थे। यादव के पूर्णिया से चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। वहीं 17 साल जेल की सजा काटकर बाहर आए अशोक यादव के भी लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान में उतरने की बात सामने आई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**वृष :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्क :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ :** सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा।

**मीन :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।



# धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स आरसीबी के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आज

## आईपीएल आज से





**एजेंसी। चेन्नई**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की मौजूदगी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी हालांकि दोनों टीमों के सामने कई यक्षप्रश्न टूर्नामेंट से पहले ही खड़े हैं।

पांच बार की चैम्पियन पिछली विजेता चेन्नई की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर है। दूसरी ओर महिला प्रीमियर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने के बाद अब आरसीबी की पुरूष टीम भी इस कमी को पूरा करना चाहेगी। लेकिन दोनों टीमों के सामने कई अनुत्तरित प्रश्न हैं। चेन्नई की कमान 42 वर्ष के एम एस धोनी के पास है जो इस उम्र में भी सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से है।

क्रिकेट की गजब की समझ रखने वाला उनका दिमाग पहले की तरह ही चुस्त है लेकिन उम्र के साथ बतौर बल्लेबाज उनकी चपलता में कमी आई है। ऐसे में युवाओं पर प्रदर्शन की महती जिम्मेदारी होगी।

अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाहर डेवोन कोंवे की जगह न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने ली है। वहीं मध्यक्रम में उनके हमवतन डेरिल मिचेल होंगे। अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा रूतुराज गायकवाड़ पर मध्यक्रम में रन बनाने की जिम्मेदारी होगी।

गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए सर्वाधिक रन बनाए थे। चेन्नई की ताकत उसके हरफनमौला और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनेर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी।

सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंका के मथीषा पथिराना शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे जिन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी। डैथ ओवरों में चेन्नई को उनकी कमी खलेगी। आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी लेकिन मैक्सवेल के पास अनुभव है।

### सीएसके के नए कप्तान बने ऋतुराज गायकवाड़

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआत से एक दिन पहले अपना कप्तान बदल लिया है। टीम को 5 बार चैंपियन बना चुके एमएस धोनी ने कप्तानी 27 साल के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपने का फैसला लिया है। फ्रेंचाइजी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी दी।

### टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स :** गायकवाड़(कप्तान) महेंद्र सिंह धोनी (विकेट कीपर), मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाख, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीसे टॉपली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अलजारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।


### हर कोई केएल राहुल को मैदान पर देखने के लिए बेताब है : जस्टिन लैंगर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का कहना है कि हर कोई केएल राहुल को मैदान पर देखने के लिए बेताब है। राहुल ने वापसी के लिए बहुत मेहनत की है। एलएसजी कोच लैंगर ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन की शुरूआत से पहले आईपीएल में राहुल के अच्छे प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित किया। लैंगर ने कहा, "हर कोई केएल राहुल को देखने के लिए बेताब है। हम जानते हैं कि उन्होंने अपने सभी रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल को पूरा करने के लिए बहुत मेहनत की है। वह अभ्यास कर रहा है, वह बहुत सारी गेंदों को हिट कर रहा है। उम्मीद है कि वह तैयार है। कप्तान का हमारे साथ रहना अच्छा रहेगा। लैंगर ने कहा कि यदि टीम अच्छा प्रदर्शन करती है तो सभी को पुरस्कृत किया जाता है। इसलिए, केएल के दृष्टिकोण से, यदि वह लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करके आईपीएल जीतता है, इसका मतलब है कि उसने खुद अच्छा खेला और उसने बहुत अच्छी कप्तानी और बहुत अच्छी विकेटकीपिंग की। लैंगर ने कहा कि आईपीएल 2024 में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन उन्हें आगामी टी20 विश्व कप स्क्वॉड में जगह दिला सकता है।

### IPL 2024 का शेड्यूल

| मैच | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| CSK vs RCB | 22 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | चैन्नई |
| PBKS vs DC | 23 मार्च 2024 | दोपहर 2:30 बजे | मोहाली |
| KKR vs SRH | 23 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | कोलकाता |
| RR vs LSG | 24 मार्च 2024 | दोपहर 2:30 बजे | जयपुर |
| GT vs MI | 24 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | अहमदाबाद |
| RCB vs PBKS | 25 मार्च 20234 | शाम 6:30 बजे | बेंगलुरु |
| CSK vs GT | 26 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | चैन्नई |
| SRH vs MI | 27 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | हैदराबाद |
| RR vs DC | 28 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | जयपुर |
| RCB vs KKR | 29 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | बेंगलुरु |
| LSG vs PBKS | 30 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | लखनऊ |
| GT vs SRH | 31 मार्च 2024 | दोपहर 2:30 बजे | अहमदाबाद |
| DC vs CSK | 31 मार्च 2024 | शाम 6:30 बजे | विशाखापट्टनम |
| MI vs RR | 1 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | मुंबई |
| RCB vs LSG | 2 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | बेंगलुरु |
| DC vs KKR | 3 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | विशाखापट्टनम |
| GT vs PBKS | 4 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | अहमदाबाद |
| SRH vs CSK | 5 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | हैदराबाद |
| RR vs RCB | 6 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | जयपुर |
| MI vs DC | 7 अप्रैल 2024 | दोपहर 2:30 बजे | मुंबई |
| LSG vs GT | 7 अप्रैल 2024 | शाम 6:30 बजे | लखनऊ |

### 2024 के आईपीएल में कुछ नए खिलाड़ियों को भी मिलेगा मौका



अर्शिन कुलकर्णी 19 साल लखनऊ सुपर जाइंट्स।




कुमार कुशाग्र, 19 साल, दिल्ली कैपिटल्स।



समीर रिजव 20 साल, चेन्नई सुपर किंग्स




हर्षित राणा, 22 साल, कोलकाता नाइट राइडर्स।



नेहल वढेरा 23 साल मुंबई इंडियंस

### मोहाली में आईपीएल मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 2200 पुलिसकर्मियों की तैनाती



23 मार्च को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन मैच के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और कुल 2200 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। पंजाब किंग्स 23 मार्च को आईपीएल 2024 के दूसरे मैच के लिए दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। पंजाब के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने स्टेडियम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैच की सुरक्षा की निगरानी डीआइजी स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी। शुक्ला मैच की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए यहां आए थे।

### निजी कारणों से एडम जम्पा आईपीएल से हुए बाहर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम जम्पा ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल 2024 से नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियन न्यूजपेपर के अनुसार, एडम जम्पा इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करने वाले थे, लेकिन उन्होंने खेल से ब्रेक लेने का विकल्प चुना है। एजम जम्पा मिनी-ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स द्वारा खरीदे गए दो नए स्पिनरों में से एक थे। वो पहले राइजिंग पुणे सुपरजायंट (2016 और 2017 सीजन) और फिर 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेल चुके हैं। एडम जम्पा को आईपीएल 2023 की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। जम्पा ने आईपीएल 2023 में छह मैच खेले और आठ विकेट लिए।

## खबरें व्यापार जगत की

### लागत में कटौती करने के लिए बायजूस 200 ट्यूशन सेंटर बंद करेगा

**नई दिल्ली।** संकट में फंसी एडटेक कंपनी बायजू'स कथित तौर पर अपने नवीनतम लागत-कटौती कदम के तहत देशभर में अपने 300 केंद्रों में से लगभग 200 ऑफलाइन ट्यूशन केंद्रों को बंद करने की योजना बना रही है। कंपनी का इरादा अगले महीने से केंद्रों को छोड़ने का है। कंपनी ने यह फैसला फरवरी में 50 केंद्रों को बंद करने के बाद लिया है। कैपटेबल विकास की रिपोर्ट करने वाला पहला व्यक्ति था। बायजू'स के ट्यूशन सेंटर या बीटीसी को कंपनी के लिए प्राथमिक विकास इंजन के रूप में देखा जाता था, जो 2023 की शुरूआत तक कार्यक्षेत्र का विस्तार कर रहा था। बायजू'स ने पिछले हफ्ते अपने सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए बाध्य किया, क्योंकि इसने कई नकदी संकटों के बीच देशभर में कार्यालय स्थल छोड़ दिए। इसने अपने 300 ऑफलाइन ट्यूशन केंद्रों पर काम करने वालों पर रोक लगा दी। विकास से जुड़े करीबी लोगों ने आईएएनएस को बताया कि कंपनी ने पट्टे खत?म होने के कारण कार्यालय स्थल छोड़ दिया है, केवल बेंगलुरु स्थित मुख्यालय को अपने पास रखा है। कार्यालय छोड़ने का कदम बायजू'स के भारत के सीईओ अर्जुन मोहन के नकदी बचाने के प्रयास का हिस्सा था, क्योंकि राइट्स इश्यू से प्राप्त आय (लगभग 250-300 मिलियन डॉलर) चुनिंदा निवेशकों के साथ झगड़े के बीच फंसी हुई है। इस बीच, बायजू'स ने फरवरी महीने के लिए 20,000 से अधिक कर्मचारियों के लंबित वेतन का एक हिस्सा बांट दिया है। कंपनी ने कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा, हमने राइट्स इश्यू से बाहर प्राप्त होने वाली पूंजी की सीमा तक फरवरी तक का वेतन सभी को आंशिक रूप से देने की प्रक्रिया शुक्रवार को देर रात पूरी की। हमें उम्मीद है कि राइट्स इश्यू फंड उपलब्ध होने के बाद कंपनी शेष राशि का भुगतान जल्द ही करेगी।

### गर्मियों के लिए इस बार हर हफ्ते 24,275 उड़ानें : डीजीसीए

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को कहा कि 31 मार्च से शुरू होने वाले गर्मियों के मौसम के लिए भारतीय ऑपरेटर कुल 24,275 साप्ताहिक घरेलू उड़ानें संचालित करेंगे। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह प्रतिशत ज्यादा है। विमानन नियामक के अनुसार, मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम की तुलना में साप्ताहिक उड़ानों की संख्या में केवल 2.30 प्रतिशत की वृद्धि है, जिसमें ऑपरेटरों ने 23,732 उड़ानें संचालित की। डीजीसीए ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, फरवरी में हुई स्लॉट कॉन्फ्रेंस मीटिंग के बाद निर्धारित घरेलू एयरलाइनों के समर शेड्यूल 2024 (एसएस24) को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा, अंतिम स्लॉट की मंजूरी संबंधित हवाईअड्डा ऑपरेटरों से प्राप्त हो गई है। यह देखा गया है कि प्रति सप्ताह देश के 125 हवाई अड्डों से 24,275 उड़ानें संचालित होंगी। सर्दियों में 119 हवाई अड्डों से प्रति सप्ताह 23,732 उड़ानें थी।"

### पिछले दो चुनावी वर्षों में मकानों की बिक्री ने नए रिकॉर्ड बनाए

**नई दिल्ली।** एनारॉक डॉट ग्रुप का कहना है कि डेटा रुझानों से संकेत मिलता है कि पिछले दो चुनावी वर्षों 2014 और 2019 में मकानों की बिक्री ने नए रिकॉर्ड बनाए। रियलिटी क्षेत्र की कंपनी ने बताया कि 2014 में शीर्ष सात शहरों में बिक्री लगभग 3.45 लाख यूनिट तक पहुंच गई थी, जबकि नये लॉन्च लगभग 5.45 लाख यूनिट के साथ नये रिकॉर्ड पर थे। एनारॉक ने कहा कि इसी तरह, 2016 और 2019 के बीच आवासीय अचल संपत्ति बाजार में सुस्ती के बाद 2019 में मकानों की बिक्री लगभग 2.61 लाख इकाई तक बढ़ गई, जबकि नए लॉन्च लगभग 2.37 लाख इकाई पर रहे। पिछले दो चुनावी वर्षों के डेटा संकेत देते हैं कि आम चुनाव और मकानों की बिक्री में करीबी संबंध है। एनारॉक ने कहा कि 2016 और 2017 में पेश नोटबंदी, रेरा और जीएसटी जैसे प्रमुख संरचनात्मक सुधारों ने भारतीय रियल एस्टेट को अनियंत्रित बाजार से अधिक संगठित और विनियमित बाजार में बदल दिया।

### चौथी जीत से मैरी गोम्स की एकल बढ़त बरकरार

**चेन्नई।** वेलामल एआईसीएफ महिला ग्रांड मास्टर राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के पांच राउंड के बाद भारत की तीन बार की राष्ट्रीय चैम्पियन महिला ग्रांड मास्टर मैरी एन गोम्स नें एक और जीत दर्ज करते हुए अपनी एकल बढ़त को और मजबूत कर दिया है । पांचवें राउंड में मैरी नें हमवतन रिंधिया वी को पराजित किया , रिंधिया के लिए टूनामेंट में चौथी हार रही जबकि मैरी के लिए यह उनकी चौथी जीत साबित हुई । सफेद मोहरो से खेल रही मैरी नें इंग्लिश ओपनिंग में 32 चालों में आक्रामक जीत दर्ज की । पांचवें राउंड में दो और मैच के परिणाम निकले , इटली की सेदिना एलेना नें भारत की एम महालक्ष्मी को सफेद मोहरो से कारो कान ओपनिंग में 56 चालों तक चले मुकाबले में पराजित किया।

### जूनियर भारतीय महिला हॉकी के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की छह खिलाड़ी लेंगी भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साई सेंटर बेंगलुरु में तीन अप्रैल से 16 मई तक आयोजित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की 06 महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। इन खिलाड़ियों में नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर, निशा मिंज और संजना होरो शामिल हैं। वर्तमान समय में नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर और निशा मिंज झारखंड सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर, रांची की कैडेट हैं। नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान खूंटी जिला की रहने वाली हैं। इन पांच खिलाड़ियों के अलावा झारखंड की एक और खिलाड़ी खूंटी जिला की संजना होरो को भी इस कैंप के लिए आमंत्रित किया गया है, जो वर्तमान समय में साई सेंटर, कोलकाता में प्रशिक्षण लेती हैं। इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कैंप में शामिल होने के लिए हॉकी इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को पत्राचार के माध्यम से सूचित किया है। चयनित खिलाड़ियों को दो अप्रैल को कैंप में उपस्थित होने की जानकारी दी है। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह के साथ-साथ खेल विभाग के अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### पाकिस्तानी महिला क्रिकेटर जावेरिया खान ने लिया संन्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान की अनुभवी बल्लेबाज जावेरिया खान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, जिससे उनका 15 साल लंबा करियर खत्म हो जाएगा। जावरिया ने 6 मई, 2008 को श्रीलंका के कुरुनेगला में महिला एशिया कप मैच में श्रीलंका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया और 2009 में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 डेब्यू किया।

उन्होंने 228 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया और 4,903 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 25 अर्धशतक शामिल थे। जबकि, अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से 28 विकेट भी हासिल किए।

जावेरिया ने कहा, मैं अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करना चाहती हूं। मैं लीग क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहूंगी। मैं अपने पूरे करियर में मिले अटूट समर्थन के लिए आभारी हूं। मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड समेत सभी समर्थकों को हर कदम पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जिनकी सराहना मेरे अंदर सर्वश्रेष्ठ लाने में सहायक रही। मुझे पाकिस्तान का झंडा थामने का सौभाग्य मिला है, ये मेरे लिए सबसे खास है।



35 वर्षीय पाकिस्तान महिला टीम के लिए वनडे और टी20 में दूसरे प्रमुख रन स्कोरर के रूप में सेवानिवृत्त हुईं और साथी बल्लेबाज बिस्माह मारूफ के अलावा पाकिस्तान की एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने प्रत्येक प्रारूप में 2,000 से अधिक रन बनाए हैं।

जावेरिया ने चार वनडे विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) में और सभी आठ टी20 वर्ल्ड कप (2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2018, 2020 और 2023) में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। वह पाकिस्तान महिला टीम की उस टीम का भी हिस्सा थीं, जिसने चीन और दक्षिण कोरिया में आयोजित 2010 और 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 में पाकिस्तान महिला टीम की कप्तानी भी की। 16 टी20 में से, उन्होंने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दो संस्करणों (2018 और 2020) में टीम की कप्तानी की। कराची में जन्मी 35 वषीर्या खिलाड़ी ने पिछले साल अगस्त में लाहौर में आयोजित पीसीबी लेवल 2 क्रिकेट कोच कोर्स में भी भाग लिया था। पीसीबी महिला क्रिकेट प्रमुख तानिया मलिक ने कहा, पीसीबी और सभी क्रिकेट प्रशंसकों की ओर से, मैं पाकिस्तान में महिला क्रिकेट में उनके अमूल्य योगदान के लिए जावेरिया खान का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। बल्ले के साथ उनके शानदार रिकॉर्ड किसी पहचान के मोहताज नहीं और मुझे विश्वास है कि उनका शानदार करियर कई लड़कियों को प्रेरित करेगा। देश को न केवल इस खेल को अपनाना है बल्कि कई वर्षों तक इसमें उत्कृष्टता भी हासिल करनी है। हम उनकी अथक प्रतिबद्धता के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करते हैं।

# पति के राजनीतिक विरासत पर अधिकार के लिए दो सियासी परिवारों की बहूओं का बगावत

**उपेंद्र गुप्ता रांची । आज से लगभग 42 साल पहले 28 मार्च 1982 को देश की सबसे बड़ी सियासी परिवार यानि नेहरू-गांधी परिवार की छोटी बहू मेनका गांधी ने परिवार और पार्टी से बगावत किया था। तब मेनका गांधी अपने स्वर्गीय पति की विरासत पर अधिकार चाहती थी, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी मेनका के बजाय अपने बेटे राजीव गांधी को राजनीति में आगे बढ़ाने का मन बना लिया था। राजनीतिक विरासत के अधिकार को लेकर नेहरू-गांधी परिवार में एक बहू ने घर की लक्ष्मण रेखा को लांघ कर अलग मुकाम हासिल किया। ऐसी ही घटना झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार अर्थात सोरेन परिवार में भी 19 मार्च 2024 को घटित हुआ, जब शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन अपने स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन के विरासत पर अधिकार नहीं मिलने पर परिवार और पार्टी से अलग हो गई है। नेहरू-गांधी और सोरेन की बहूओं में समानता लगभग क जैसी है, समय का अंतर बहुत बड़ा है, लेकिन मेनका और सीता दोनों की कहानी लगभग एक जैसी है, दोनों अपने पति के विरासत पर अधिकार चाहती थी और दोनों ने अलग होकर भाजपा का दामन थामा है।**



## इंदिरा गांधी के वास्तविक उत्तराधिकारी थे संजय गांधी

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सही मायने में उत्तराधिकारी ही नहीं एकमात्र विकल्प भी थे संजय गांधी। उस समय संजय गांधी कांग्रेस के पोस्टर ब्यॉय तो थे, इंदिरा गांधी के सरकारी कार्यों में उनका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से हस्तक्षेप होता था। सभी महत्वपूर्ण फैसलों में उनके सहमति होती थी, 1977 में करारी हार के बाद 1980 में कांग्रेस की दमदार वापसी भी संजय गांधी के अथक मेहनत और प्रयासों से ही संभव हुआ था, तब संजय गांधी ने एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस को काफी मजबूत किया था। इस दौर में राजीव गांधी राजनीति से काफी दूर थे और पायलट की नौकरी करते थे।

## बेटियों ने बनाया पिता के नाम संगठन

2021 में सामने तब आया जब सीता सोरेन की बेटियों ने अपने पिता दुर्गा सोरेन के नाम पर एक संगठन बना लिया। लेकिन बगावत की नौबत तब आयी, जब 31 जनवरी को 2024 को हेमंत सोरेन को इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। तब उनकी जगह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का नाम सीएम के तौर पर उछला, सीता ने इसका कड़ा विरोध किया,तब चंपई सोरेन सीएम बने। सीता को भरोसा मिला कि उन्हें मंत्री बनाया जाएगा, लेकिन छोटे देवर बसंत सोरेन को मंत्री बना दिया गया। विवाद अभी तक दबा था, लेकिन जैसे ही हेमंत की पत्नी कल्पना को गिरिडीह में जोरदार तरीके से राजनीति में लांच कराया गया, संथाल में सभा कराया गया और मुंबई में इंडिया गठबंधन की रैली में कल्पना को संबोधन करने का मौका दिया गया, सीता का ज्वार फुट पड़ा। दो-तीन के भीतर ही बगावती तेवर के साथ भाजपा का दामन थाम लिया।

## सीता सोरेन को भी नहीं मिली पति की विरासत



मेनका गांधी की तरह ही शिबू सोरेन की बड़ी बहू को भी अपने पति की राजनीतिक विरासत नहीं मिली। एक बात मेनका से थोड़ा अलग रहा कि शिबू सोरेन ने बड़ी बहू को विधायक बनने का मौका दिया, पार्टी का महासचिव पद दिया, लेकिन बहू सीता पूरा अधिकार चाहती थी। 21 मई 2009 को दुर्गा सोरेन के निधन के बाद सीता सोरेन और हेमंत सोरेन दोनों राजनीति में आए। 2009 के विधानसभा चुनाव में सीता सोरेन जामा विधानसभा से जीते, तो हेमंत दुमका से जीते। फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में उपमुख्यमंत्री बनें और मुंडा की सरकार गिरा कर खुद मुख्यमंत्री बन गए। 2019 में दोबारा कांग्रेस-राजद के साथ गठबंधन बना कर बहुमत हासिल किया और मुख्यमंत्री बने। इस दौरान हेमंत लगातार आगे बढ़ते रहे और सीता पीछे छूटती गई। इस काल में घर में विवाद तो था ही, लेकिन दबा हुआ था।

## पति के नाम से बनायी संगठन

गांधी परिवार से अलग होने के बाद मेनका ने अपने पति के नाम से राष्ट्रीय संजय मंच बनायी और 1984 में अमेठी से लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा, लेकिन हार गई, 1989 में जनता दल के टिकट पर पीलीभीत से पहली बार जीत कर सांसद बनी,1996 और 1998 में चुनाव जीती, 2004 में अपने बेटे वरूण के साथ भाजपा में शामिल हो गई, 2004 में पीलीभीत से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीती, जबकि 2014 और 2019 में बेटे वरूण गांधी के साथ भाजपा की टिकट से चुनाव जीत गई।

## राजीव गांधी का राजनीति में पदार्पण

लेकिन 23 जून 1980 को एक विमान दुर्घटना में संजय गांधी के निधन से कांग्रेस ही नहीं, पूरे देश की राजनीतिक समीकरण को बदल दिया । संजय निधन के बाद इंदिरा गांधी ने अपने पायलट बेटे राजीव गांधी को राजनीति के मैदान में उतार दिया, जबकि मेनका खुद अपने पति के उत्तराधिकारी के रूप में राजनीति में उतरना चाहती थी, लेकिन इंदिरा ने साफ मना कर दिया, झगड़ा यहीं से शुरू हुआ, अगले दो साल में विरासत को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि मेनका ने 28 मार्च 1982 को गांधी परिवार से अलग हो गई।

## उपेक्षा से नाराजगी कल्पना से चिढ़

हेमंत के सीएम बनने के बाद शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन चाहती थी कि उनकी बड़ी बेटी जयश्री सोरेन को राजनीति में प्रमोट किया जाए, दुमका से झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ाया जाए, लेकिन सोरेन परिवार में सीता सोरेन की इस मांग को खास तव्वजों नहीं दी गई, तो दूसरी तरफ हेमंत जेल से ही अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को राजनीति में आगे करने में जुट गए। इससे सीता सोरेन की धैर्य और उम्मीदें पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने परिवार और पार्टी की चिंता करे : शिवपूजन पाठक



झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर भाजपा प्रवक्ता शिवपूजन पाठक ने पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो को अपने परिवार और पार्टी की चिंता करनी चाहिए। सीता सोरेन अब भाजपा में है और भाजपा की कार्यकर्ता हैं। भाजपा में सभी कार्यकर्ता का सम्मान होता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक होते हैं, पार्टी सभी कार्यकताओं की चिंता करती है और ख्याल रखती है, किसी दूसरे दल को भाजपा कार्यकर्ता की चिंता नहीं करनी की जरूरत पड़ी है। झामुमो का दिया बयान पूरी तरह हताशा और निराशा भरा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सीता सोरेन जब पार्टी में शामिल हुई है, तो पार्टी निश्चित रूप से उनकी भूमिका भी तय की होगी, इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा तंज कसते हुए कहा कि झामुमो को अब सीता सोरेन की नहीं कल्पना सोरेन की चिंता करनी चाहिए।

## मेनका गांधी की तरह सीता सोरेन का भी होगा हश्र : सुप्रियो भट्टाचार्य



सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने तीखा वार तो नहीं किया, लेकिन बेहद सधा हुई प्रतिक्रिया देते कहा कि परिवार और पार्टी के मुख्यधारा छोड़ने के बाद थोड़ी देर के लिए आकर्षण जरूर होता है, लेकिन दीर्घकालीन हश्र काफी खराब होता है। झामुमो प्रवक्ता ने मेनका गांधी का उदाहरण देते कहा कि मेनका गांधी अपने बेटे के साथ भाजपा में गए थे, लेकिन आज भाजपा में हाशिए में हैं। दोनों मां बेटे को टिकट के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। सुप्रियों ने कहा कि सीता सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने का कोई असर नहीं होगा, दिशोम गुरू जहां भी रहेंगे, झामुमो के समर्पित कार्यकर्ता वहीं रहेंगे।

# बेड़ो प्रवि के प्रधानाध्यापक अनुपस्थित मिले, डीसी ने दिया कार्रवाई का आदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने जिले में मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा क्षेत्र लोहरदगा के राजकीय कृत मध्य विद्यालय, जरिया, बेड़ो-2, बूथ संख्या-225, 226 एवं राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो -1 बूथ संख्या-231, 232, 233 का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में रांची उपायुक्त ने राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो-1 के प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित पाए जाने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी कार्य दिवस पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक कुमार सुमन, रांची के विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल उरांव और बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज उपस्थित थे। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बूथों (मतदान केंद्रों) पर पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की सुनिश्चितता को लेकर सभी बूथों पर पहुंच कर मुआयना किया।

## हजारीबाग हादसे को लेकर सोरेन सरकार पर जमकर बरसे बाबूलाल

**रांची।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हजारीबाग में हुए सड़क हादसे को लेकर सोरेन सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अवैध बालू लदे ट्रक से हजारीबाग में छह बेटियां कुचल दी गईं, लेकिन ये कहेंगे झुकेगा नहीं। तुपुदाना में बीते दिनों बस की टक्कर हो गई, एक पत्रकार की पत्नी और बेटी की जान चली गई, ये कहेंगे झुकेगा नहीं। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि गौ तस्करों ने आदिवासी परिवार की दरोगा बिटिया को कुचल कर मार दिया। ये कहेंगे झुकेगा नहीं। आज बालू तस्करी से उगाही के लाखों रुपये तुपुदाना की घूसखोरी में जेल गई चार्जशीटेड थाना प्रभारी मीरा सिंह के एजेन्ट के यहां से मिलने की खबर आ रही है। ये साबित है कि अवैध धंधों का पैसा एजेन्टों के जरिए थानेदारों और बड़े अफसरों के जरिए सत्ताधारी नेताओं तक पहुंच रहा, लेकिन ये कहेंगे झुकेगा नहीं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नस करने की साजिश कर रही भाजपा : सोनल शांति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनल शांति ने भाजपा पर आरोप लगाया कि कांग्रेस को चुनाव से दूर करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नस करने की साजिश भाजपा कर रही है। भाजपा विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश में सारी संवैधानिक मयार्दाओं को लांघ चुकी है। प्रवक्ता सोनल शांति ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि विपक्षी नेताओं और दलों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। इसके लिए सारी संवैधानिक संस्थाओं ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग आदि का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक अकाउंट फ्रीज किया जाना पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा खाली मैदान में फुटबॉल खेलकर जीत दर्ज करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। देश की जनता को सच्चाई से अवगत कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## आर्थिक रूप से कांग्रेस को कमजोर बनाने का प्रयास कर रही भाजपा : गुंजन सिंह

**रांची।** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा आर्थिक रूप से कांग्रेस को कमजोर बनाने का सुनियोजित प्रयास कर रही है। पूरे देश की जनता से जुटाए गए पैसे को रोका जा रहा है और कांग्रेस पार्टी के खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। गुंजन सिंह ने गुरुवार को जारी बयान में इलेक्टोरल बॉन्ड पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ चुनावी बॉन्ड का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। चुनावी बॉन्ड से भाजपा को भारी और बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है, दूसरी तरफ कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमले हो रहे हैं। सिंह ने कहा कि हम सभी का मानना है कि यह अभूतपूर्व और अलोकतांत्रिक है। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिये। सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। सत्ता में बैठे लोगों का संसाधनों पर एकाधिकार नहीं होना चाहिए। भाजपा पार्टी ने चुनावी बॉन्ड के जरिए धन जुटाया, जबकि कांग्रेस पार्टी के खातों से लेनदेन पर रोक लगाकर हमारे लिए उसने चुनाव लड़ने में अड़चन पैदा की।

# पृष्ठ एक के शेष

**साजिशों के खिलाफ झारखंड को...**
उतारा। इस कड़ी में गांडेय विधानसभा क्षेत्र में भी कई योजनाएं उतरीं। जो काम 20 साल में नहीं हुआ, वह सिर्फ चार साल के हेमंत काल में हुआ. विपक्ष को यह रास नहीं आया और साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसाने का काम किया। जनता मजबूती से चुनाव में ऐसी ताकतों को सबक सिखायेगी।

**धनयडीह में कार्यकर्ताओं के साथ कई मुद्दों पर की चर्चा :** गिरिडीह प्रखंड के धनयडीह में झामुमो कार्यकताओं के साथ बैठक में कल्पना सोरेन ने उनसे कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान अपने संबोधन में कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने रोजगार, छात्र, युवा, महिला, बुजुर्ग समेत समाज के हर वर्ग के लिए विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा। उन्होंने कार्यकताओं का भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान किया। मौके पर राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, प्रो. जयप्रकाश वर्मा, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला सचिव महालाल सोरेन सहित प्रखंड पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष व सचिव समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**जेल में ही गुजरेगी...**
कारा में ही रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में हेमंत सोरेन की पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप की भी अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उसकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई। बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल में 8.50 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

**चुनावी बॉन्ड के सभी...**
इसी तरह, सुरक्षा कारणों से खरीदारों के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं... एसबीआई ने सभी विवरणों का खुलासा नहीं किया है और (पूर्ण खाता संख्या तथा केवाईसी विवरण के अलावा) कोई भी विवरण छिपाया नहीं गया है।'' एसबीआई ने बुधवार को चुनाव आयोग को दो सीलबंद लिफाफे सौंपे, जिसमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों और इन बॉन्ड को भुनाने वाले राजनीतिक दलों के बारे में सभी विवरण शामिल थे। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने 18 मार्च को एसबीआई को अल्फान्यूमेरिक कोड सहित चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरणों का पूरा खुलासा करने का आदेश दिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी.आर. गवई, जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे। संविधान पीठ ने एसबीआई को खुलासे में चयनात्मक नहीं होने के लिए कहा था। अदालत ने सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक से गुरुवार शाम पांच बजे तक फिर से एक हलफनामा दायर करने के लिए कहा था, जिसमें कहा गया हो कि उसने कोई विवरण नहीं छिपाया है।

**भाजपा जो कहती है वह...**
प्रभारी सोमेश सिंह, हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, डॉ. अजय जायसवाल, संतोष सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुसुम देवी, प्रदीप सिंह, ईश्वरी पांडे उपस्थित रहे।

# राज्य के नवनिर्माण में युवा आजसू की भूमिका अहम : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आज वक्त की मांग है कि युवा फिर से आगे आएं और राज्य के नवनिर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सुदेश कुमार महतो गुरुवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा सोच, युवा जोश के साथ युवा आजसू राज्य के नवनिर्माण में महती भूमिका निभाएगी। युवाओं के बीच से नेतृत्व तैयार करना युवा आजसू का उद्देश्य है। राज्य की दिशा और दशा तय करने की क्षमता युवाओं में है। इस दौरान उन्होंने युवा आजसू के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप भी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पार्टी द्वारा द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन करें। आपसी ताल-मेल और समझ के साथ काम करें और यह तय करें कि युवा आजसू राज्य के युवाओं की आवाज बने और उनके हक व अधिकार की लड़ाई में हमेशा साथ खड़ी रहे।



**इन्हें मिली जिम्मेदारी**

राज्य संयोजक - टिकैत महतो, अमित कुमार, हीरालाल महतो, दिलीप किस्कू, रविन्द्र ठाकुर, राजेश कुमार, महतो, डॉ. लाल मनीष नाथ शाहदेव, अमित महतो, गौतम सिंह एवं अब्दुल सहित अन्य।

## न्यूज बॉक्स

### हाई कोर्ट ने न्यूक्लियस मॉल मामले में यूनियन ऑफ इंडिया की याचिका को किया स्वीकृत



**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील (एलपीए) पर गुरुवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील को स्वीकृत कर लिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामला में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता सेना के अधिकारियों की याचिका को 5 अप्रैल 2023 को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी ने खंडपीठ में अपील दायर की थी। हाई कोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बन रही है वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा की दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया था कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है वह वर्ष 2022 की है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 की गाइडलाइन इसमें अप्लाई होती है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है। जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

### सीट शेयरिंग से पहले प्रेशर पॉलिटिक्स, मंत्री सत्यानंद ने खुद को घोषित किया उम्मीदवार

**पलामू ।** झारखंड में आइएनडीआई गठबंधन में सीट शेयरिंग नहीं हुई है। सीट बंटवारे से पहले ही राजद प्रेशर पॉलिटिक्स पर उतर गया है। उसने खुलकर चतरा और पलामू सीट पर अपना दावा ठोंक दिया है। राज्य सरकार के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता खुद को ही उम्मीदवार घोषित कर प्रचार में लग गए हैं। यह निर्णय कितना सही होगा, यह देखना दिलचस्प होगा। झारखंड में सीट शेयरिंग से पहले राष्ट्रीय जनता दल ने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता चतरा से और ममता भुइयां पलामू सीट से चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में एक सीट मिलने की चर्चा के बीच मंत्री सत्यानंद ने ऐसा किया है। प्रेशर बनाने के लिए अपनी उम्मीदवारी तय कर दी है। कयास यह लगाए जा रहे हैं कि झारखंड में इस बार 7-5-1-1 का फॉमूर्ला पर ही आइएनडीआईआए आगे बढ़ेगा। इसके अनुसार कांग्रेस 07 लोकसभा सीट, झारखंड मुक्ति मोर्चा 05 लोकसभा सीट, राजद 01 और सीपीआई माले को 01 लोकसभा सीट मिलेगा। जाहिर है कि राष्ट्रीय जनता दल को 2019 लोकसभा चुनाव की तरह ही इस बार पलामू लोकसभा या फिर उसके बदले में चतरा लोकसभा सीट मिलने की संभावना है।

### मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी महावीर रूंगटा की डिस्चार्ज पीटीशन पर सुनवाई छह को

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित महावीर प्रसाद रूंगटा की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी की विशेष अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने समय प्रदान करते हुए छह अप्रैल को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। महावीर प्रसाद रूंगटा रामगढ़ स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं। उन पर लोह अयस्क (आयरन ओर) की तस्करी करने, फर्जी चालान और ट्रांसपोर्टेशन कर 4.33 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। मामले में मेसर्स बालाजी तिरुपति और मेसर्स एपिकल एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक राकेश कुमार सिंघानिया भी आरोपित है। महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया के साथ उनकी कंपनियों के खिलाफ ईडी की ओर से दायर चार्जशीट पर संज्ञान लिया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में लोह आयरन की तस्करी मामले में सीबीआई ने इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में ईडी ने भी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। मामले में महावीर प्रसाद रूंगटा को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत पूर्व में मिल चुकी है।

### होली पर उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत नहीं हो : जेबीवीएनएल

**रांची।** राजधानी रांची में होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति हो, इसे लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) मुख्यालय ने निर्देश जारी किया है। जेबीवीएनएल ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी आपूर्ति कार्यालयों को आदेश दिया है कि राज्य में होली समेत गर्मी के दौरान बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत का सामना न करना पड़े। इसके लिए आपूर्ति कार्यालयों की ओर से सुनिश्चित कार्रवाई की जाए, जिससे समय-समय पर होने वाली लोड शेडिंग से लोगों को राहत मिल सकें। विशेषकर तकनीकी कारणों से होने वाली बिजली कटौती को रोकने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए आपूर्ति क्षेत्र में बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग से लेकर अन्य तकनीकी चीजों को दुरूस्त करने का आदेश दिया गया है। जेबीवीएनएल ने अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की है, जिससे क्षेत्रवार बिजली की समस्या का समाधान हो सके। वहीं, सभी सबस्टेशन में ट्रांसफॉर्मर फिलिंग करने जैसी तकनीकी चीजों पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। सभी लाइनों की समय-समय पर पेट्रोलिंग करने, ट्रांसफॉर्मर की जांच, बिजली तार सटने वाले इलाकों में पेड़ों की टहनियों की कटाई, ट्रांसफॉर्मर चिह्नित कर लोड बढ़ाने समेत अन्य तैयारियां की गई हैं।

**होली में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर निगम ने जारी किया निर्देश**

**क्षेत्रवार बिजली समस्या के समाधान को अधिकारियों की जवाबदेही तय**

### कोरोना काल में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले के आरोपियों की याचिका पर सुनवाई पूरी

**रांची।** कोरोना काल में राजधानी रांची में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले में आरोपित राजीव कुमार और मनीष कुमार सिन्हा की डिस्चार्ज पिटीशन पर साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले की विशेष अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई गुरुवार को पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत तीन अप्रैल को अपना फैसला सुनायेगी। आरोपितों ने देश में कोरोना की आपदा में इस दवा की झारखंड में व्यापक मांग को देखते हुए कालाबाजारी कर दवा की अधिक कीमत की वसूली की थी। फर्जी दस्तावेज और अनाधिकृत रूप से रेमडेसिविर इंजेक्शन की बिक्री इनके द्वारा की गई थी, जिस पर झारखंड हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया था। जांच के लिए तत्कालीन एडीजी अनिल पालटा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने जांच पूरी करते हुए अदालत में चार्जशीट दायर कर दी थी। मामले में आरोपित राजीव कुमार और मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ 26 जून 2021 को पहला आरोप पत्र एसआईटी ने दाखिल किया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## काशी में खेली गई विश्व प्रसिद्ध 'मसाने की होली'

**वाराणसी।** काशी के मणिकर्णिका घाट पर गुरुवार को अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां बड़े ही उत्साह के साथ जलती चिताओं के बीच चिता भस्म की होली खेली गई। मसाने की होली खेलने के लिए मणिकर्णिका घाट के महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। ऐसी मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ मणिकर्णिका के महाश्मशान में अपने गणों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। ऐसी होली पूरे विश्व में सिर्फ काशी में मनाई जाती है। चिता भस्म की होली शुरू करने से पहले बाबा मसान नाथ की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा हुई। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी इस उत्सव का जमकर लुफ्त उठाया।

## खराब मौसम के कारण पीएम मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा स्थगित



**नई दिल्ली।** खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा स्थगित कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पारो हवाई अड्डे पर चल रही खराब मौसम की स्थिति के कारण 21-22 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूटान की राजकीय यात्रा स्थगित करने का पारस्परिक निर्णय लिया गया है। दोनों पक्षों द्वारा राजनयिक चैनलों के माध्यम से नई तारीखों पर काम किया जा रहा है।

# ईडी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की

**एजेंसी। चेन्नई**

ईडी ने गुरुवार को एआईएडीएमके नेता और तमिलनाडु के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी. विजयभास्कर के परिसरों पर छापेमारी की। विजयभास्कर विरालीमलई विधानसभा सीट से विधायक भी हैं। यह छापेमारी तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के इलुप्पुर स्थित उनके आवास पर की गई। अधिकारी तीन गाड़ियों में पहुंचे। तलाशी के दौरान किसी को भी आवास से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। विजयभास्कर अन्नाद्रमुक सरकार के कार्यकाल के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य मंत्री थे। पुडुकोट्टई में अन्नाद्रमुक के सूत्रों ने बताया कि ईडी की कार्रवाई के समय विजयभास्कर आवास पर नहीं थे। आयकर विभाग ने कुछ महीने पहले चेन्नई में विजयभास्कर के आवास, पुदुक्कोट्टई जिले में स्टोन क्रशरों और खदानों और राज्य में उनके रिश्तेदारों की कई अन्य संपत्तियों पर छापे मारे थे।

### मंत्री अरूप के रिश्तेदारों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी 24 घंटे से जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बिजली और आवास मंत्री अरूप विस्वास के छोटे भाई स्वरूप बिस्वास के आवास पर आयकर अधिकारियों की मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान गुरुवार को भी जारी है। आयकर अधिकारी बुधवार सुबह दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज होने तक वहीं थे। सूत्रों ने बताया कि बुधवार सुबह से ही आयकर अधिकारियों की अलग-अलग टीमें बिस्वास के आवास सहित छह अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान में शामिल हैं। बिस्वास की पत्नी जुई बिस्वास के यहां भी आयकर विभाग ने छापेमारी की। इसी तरह के छापे और तलाशी अभियान बिस्वास के करीबी माने जाने वाले कुछ रियल एस्टेट संस्थाओं के कार्यालय पर भी चलाए गए। ऐसी दो संस्थाओं के नाम सामने आए हैं जिनमें ईडन रियल एस्टेट और मल्टीकॉन रियल एस्टेट शामिल हैं।

### गाजियाबाद में व्यापारी के घर और फैक्ट्री में आईटी रेड

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में इनकम टैक्स की टीम ने गुरुवार की सुबह एक व्यापारी के घर और फैक्ट्री पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि आईटी की कई टीम सुबह ही व्यापारी के घर और उनकी फैक्ट्री पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि पिछले साल अपना जन्मदिन प्राइवेट जेट के अंदर मनाने के बाद व्यापारी इनकम टैक्स की रडार पर आया था। फिलहाल, इनकम टैक्स की रेड चल रही है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के राजनगर इलाके में रहने वाले एक बड़े व्यापारी के घर और फैक्ट्री पर आईटी की रेड हुई।

# कांग्रेस का बैंक एकाउंट सीज, प्रचार के लिए पैसे नहीं, हो रही परेशानी : सोनिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी का कहना है कि इनकम टैक्स विभाग ने उस पर 210 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। कांग्रेस के बैंक अकाउंट के 285 करोड़ रुपए सीज कर लिए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने गुरुवार को इस पर अपनी आपत्ति दर्ज की। खरगे ने कहा कि कांग्रेस को असहाय बनाकर केंद्र सरकार फ्री और फेयर चुनाव की बात करती है। ऐसा नहीं हो सकता।

सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोगों से इकट्ठा किए गए फंड को फ्रीज कर दिया गया है। इस चुनौतिपूर्ण स्थिति में भी हम प्रभावशाली चुनाव प्रचार का प्रयास कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा पिछले एक महीने से हम अपने 285 करोड़ का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के पास अपने प्रचार पर खर्च करने के लिए फंड नहीं है। खाते सीज होने के कारण वह उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए फंड नहीं दे पा रही है। हमें विज्ञापन के स्लॉट बुक करने हैं। अखबारों, सोशल मीडिया पर विज्ञापन देने हैं, लेकिन हम वह सब नहीं कर पा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के खाते चुनाव के समय सीज किए गए हैं। उन्होंने इसे एक आपराधिक गतिविधि बताया। राहुल गांधी ने कहा कि हम चुनाव प्रचार पर पैसे खर्च नहीं कर पा रहे हैं। हमारे नेता यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। हवाई जहाज तो छोड़िए हमारे पास रेल यात्रा के लिए भी पैसे नहीं है। देश की 20 प्रतिशत जनता ने हमें वोट दिया है लेकिन हम किसी भी चीज पर 2 रुपए तक खर्च नहीं कर पा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इनकम टैक्स का एक्ट यह साफ कहता है कि ज्यादा से ज्यादा 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

### खरगे ने भाजपा के चुनावी बॉन्ड पर किया हमला, कांग्रेस के चंदे पर साधी चुप्पी



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। वहीं कांग्रेस को प्रतिनिधित्व प्रतिशत के मुकाबले बॉन्ड से मिले ज्यादा पैसे के सवाल पर उन्होंने जवाब नहीं दिया। मल्लिकार्जुन खरगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। देश का हर नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सुक है। किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है। सभी राजनीतिक दल के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो। ये नहीं कि जो सत्ता में है, संसाधनों पर उनकी मोनोपॉली हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। ये नहीं कि उनका मीडिया पर एकाधिकार हो। और ना ही सत्ताधारी दल का संवैधानिक तथा न्यायिक संस्था जैसे आईटी, ईडी, चुनाव आयोग पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष नियंत्रण हो। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद चुनावी बॉन्ड के बारे में जो तथ्य निकलकर सामने आए, वो चिंताजनक और शर्मनाक हैं। खरगे ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को गैरकानूनी और असंवैधानिक कहा है, उसी की मदद से मौजूदा सत्ताधारी दल ने हजारों करोड़ रुपए से ज्यादा अपने अकाउंट में भर लिया और दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है ताकि हम पैसे के अभाव से बराबरी से चुनाव न लड़ पाएं। उन्होंने कहा कि देश की जनता, एक आम नागरिक ये देख सकता है कि भाजपा ने चुनावी चंदा बॉन्ड से 56 फीसदी पैसे हथियाए हैं, वहीं कांग्रेस को मात्र 11 प्रतिशत ही मिले हैं। ये वो पैसे हैं जो बॉन्ड से भाजपा ने लिए हैं। आप इनके खर्चे देखें। हर तरफ इनका विज्ञापन लगा है। रोज अखबार, टीवी, रेडियो, इंटरनेट, करोड़ों रुपये की बड़ी-बड़ी रैलियां, रोड शो हो रहे हैं। ये पैसा आखिर कहां से आ रहा है।

### हार की हताशा में भारत के लोकतंत्र को कर रहे बदनाम : रविशंकर



भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेताओं द्वारा बैंक अकाउंट को फ्रिज करने के मामले में लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हार की हताशा में एक बहाना ढूंढा जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर दुनिया भर में भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने का भी आरोप लगाया। रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर तथ्यों को छुपाने और झूठ बोलने का आरोप लगाया। प्रसाद ने कहा कि यह मामला आयकर का है, इसलिए विभाग की तरफ से ही जवाब दिया जाएगा। कहा, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन-13 (ए) के अनुसार राजनीतिक दलों पर इनकम टैक्स नहीं लगता, लेकिन पार्टियों को रिटर्न हर साल फाइल करना पड़ता है, जिसमें बताना पड़ता है कि 20 हजार तक के उनके कितने डोनर्स हैं और उससे अधिक के कितने हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को विस्तार से बताते हुए कहा कि राहुल गांधी ने अदालत में अपील के रिजेक्ट वाली बात नहीं बताई।

**हमारे 55 फीदस सांसद तो 56 फीसद पैसे मिले, कांग्रेस के 9 फीसद सांसद तो कैसे मिले 14 फीसद पैसे** : संबित पात्रा ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर भी कांग्रेस से सवाल पूछा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि उसके मात्र 9 प्रतिशत सांसद होने के बावजूद उनकी पार्टी को 1,400 करोड़ रुपये के बॉन्ड किसने दिए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा के 303 सांसद हैं, जो 55 प्रतिशत हैं। वहीं, कांग्रेस के पास 48 यानी 9 प्रतिशत सांसद हैं। लेकिन, जहां भाजपा को लगभग 6 हजार करोड़ रुपये लगभग 56 फीसदी बॉन्ड के रूप में मिले हैं, वहीं, कांग्रेस को 1,400 करोड़ लगभग 14 फीसदी से अधिक रुपये बॉन्ड के रूप में मिले हैं। उन्होंने कांग्रेस से बॉन्ड देने वाले लोगों की सूची जारी करने की भी मांग की।

### पाक में आत्मघाती हमले में 2 जवान शहीद, 15 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार को एक आत्मघाती हमले में दो सैनिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुई जब कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के काफिले पर गोलीबारी की। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी के बाद आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक मारे गए। जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## दिल्ली के कबीर नगर में इमारत ढही, दो की मौत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तरपूर्वी दिल्ली के कबीर नगर इलाके में दो मंजिला इमारत ढह गई। जिसमें दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। इमारत का इस्तेमाल कपड़ा फैक्ट्री के रूप में किया जा रहा था। मृतकों की पहचान अरशद (30) और तौहीद (20) के रूप में हुई है। जबकि घायल रेहान (22) की हालत गंभीर बनी हुई है। रेहान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उत्तरपूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जॉय टिर्की ने कहा, रात 2:16 बजे वेलकम इलाके में कबीर नगर में एक दो मंजिला पुरानी इमारत ढहने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक लगाने की याचिका खारिज की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग में नई नियुक्तियों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के अनुसार केंद्र को पैनल में रिक्तियों को भरने से रोकने की मांग करने वाले आवेदनों पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद पीठ ने याचिकाएं खारिज कर दीं। पिछले हफ्ते केंद्र सरकार ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त करने की




अधिसूचना जारी की थी। यह फैसला लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे के कुछ दिनों बाद आया। चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय इस साल फरवरी में सेवानिवृत्त हो गए थे। संसद द्वारा पेश किए गए कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए कई जनहित याचिकाएं दायर की गईं थी। जिसमें कहा गया कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता (या सबसे बड़े विपक्षी दल) और पीएम द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। इससे पहले मार्च 2023 में संविधान पीठ के फैसले में कहा गया था कि नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई के पैनल की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जानी चाहिए।

### चीनी वीजा घोटाला मामला

## कार्ति चिदंबरम व अन्य के खिलाफ ईडी ने दायर की चार्जशीट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी वीजा घोटाला मामले में कार्ति पी. चिदंबरम और उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कर रमन के खिलाफ दिल्ली की विशेष पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दायर की। ईडी ने गुरुवार को बताया कि कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। कार्ति चिदंबरम के अलावा, एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य को भी मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

वित्तीय जांच एजेंसी ने आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी जांच से पता चला है कि तलवंडी साबो पावर लिमिटेड से चीनी वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी दिलाने के बदले कार्ति चिदंबरम को अपने करीबी



सहयोगी एस. भास्कर रमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत मिली थी।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "यह कंपनी पंजाब के मनसा में एक बिजली परियोजना स्थापित करने में शामिल थी। कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुनः उपयोग के लिए मंजूरी प्राप्त करने में सहायता के लिए कार्ति पी. चिदंबरम से संपर्क किया था। उस समय उनके पिता गृह मंत्री थे।"

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस सूचना ब्यूरो फैक्ट चेकिंग यूनिट बनाने पर रोक लगाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार के कामकाज से संबंधित फर्जी, झूठी या भ्रामक जानकारियों के प्रसार को रोकने के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के तहत फैक्ट चेकिंग यूनिट (एफसीयू) की स्थापना के लिए केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने बुधवार को सोशल मीडिया सहित दुष्प्रचार अभियानों की सक्रिय निगरानी, पता लगाने और उनका मुकाबला करके



फर्जी खबरों की चुनौती से निपटने के लिए पीआईबी एफसीयू को अधिसूचित किया था। सरकार ने कहा कि एफसीयू अपनी नीतियों, पहलों और योजनाओं पर गलत सूचना का मुकाबला या तो स्वतः संज्ञान से करेगा या व्हाट्सएप, ईमेल और एक्स सहित विभिन्न तरीकों से शिकायतों के माध्यम से करेगा। बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस ए.एस. चांदुरकर - टाई ब्रेकर जज - ने 11 मार्च को पारित एक आदेश में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस बयान का लाभ देने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि फैसला आने तक एफसीयू को अधिसूचित नहीं किया जाएगा। इससे पहले 31 जनवरी को हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित फैसला सुनाया था जिसके बाद टाई ब्रेकर जज की नियुक्ति की गई थी।

### कीव में रूसी मिसाइल हमले में आठ घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल के हमलों में कम से कम आठ लोग घायल हो गए। यूक्रेनफॉर्म की रिपोर्ट के अनुसार, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया, हमले में आठ लोग घायल हो गए। डॉक्टरों ने उन्हें मौके पर ही सहायता प्रदान की। कीव में कई विस्फोट हुए। कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने कहा कि हवाई रक्षा शहर और क्षेत्र में काम कर रही है। मिसाइल के टुकड़े कीव में सिवातोशिन्स्की जिले के एक किंडरगार्टन और पोडिल्स्की जिले में भी गिरे। उधर, शेवचेनकिव्स्की जिले में कारों में आग लगा दी गई। मिसाइल का मलबा गिरने से पोडिल्स्की जिले में एक ट्रांसफार्मर सब-स्टेशन और दो मंजिला गैर-आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली। पोडिलस्की जिले में एक आवासीय इमारत में आग लग गई। सिवातोशिन्स्की जिले में, विस्फोटों की लहर से नौ मंजिला दो इमारतों की खिड़कियां टूट, लेकिन कोई आग नहीं लगी।

## अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश को माना भारत का हिस्सा

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा के रूप में मान्यता देते हुए अमेरिका ने चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा की सीमा को बढ़ाने की दिशा में उठाए गए हर कदमों की आलोचना की है। यह टिप्पणी तब आई, जब बीजिंग ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य की हालिया यात्रा के बाद भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को स्वीकार नहीं करता है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम एलएसी पर नागरिक घुसपैठ या अतिक्रमण के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करते हैं। बीते दिनों भारतीय नेताओं की यात्राओं पर आपत्ति जताने के बाद चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि



वह पीएम मोदी की यात्रा की कड़ी निंदा करते हैं। भारत ने वेनबिन की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत ने कई मौकों पर अरुणाचल पर स्थिति से चीन को अवगत कराया है। नई दिल्ली ने अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों को आगे बढ़ाने के लिए बीजिंग पर हमला बोला और दोहराया कि पूर्वोत्तर राज्य हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बना रहेगा।